e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 279
गुरुवार
12.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

यदि आपका लक्ष्य सही है तो असफलतायें, आपको रोकने की बजाए आपको आगे बढ़ने का साहस देंगी !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सड़क पर खड़े ट्रक में गाड़ी की भयंकर टक्कर, 6 युवकों की मौत

**भिवानी :** भिवानी के बहल क्षेत्र के गांव सेरला के समीप सड़क हादसा हो गया। जिसमें चार युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो युवकों की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। हादसा कार और ट्रक की टक्कर से हुआ।मंगलवार देर रात को गाड़ी में सवार छह युवक गांव सेरला की तरफ आ रहे थे कि सड़क पर खड़े एक ट्रक से उनकी गाड़ी की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और इसमें सवार चार युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दो युवकों की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। हादसे में मृतक की पहचान ढाबढाणी निवासी 18 साल के रवि के रूप में हुई है।

### राजस्थान में अब 25 नवंबर को मतदान

**नई दिल्ली :** राजस्थान में विधानसभा चुनाव तारीखों में बदलाव हो गया है। राज्य में अब 23 नवंबर की जगह 25 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि चुनाव तारीखों के एलान के बाद कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने चुनाव की तारीख बदलने की अपील की थी, क्योंकि इस दिन बड़े पैमाने पर शादियां और सामाजिक कार्यक्रम हैं। इसे देखते हुए आयोग ने मतदान की तारीख को अब शनिवार 25 नवंबर कर दिया है।

### हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को नौ नवंबर को किया तलब

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के मुख्य सचिव को तलब किया है।स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई।अदालत ने राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिए जाने पर मुख्य सचिव को नौ नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है।इस मामले में न्याय मित्र राजीव रंजन मिश्रा ने अदालत को सुझाव दिया है कि राज्य सरकार वैसे ही मामलों में अपील या एसएलपी दाखिल करे, जिसके लिए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी जिम्मेदार होने चाहिए। अगर एसएलपी और अपील में सरकार के खिलाफ कोई आदेश पारित होता है, तो संबंधित अधिकारियों से उक्त मामले में वसूली की जाए।

### खूंटी जेल से जमानत पर छोड़े जायेंगे 50 विचाराधीन कैदी

**खूंटी :** खूंटी जेल में बंद सात वर्ष तक की सजा वाले अपराध में शामिल 50 विचाराधीन कैदियों को जल्द ही जमानत पर छोड़ा जाएगा। इसको लेकर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा विचाराधीन कैदियों से संबंधित यूटीआरसी की दूसरी बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया।मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश, उपयुक्त लोकेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार, कारा अधीक्षक, लोक अभियोजक, एलएडीसी के सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश ने की। इस संबंध में डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि खूंटी जेल में कैदियों की संख्या लगभग 600 है। इनमें 50 विचाराधीन कैदियों के बारे में विचार किया गया। ये सभी कैदी सात वर्ष तक की सजा वाले अपराध में शामिल है, जिसका विचारण तेजी से होगा और उन्हें सभी न्यायालय से जल्द ही जमानत पर छोड़ा जाएगा यूटीआरसी ने इसकी सिफारिश की है। अगर कोई विचाराधीन कैदी को अपने अधिवक्ता से कानूनी लाभ नहीं मिल पा रहा हो, तो वह उलएडीसी(डीएलएसए) के अधिवक्ता की मदद ले सकता है, जो निःशुल्क है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व राज्यपाल ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# राजकीय सम्मान के साथ कार्डिनल का हुआ अंतिम संस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासी समाज और झारखंड से एशिया के पहले आर्चबिशप कार्डिनल रहे तेलेस्फोर पी टोप्पो का बीते 4 अक्टूबर 2023 को मांडर स्थित उनके गांव में निधन हो गया था। वे लंबे समय से बीमार थे। जिसकी अंतिम संस्कार के लिए अंतिम यात्रा 10 अक्टूबर को मांडर से रांची संत मारिया गिरजाघर तक निकाली गई। इस दौरान करीब 33 किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनाकर अपने कार्डिनल को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं 11 अक्टूबर संत मारिया कैथेड्रल में अंतिम संस्कार किया गया।

बता दें की अंतिम संस्कार से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्डिनल के अंतिम संस्कार के पूर्व राजकीय सम्मान से कराने की घोषणा की थी। सरकार के घोषणा के बाद राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम संस्कार से पहले लोअर बाजार थाना क्षेत्र के लोयोला ग्राउंड में मिशा सभा का आयोजन किया गया। जहां हजारों के तादाद में ईसाई मिशनरी सहित अन्य धर्म के लोग भी जूटे थे। इधर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने डॉ. कामिल बुल्के पथ,रांची स्थित लोयोला मैदान पहुंचकर कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



#### देश-दुनिया के कई आर्चबिशप और बिशप हुए शामिल

बताया गया कि रांची और इसके आसपास सहित पूरे देश दुनिया से 30 बिशप, 500 फादर सहित रोम से नियुक्त किए गए वेटिकन एंबेसी के सदस्यों सहित देश दुनिया के कई आर्चबिशप और बिशप शामिल हुए। बताया गया कि कोलकाता के आर्चबिशप थॉमस डिसूजा,वेटिकन के राजदूत के प्रतिनिधि फादर विन जस्टिन किमटिंस,दिल्ली के बिशप दीपक वेलेरियन ताऊरो,पोर्ट ब्लेयर के बिशप विश्वासम सेल्वाराज, अगरतला के बिशप ल्यूमेन मोंटेरियो, रायगढ़ के बिशप पॉल टोप्पो, कटक-भुवनेश्वर के आर्चबिशप जॉन बरवा, पटना के आर्चबिशप सेबेस्टियन कलुपुरा, जसपुर के बिशप इमानुएल केरकेट्टा, रायपुर के आर्चबिशप विक्टर हेनरी ठाकुर, अंबिकापुर के बिशप अंटोनिस बाड़ा, अंबिकापुर के पूर्व बिशप पतरस मिंज, राउरकेला के बिशप किशोर कुमार कुजूर, दुमका के बिशप जूलियस मरांडी, तेजपुर के बिशप माइकल अकासियुस टोप्पो, भागलपुर के बिशप कुरियन वालिकंडाथिल, पूर्व बिशप जोसफ अगस्टीन, सिमडेगा के बिशप विंसेंट बरवा, हजारीबाग के बिशप आनंद जोजो, जलपाइगुड़ी से फादर संजीत डुंगडुंग, खूंटी बिशप विनय कंडुलना, जमशेदपुर के बिशप तेलेस्फोर बिलुंग, गुमला के अपोस्टोलिक एडमिनिस्ट्रेटर फादर लिनुस पिंगल व अन्य शामिल थे। वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, एसएसपी चंदन सिन्हा,डा प्रणव बाबू, मुजीब कुरैशी, इबरार,अजयनाथ शाहदेव, जितेंद्र गुप्ता, नौशाद खान,रतन तिर्की, राजकुमार नागवंशी सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल लोगों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी बुधवार को डॉ. कामिल बुल्के पथ स्थित संत मारिया गिरिजाघर पहुंचे। इसके बाद राज्यपाल कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# असामाजिक तत्वों पर रखें पैनी नजर : डीजीपी




### * दुर्गा पूजा, छठ व दीपावली को लेकर डीजीपी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पुलिस मुख्यालय राँची स्थित सभागार में महानिदेशक अजय कुमार सिंह के द्वारा प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक पलामू,सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक,वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची,जमशेदपुर,धनबाद तथा राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ आगामी त्योहार दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर की जाने वाली प्रशासनिक तैयारियां के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान जिलों में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु की गई तैयारियों, शांति समिति की बैठकों, साम्प्रदायिक सदभाव में खलल डालनेवाले असामाजिक तत्वों की पहचान एवं उनके विरुद्ध कार्रवाई, सीआरपीसी की धारा 107 के अन्तर्गत निरोधात्मक, वारंट का कार्यान्वयन के अतिरिक्त अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ,शराब,भूमि विवाद से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने अपने जिलों में त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था संधारण तथा की गई तैयारियों के लिए संबंधित एजेंडा बिंदुओं पर प्रस्तुति दी। बैठक में पुलिस महानिदेशक ने त्योहारों के अवसर पर शांति व्यवस्था कायम रखने तथा प्रत्येक जिले में नियंत्रण कक्ष में 24×7 पुलिस पदाधिकारी,बल की प्रतिनियुक्ति करने एवं प्रत्येक घटित घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों एवं महानिदेशक नियंत्रण कक्ष,पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची को देने का निर्देश दिया।संवेदनशील पूजा पंडालों में रौशनी की समुचित व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया निर्देश। उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को जिला के संवेदनशील जगहों को चिन्हित करते हुए वैसे स्थानों से लगातार सूचना संकलन करने, शांति समिति की बैठक करने एवं स्थानीय लोगों से लगातार सम्पर्क बनाये रखते हुए सघन गश्ती एवं चेकिंग करने का निर्देश दिया।बैठक में पुलिस महानिदेशक ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिशकरने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने, साथ ही त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया।

# पीएफआई के 12 ठिकानों पर एनआईए ने की छापेमारी




एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रतिबंधित आतंकी संगठन पीएफआई के खिलाफ एनआईए द्वारा बड़ी कार्रवाई की गयी है। यूपी, एमपी, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु में 12 से अधिक जगहों पर एनआईए की टीम ने एक साथ छापेमारी की है. बताया जा रहा है कि इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. पीएफआई को पिछले साल आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते बैन कर दिया गया था.

खबरों के मुताबिक राजस्थान के टोंक, कोटा, गंगापुर में भी एनआईए की टीम देर रात से दबिश दे रही है. एनआईए की टीम आज मुंबई में भी सर्च ऑपरेशन कर रही है. बुधवार सुबह एनआईए की टीम अब्दुल वाहिद शेफ के घर पहुंची लेकिन उन्होंने दरवाजा खोलने से मना कर दिया. अब्दुल वाहिद ने छापा मारने आए लोगों से पहले उनकी पहचान और नोटिस दिखाने को कहा. इसके बाद 11 बजे के बाद एनआईए की टीम ने सर्च वारंट मंगाकर दिखाया तो उन्होंने दरवाजा खोला और अब उनके घर पर सर्च जारी है.अब्दुल वाहिद शेख 7/11 मुंबई ट्रेन धमाकों के मामलों में आरोपी था लेकिन बाद में अदालत ने उसे बरी कर दिया था. दिल्ली हाई कोर्ट ट्रिब्यूनल ने केंद्र सरकार द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर भारत मे लगाए बैन के फैसले को बरकरार रखा था. गृह मंत्रालय ने 28 सितंबर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पीएफआई और उसके 8 सहयोगियों को 5 साल के लिए बैन कर दिया था. पीएफआई पर आरोप है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों से उसके संबंध रह हैं.

केंद्र ने पीएफआई और इसके सहयोगी या इससे संबद्ध संगठनों पर रोक लगा दी थी, जिसमें रेहाब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई), ऑल इंडिया इमाम्स काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यमून राइट्स ऑर्गनाइज़ेशन (एनसीएचआरओ), नेशनल वूमंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, इम्पावर इंडिया फाइंडेशन और रेहाब फाउंडेशन, केरल शामिल था.

### मारा गया पठानकोट हमले का मास्टरमाइंड आतंकी शाहिद लतीफ

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में भारत के एक और मोस्ट वांटेड आतंकी शाहिद लतीफ की हत्या कर दी गई.अज्ञात हमलावरों ने लतीफ की सियालकोट में गोली मारकर हत्या कर दी. लतीफ 2016 में पठान कोट एयर फोर्स स्टेशन पर हुए हमले का मास्टर माइंड था.वह स्टेशन पर हमला करने वाले चार आतंकियों को पाकिस्तान से बैठकर निर्देश दे रहा था. शाहिद लतीफ का जन्म सियालकोट में हुआ था.वह गुजरांवाला में रहता था. शाहिद आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख सदस्य था. वह सियालकोट में जैश का लॉन्चिंग कमांडर था. वह जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों को भारत की भारत में घुसपैठ कराता था और भारत में आतंकवादी हमलों की साजिश रचता था.शाहिद लतीफ को आतंकी गतिविधियों में 12 नवंबर 1994 को गिरफ्तार किया गया था. वह 16 साल भारत की जेलों में रहा. 2010 में उसे डिपोर्ट कर दिया गया था. इसके बाद लतीफ ने जैश में रहकर भारत में आतंकियों को भेजना शुरू कर दिया.

### राज्य सूचना आयोग के पूर्व आयुक्तों के भत्ते में 4200 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार ने झारखंड सूचना आयोग से रिटायर मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त को मिलने वाले भत्ते एवं सेवा शर्त में संशोधन किया है। केंद्रीय सूचना आयोग की तर्ज पर राज्य के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त को आवास के लिए 1500 रुपये का (टेलीफोन-मोबाइल) कॉल की सुविधा थी, उसे बढ़ाकर 4200 रुपये प्लस टैक्स प्रतिमाह किया गया है।इसमें अब ब्रॉडबैंड, इंटरनेट इत्यादि शब्द भी जोड़ दिए गये हैं। पहले ये शब्द नहीं थे।




# मोदी सरकार लॉन्च करेगी माई भारत प्लेटफॉर्म, कैबिनेट में हुआ फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुधवार को हुई. मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बुधवार को 'मेरा युवा भारत' (माई भारत) की स्थापना को मंजूरी दी. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, माई भारत प्लेटफॉर्म पर करोड़ो की तदाद में विदेश और देश से युवा इस पर जुड़ेंगे. ये भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का सपना साकार करेगा. इसके जरिए युवा अपनी आकांक्षा को पूरा कर पाएंगे. इसको 31 अक्टूबर को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा. इस दिन ही लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की



जयंती है.अनुराग ठाकुर ने कहा कि सबके लिए देश प्राथमिकता है. भारत के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए ही हम माई भारत प्लटेफॉर्म लेकर आए हैं. ये युवाओं की भागीदारी के लिए ही है।

**क्या निर्णय लिए गए ?:** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में तीनों खनिजों की रॉयल्टी दर को मंजूरी देने का फैसला किया गया. इनमें लिथियम और नियोबियम के लिए तीन-तीन प्रतिशत और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के लिए एक प्रतिशत की रॉयल्टी दर तय की गई है.मंत्रिमंडल के इस फैसले के बाद केंद्र सरकार देश में पहली बार लिथियम, नियोबियम और आरईई ब्लॉक की नीलामी कर सकेगी. मंत्रालय ने बयान में कहा,केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों- लिथियम, नियोबियम और आरईई के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है.



## मंत्री ने किया डंडा में 33 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के डंडा प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत 33/11 केवी के विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से संपूर्ण डंडा प्रखंड को निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि डंडा प्रखंड पहले बिजली के लिए दूसरे ग्रिड पर निर्भर था। जिससे पावर कट की समस्या बनी रहती थी। इस समस्या को देखते हुए 2/5 एमवीए क्षमता की 10 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाईन का डंडा ग्राम में विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यहां बी मोड़ ग्रिड से फरठिया शक्ति उपकेंद्र, फरठिया शक्ति उपकेंद्र से कुंडी शक्ति उपकेंद्र तथा कुंडी शक्ति उपकेंद्र से डंडा शक्ति उपकेंद्र को 33 केवी लाईन की आपूर्ति की जाएगी।इस ग्रिड के निर्माण से डंडा प्रखंड के तीनों पंचायत के सभी सात गावों की लगभत 22 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। अब संपूर्ण डंडा प्रखंड में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला का प्रत्येक गांव बिजली से रौशन होगा। सिंचाई,उद्योग आदि कार्यों में सुविधा होगी। सरकार जनता को 100 यूनिट बिजली फ्री दे रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा की आने वाले समय में गढ़वा सहित झारखंड संपूर्ण विकसित राज्य के रूप में प्रस्तुत होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने विकास के क्षेत्र में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने जनता को सिर्फ वोट का मशीन समझा। मंत्री ने कहा कि वे उच्च विद्यालय डंडा को प्लस टू करने के लिए प्रयासरत हैं। डंडा सहित संपूर्ण गढ़वा में शिक्षा का अलख जगेगा। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के गांव-गांव में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा पहुंचाने के लिए दृढ़ संकलित है।मुख्यमंत्री की यह सोच है कि जब तक प्रत्येक गांव, टोला विकसित नहीं होगा, सभी गरीब, गुरबों को हक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्या से विपक्षियों की नींद उड़ गई है।

## स्कूली बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला के विद्यालयों एवं महाविद्यालय में बुधवार को बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत गोविंद उच्च विद्यालय गढ़वा, बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा, राम साहू उच्च विद्यालय गढ़वा, सेंट मेरी पब्लिक स्कूल गढ़वा, आर पब्लिक स्कूल गढ़वा, गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय गढ़वा, वनांचल डेंटल कॉलेज गढ़वा, सूरत पांडे डिग्री कॉलेज, गढ़वा साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा डीएवी स्कूल फरठिया गढ़वा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अजय कुमार चौबे ने बच्चों से कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। आज के बच्चे कल के वोटर हैं। इसलिए बच्चों को अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। मतदान दिवस के दिन बच्चे अपने माता-पिता को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर निर्वाचन विभाग के मास्टर ट्रेनर दीपक सोनी एवं राकेश कुमार पाठक के द्वारा विभिन्न खेल माध्यमों से बच्चों को चुनाव से संबंधित जानकारी दी गई।मौके पर विद्यालय के नोडल अधिकारी वरुण कुमार चौबे एवं शंभू कुमार उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से ठेका मजदूर घायल,पुलिस ने ट्रक को किया जब्त



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला महिला मंडल के समीप एनएच - 39 पर एक कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से ठेका मजदूर रामलखन यादव( 48 ) के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है.जख्मी हालत में उसे आदित्य बिड़ला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया और ट्रैक को भी जब्त कर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार ग्रासिम फैक्टरी का ठेका मजदूर रामलखन यादव सुबह छह बजे से दो बजे तक ड्यूटी कर साईकल से अपने घर सिगसिगी पंचायत के लोहरदागा गांव जा रहा था। इसी बीच महिला मंडल मोड़ के समीप बालूमाथ से कोयले लेकर आ रही एक ट्रक की चपेट में वह आ गया.इस घटना में उसके दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। मौके पर उपस्थित लोगों एवं उसके साथ जा रहे अन्य ठेका मजदूरों ने उसे बगल के आदित्य बिड़ला चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद कंपनी की एम्बुलेंस से मेदिनीनगर बेहतर इलाज के लिए भेज दिया गया। उसके शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई है। घटना की सूचना पर हॉस्पिटल में घायल मजदूर के परिजन पहुंच गए हैं।थानाप्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि घायल मजदूर के बयान पर मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## सांसद ने किया सड़क व पुलों का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आज पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर एवं सदर प्रखंड मेदिनीनगर में माननीय सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम के द्वारा लगभग तीस करोड़ तेईस लाख रुपए की लागत से 5 सड़कों एवं 3 पुलों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। चैनपुर प्रखंड के सेमरा से ताली वाया सुकरी सड़क 8.130 किलोमीटर, चैनपुर से उलडंडा सड़क 11.186 किलोमीटर, हा॥ 75 पोलपोल से भोगू कैनाल तक 5.169 किलोमीटर, पोलपोल से कुंडेलवा तक सड़क 6.516 किलोमीटर, हिसरा पोखराहा से झाबर वाया हुटार तक 7.230 किलोमीटर एवं कुंडेलवा ओबरा नदी पर पुल निर्माण एवं बजराहा नाला पर दो पुल का निर्माण। उक्त सड़कों/पुलों के निर्माण होने से जनता को आवागमन में सुगम होगी। इस मौके पर सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने कहा कि सड़क के निर्माण से लोगों को बरसात के दिनों में होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिल जाएगी। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले वर्ष तक यह सड़कें बन कर तैयार हो जाएगी। मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को राज्य सरकार के द्वारा नहीं भेजे जाने के कारण सड़क निर्माण मे काफी परेशानी आ रही है। ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह एवं सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी की प्रशंसा की जिन्होंने सड़क निर्माण कार्य के लिए फंड की कमी नहीं होने दी।इस शिलान्यास समारोह में मुख्य रूप से जिला पार्षद प्रमोद सिंह, फैजल अहमद, राम करेश चौरसिया, विजय ओझा, अमलेश चौरसिया, भीष्म चौरसिया, सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, सुशिल सिंह, जवाहर चंद्रवंशी, रामकेश चौरसिया, ईश्वरी पांडेय, आनंद सिंह, भोला पांडे बसंत भैया मनीष पांडे चिंता देवी श्याम चरण पांडे रिंकू पासवान शाहिद काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल, 4 घंटे रहा सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना क्षेत्र के मसिहानी बाईपास हाईवे पर मंगलवार को करीब शाम 6 बजे लूना टीवीएस मोटरसाइकिल से सवार दो युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे घटनास्थलकारी एक की मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से घायल है जिसे छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन में विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल लूना सवार को टक्कर हो गई जिसमे ग्राम मशिहानी निवासी विनोद उरांव उम्र लगभग (42 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही दूसरा राजेंद्र चंद्रवंशी उम्र करीब (55 वर्ष) घायल हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मसीहानी बाईपास हाईवे और छतरपुर एन एच 98 सरेडीह मोड़ को जाम कर विरोध में टायर जलाकर मृतक के परिजनों को मुआवजे की मांग करने लगे, दोनों सड़को को लगभग 4 घंटे तक जाम कर दिया जिस कारण गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। वही दुर्घटना की सूचना मिलते ही छतरपुर थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। घटनास्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार और थाना प्रभारी शेखर कुमार ने मृतक के परिजनों आश्वासन दिया मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा के साथ सभी तरह की सरकारी लाभ दिया जाएगा। ग्रामीणों को समझा-बुझाकर कर थाना प्रभारी ने अपने सशस्त्र बल के सहयोग से जाम को हटाया जिससे आवागमन बहाल की गई। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया की हादसे हुए है जिसमे दोनो युवक नशे के हालात में थे मामले की छानबीन की जा रही है । लोगों को हाईवे सड़क पर संभाल के चलने की नसीहत दी अज्ञात वाहन जल्द ही पकड़ा ली जाएगी।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का नया शैक्षणिक सत्र शुरू



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का नया शैक्षणिक सत्र 2023 - 24 बुधवार से शुरू हो गया। इस अवसर पर नवागंतुक छात्र - छात्राओं के लिये अभिनन्दन सट वाइट कोट सेरीमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी,कुलपति डॉ. कल्याण कुमार व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विवेक कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि कॉलेज के अनुशासन में रहते हुए संस्कारपूर्ण शिक्षा ग्रहण कर चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास करें.डॉ कल्याण कुमार ने नए सत्र के छात्र -छात्राओं को कई टिप्स दिया। मौके पर डॉ पाण्डेय,रविभूषण प्रसाद,डॉ. सुहास तेतरवे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना परिसर में बुधवार को दुर्गा पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ सुरक्षा शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।मुख्य रूप से अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने की।इस दौरान थाना प्रभारी ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय। सभी दुर्गा पूजा पंडाल समिति को पंडाल के अंदर जनता की ओर प्रवेश द्वार निकास द्वार पर सीसीटीवी कैमरा लगाना आवश्यक है। साथ ही साथ टीवी मॉनिटरिंग स्क्रीन लगाते हुए दो पुलिस कर्मी को टीवी मॉनिटरिंग स्क्रीन देखने के लिए आवश्यक है। प्रत्येक पंडाल में प्रवेश एवं विकास द्वार अलग-अलग होना आवश्यक है। यदि पूजा पंडाल में जगह कम हो तो बैरिकेटिंग कर महिला एवं पुरुष का अलग-अलग प्रवेश निकास द्वारा होना आवश्यक है। प्रत्येक पंडाल समिति अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष को पीडब्ल्यूडी अग्निशमन विभाग एवं विद्युत आपूर्ति विभाग से उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं एवं फिटनेस प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है।पूजा पंडाल के कार्यकर्ता महिला पुरुष को थाना स्तर एवं एवं महासमिति के अध्यक्ष अध्यक्ष के हस्ताक्षर से विशिष्ट पास निर्गत किया जाएगा। इस दौरान मौके पर सभी पंचायत के दुर्गा पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांडी बस स्टैंड के समीप रॉयल फैशन का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांडी (गढ़वा) :** कांडी बाजार के बस स्टैंड के समीप बुधवार को रॉयल फैशन रेडीमेड गारमेंट्स का शुभारंभ प्रोपराइटर हसनैन आलम की मां हसबुन बीवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान केतार आफिया न्यू फैशन गारमेंट्स के प्रोपराइटर तौकीर अंसारी जोया फैंसी गारमेंट्स हैदर नगर के प्रोपराइटर खुर्शीद आलम, डॉ शमीम अंसारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रॉयल फैशन गारमेंट्स के प्रोपराइटर हसनैन आलम ने बताया कि मेरे यहां लेडीज,जेंट्स,किड्स वियर सहित अन्य सभी प्रकार के रेडीमेड ब्रांडेड कपड़े उचित दाम पर उपलब्ध हैं। साथ ही उपस्थित लोगों ने कहा कि कांडी बस स्टैंड के समीप आज के परिवेश में सभी तरह का ब्रांडेड कपड़ा उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता था परंतु उक्त गारमेंट्स खुल जाने से कपड़ा खरीदारी के लिए क्षेत्र के लोगों को और सहूलिया मिलेगा। इस मौके पर रविंदर यादव, जहिर अंसारी, हाफिज गुलाम अफजल, जहूर अंसारी, वकील अंसारी, उस्मान अंसारी, अनिल विश्वकर्मा, अजमेर अंसारी, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## दुर्गा पूजा में अश्लील गानों पर रहेगा प्रतिबंध : थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** थाना परिसर में दिन मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। शांति समिति की बैठक में सगमा बीडीओ सत्यम कुमार, धुरकी बीडीओ अरूण कुमार, धुरकी अंचला अधिकारी जुल्फिकार अंसारी के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में संबोधित करते हुए सगमा बीडीओ सत्यम कुमार ने कहा कि शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। और उन्होंने कहा कि आशा करता हूँ कि थाना क्षेत्र में शांति पूर्ण तरीके से मनाते आ रहे है उसी तरह इसी वर्ष भी शांति तरीके से मनाने का काम करे। यह भी कहा कि सभी पूजा कमिटी के सदस्य थाना में एक आवेदन दे और सभी कमिटियों अपने पंचायत की मुखिया को दस दस भुलेनठियर को आई कार्ड सत्यापन कर बनाने का काम करे। वही संबोधित करते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा कि थाना क्षेत्र के लोगो से कहा की दशहरा पर्व शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से शराब पर पाबंदी और अश्लील गाना डीजे पर बजाने पर पूरी तरह पाबंदी है। उन्होंने कहा कि नौवीं एवं विजयादशमी के दिन ज्यादा भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं दें। अगर कोई अफवाह फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। हुड़दंग करने वालों एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ऐसे लोगो को पुलिस जेल भेजने का काम करेगी।सभी पंडालों मे शॉट सर्किट पर विशेष ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के आधार कार्ड और सभी सदस्यों का नाम लिस्ट एक अवश्य देने का काम करे। इस मौके पर धुरकी एंव सगमा प्रखंड की सभी पंचायत की प्रतिनिधियो ने संबोधित किया। इस मौके पर धुरकी जीप सदस्य सुनीता कुमारी, सगमा पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव, धुरकी प्रखण्ड प्रमुख शांति देवी ,धुरकी मुखिया महबूब अंसारी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, कॉग्रेस नेता मोबिन अंसारी, दामोदर जयसवाल ,लक्ष्मण यादव, इंद्रमणि जयसवाल, सगमा मुखिया तेजलाल भुइयां, बिरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवहा, घघरी मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, कटहर मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम,विस सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी देवचंद यादव, योगेंद्र यादव, राहुल कुमार, ब्रमदेव कुमार,सहित धुरकी एंव सगमा प्रखण्ड की जन प्रतिनिधियों और पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को शांति और सद्भाव से संपन्न करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरा महिलाओं के लिए अलग रास्ता एवं पूजा समिति के सभी अध्यक्षों को पीडब्ल्यूडी, अग्निशामक एवं बिजली विभाग से उपयोगिता प्रमाण पत्र लेना होगा। उक्त बातें एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बुधवार को चैनपुर थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक में लोगों को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि सभी पूजा समिति को वालंटियर के रूप में अलग से व्यवस्था रखना होगा ताकि असामाजिक तत्वों पर ध्यान रखा जा सके तथा वालंटियर को आई कार्ड बनवा दे ताकि लोगों को पहचान में दिक्कत नहीं होगी । वाहनों के लिए पंडाल से दूर पार्किंग की भी व्यवस्था किया जाए उन्होंने कहा कि कई पूजा समिति रावण दहन करते हैं नया रावण दहन करने की परमिशन नहीं है रावण दहन के दौरान उक्त स्थान पर पानी व आग बुझाने की व्यवस्था के साथ-साथ बिजली विभाग से बोलकर बिजली कटवानी होगी ।उन्होंने कहा कि पलामू का एक मिसाल है जो सभी समुदाय के लोग एक दूसरे के पर्व में बढ़-कर कर हिस्सा लेते हैं और शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व को मानते हैं उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान कोई भी नया रास्ता को नहीं चुने पुराने रास्ते पर ही धार्मिक गाजे-बाजे के साथ मूर्ति का विसर्जन संध्या काल में ही कर दें । विसर्जन के दौरान कोई भी अप्रिय घटना घटती हैतो पूजा समिति के लोगों पर प्राथमिक दर्ज कर जेल भेजने का काम किया जाएगा। उन्होंने अपील किया है कि नशा के हालात में विसर्जन नहीं करें ऐसे भी 10:00 बजे रात्रि के बाद साउंड प्रतिबंध है ।थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने चैनपुर क्षेत्र से आए विभिन्न पूजा पंडाल के पदाधिकारी की समस्याओं से अवगत हुए एवं लोगों को कड़ा निर्देश दिया कि पूजा पंडाल या विसर्जन के दौरान कोई भी भड़काऊ गाना नहीं बजाएंगे शराब के नशे में जुलूस में शामिल नहीं होंगे तथा विसर्जन के दौरान रूट में आने वाले मस्जिदों के पास जुलूस को नहीं रोकेंगे कोई भी अप्रिय घटना हो तो वह स्वयं डिसीजन नहीं ले थाना को सूचना दे पुलिस पूजा कार्यक्रम के दौरान सजग रहेगी और गस्ती करेगी उन्होंने कहा कि चैनपुर क्षेत्र से 54 पूजा पंडाल का लिस्ट है सभी जगह गस्ती किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता को सीओ संजय कुमार बाखला एवं वीडियो गिरवर मींज ने किया मौके पर प्रमुख गायत्री देवी पूर्व प्रमुख विजय कुमार गुप्ता ,सलामुद्दीन खान ,अकबर कुरेशी, इस्तेखार खान, शैलु चंद्रवंशी ,नितेश कमलापुरी ,काशी प्रसाद ,मुखिया दिनेश राम,आले हसन, रूपेश कुमार ,राजन गुप्ता, लालजी चौधरी ,प्रदीप दुबे, लाल बहादुर चौधरी ,शिव यादव ,मोहम्मद फारूक सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति की किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** दुर्गापूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के गणमान्य नागरिकों से उनके क्षेत्र में हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं एवं किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए इसी प्रकार आगे भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े, यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो इसे जिला प्रशासन को साझा करें या स्थानीय प्रशासन अथवा थाना प्रभारी को सूचित करें जिससे समय रहते उन्हें रोका जा सके। किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में न लें। दुर्गा पूजा के तहत दशहरे को लेकर आयोजित उक्त जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा विभिन्न स्तर की तैयारी को लेकर उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति एवं शांति समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही कराया जाए एवं प्रत्येक पंडालों में महिला एवं पुरुषों के आवागमन हेतु अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया साइट पर भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट को नहीं करने की बात कही गई तथा विधिवत रूप से इसकी निगरानी करने को कहा। जिले के विभिन्न कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं नगर पंचायत को त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ से निबटने हेतु सुव्यवस्था कायम करने का निर्देश दिया गया। शहरों में एवं जिले के विभिन्न पूजा स्थलों पर साफ सफाई कराने, कूड़ेदान की व्यवस्था कराने, लाइटनिंग की व्यवस्था एवं खराब पड़े सभी लाइट्स की मरमती तथा ध्वनि प्रदूषण को निर्धारित करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिए गयें। इसी प्रकार मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को त्योहारों के दौरान बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही गई।

आदि कैलाश



जागेश्वर धाम




# उत्तराखण्ड को ₹ 4200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

## इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, खेल एवं पर्यटन, आपदा प्रबंधन, बागवानी से जुड़ी कुल 23 विकास परियोजनाओं का



उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रूप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृहद एवम् महत्वपूर्ण है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# लोकार्पण एवं शिलान्यास

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

## शिलान्यास

**₹ 2845 करोड़ की 13 परियोजनाएँ**

**किसानों की आय में होगी वृद्धि**

- 21398 पॉली-हाउस निर्माण की योजना
- उच्च घनत्व वाले सघन सेब बागानों की योजना

**इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास**

- राष्ट्रीय राजमार्गों पर 02 लेन एवं ढलान उपचार के 05 कार्य
- राज्य में 32 पुलों का निर्माण

**आपदा प्रबंधन को मजबूती**

- एसडीआरएफ के तहत अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और बचाव उपकरणों को मजबूत करना
- देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (SEOC) का अपग्रेडेशन
- बलियानाला, जनपद नैनीताल में भूस्खलन की रोकथाम हेतु उपचार

**शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विस्तार**

- 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में हॉस्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण
- सोमेश्वर, अल्मोडा में 100 बिस्तरों वाला उप जिला अस्पताल
- चंपावत में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल ब्लॉक का निर्माण
- रूद्रपुर में वेलो-ड्रोम निर्माण कार्य
- स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण

**चार धाम की भांति मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों का विकास**

- मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत जागेश्वर धाम, हाट कालिका एवं नैना देवी मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं का विकास

## गरिमामयी उपस्थिति

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**अजय भट्ट**
केंद्रीय राज्य मंत्री

**मंत्री, उत्तराखंड सरकार**

सतपाल महाराज
गणेश जोशी
प्रेमचंद अग्रवाल
सुबोध उनियाल
डॉ. धन सिंह रावत
रेखा आर्या
सौरभ बहुगुणा

**सांसद**

डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक'
अजय टम्टा
कल्पना सैनी
नरेश बंसल
रेखा वर्मा

12 अक्टूबर, 2023 (बृहस्पतिवार)
समय : अपराह्न 2:30 बजे

स्थान : श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, पिथौरागढ़

## लोकार्पण

**₹ 1349 करोड़ की 10 परियोजनाएँ**

**इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास**

- पीएमजीएसवाई के तहत 76 सड़कें
- पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 25 पुल
- 09 जिलों में 15 ब्लॉक कार्यालय भवन
- केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत 03 सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य
  - कौसानी - बागेश्वर रोड
  - धारी - डोबा - गिरेछिना रोड
  - नगला - किच्छा एस एच रोड डबल लेन
- राष्ट्रीय राजमार्गों को 2 लेन एवं सुदृढ़ीकरण करने का कार्य
  - एन एच 309 बी - अल्मोड़ा - पेट्सल - पनुआनौला - दन्या
  - एन एच - टनकपुर - चल्थी
- प्रदेश में 39 पुल एवं देहरादून में यूएसडीएमए भवन

**पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल और बिजली सुविधाओं की उपलब्धता**

- 38 ग्रामीण पंपिंग पेयजल योजनाएं और 03 ट्यूबवेल आधारित पेयजल योजनाएं
- 419 ग्रामीण ग्रेविटी पेयजल योजनाएं
- थरकोट, पिथौरागढ़ में कृत्रिम झील
- 132 केवी पिथौरागढ़-लोहाघाट-चंपावत ट्रांसमिशन लाइन

R.O. No- RO2023101119606














सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सूचना अधिकार अधिनियम कानून 2005 झारखंड में दम तोड़ती नज़र आ रही

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन सूचना अधिकार मंच,रांची के द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम कानून 2005 झारखंड में दम तोड़ती नज़र आ रही है।12 अक्टूबर 2005 को सूचना का अधिकार अधिनियम कानून लागू हुआ था। इस कानून को लागू हुऐ18वर्ष होने को हैं।अधिकतर राज्य में सरकार की लापरवाही के कारण कमजोर नजर सूचनाधिकार कानून ।जिसका उदाहरण झारखंड राज्य सरकार के नेतृत्व में बनाई गई सरकार का कार्यकाल लगभग 3 वर्ष से अधिक होने जा रहा है। परंतु सरकार ने बिना विपक्ष की सूचना आयोग की नियुक्ति करने की घोषणा की थी। परंतु मुख्यमंत्री ने अब तक सूचना आयोग की नियुक्ति नहीं की यह सिर्फ एक घोषणा बनकर रहे गया। सरकार सूचना का अधिकार कानून 05 को लेकर संवेदनशील/ जागरूक नजर नहीं आती। उसके कारण झारखंड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त का पद अब तक रिक्त (पढ़ा) खाली है। जिसकी वजह से द्वितीय अपील सुनवाई के लिए कई हज़ार आवेदन आयोग में पेंडिंग है। इसलिए जन सूचना अधिकार मंच,रांची के द्वारा सरकार को यह बताने का काम किया गया। सरकार की इस वजह से सरकारी पदाधिकारी के बीच में सूचना का अधिकार कानून के प्रति डर और भया नहीं हैं। मंच के माध्यम से सरकार को जागरूक किया गया।

## कर्रा थाना में लगाया गया फलदार पौधा

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर पर बुधवार को थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, अवर निरीक्षक रंजीत यादव एवं संजीव कुमार द्वारा कर्रा थाना परिसर पर नारियल, आम, लीची,चिकू, नींबू, अमरुद, अनार सैकड़ो पौधा लगाया गया इस अवसर पर अवसर पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा की कर्रा थाना परिसर पर पहले से ही सैकड़ो पेड लगे हुए. बरसों से हजारों देशी, विदेशी पक्षियों का बसेरा है कर्रा थाना परिसर पर पक्षी प्रेमियों के अलावे पक्षी शोधकर्ता थाना परिसर में आकर इन पक्षियों का गुनगान करते हैं. कर्रा थाना परिसर में पक्षियों का बसेरा होने का मुख्य कारण शांति माहौल के साथ निर्भाक होकर ये पक्षी रहते हैं. उन्होंने कहा हम लोग जो फलदार पौधा आज लगा रहे हैं उसका उपयोग किस क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा साथ ही पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पूरे देश के लोगों को अपने-अपने घर, आंगन के अलावे खेतो के मेड पर अधिक से अधिक पौधा लगाना अति आवश्यक है।

## फुटबॉल दुनिया के सबसे मनोरंजक खेलों मे से एक है : सन्नी टोप्पो

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यु यंग स्टार क्लब कंजिया के तत्वाधान मे पांच दिवसीय ईनामी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित हुए। फाइनल मैच सुमित ब्रदर्स रानी खंटगा बनाम प्रदीप ब्रदर्स मांडर के बीच खेला गया। सुमित ब्रदर्स रानी खंटगा ने प्रदीप ब्रदर्स मांडर को पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। सन्नी टोप्पो ने कहा कि फुटबॉल विश्व के सबसे मनोरंजक खेलों में से एक है। यह विभिन्न देशों में युवाओं के द्वारा पूरी रुचि के साथ खेला जाता है इसके दो बड़े पहलू हैं, एक स्वास्थ्य और अन्य दूसरा वित्तीय। यह एक व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है, क्योंकि यह खेल अच्छे कैरियर के साथ बहुत से स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी रखता है। पहले, यह पश्चिमी देशों में खेला जाता था हालांकि बाद में यह पूरे विश्व में फैल गया। किसी भी खेल को सीखना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए समर्पण और मेहनत की ज़रूरत है। खेलकुद हमारे दिमाग तथा शरीर को सक्रिय बनाये रखने तथा कई गंभीर बीमारियों से लड़ने में हमारी मदद करता है। मौके पर मांडर प्रमुख अमानत अंसारी, अभय खलखो, बेलस तिर्की, करमा उरांव, मनोज किसपोट्टा, पटेल उरांव, रिंकू कच्छप, मोहसिन खान, अयुब अंसारी, रमेश सिंह, हसमुद्दीन अंसारी, मोजिबुल अंसारी, शाहिद अंसारी, जुलफान अंसारी, आजाद अंसारी, रिजवान अंसारी, बबलु अंसारी, जमील अंसारी, साजीद अंसारी, हुसैन अंसारी, हसमुद्दीन अंसारी, इमरान अंसारी एवं न्यु यंग स्टार क्लब कंजिया के सभी सदस्यगण समेत हजारों की संख्या मे ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद थे।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने मांग पत्र दिया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चालू करने से पहले सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ग्रामीणों ने बीडीओ गौतम प्रसाद साहू को एक मांग पत्र देकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम करने की मांग की गई. ज्ञात हो कि इससे पहले इटकी प्रखंड के सभी छात्रों को नामकुम स्थित जामचूआ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भेजा जाता था. लेकिन मांडर विधान सभा क्षेत्र के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा विद्यालय का कई बार निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द प्रखंड के मोरो माकुंदा स्थित आवासीय विद्यालय को चालू करने को लेकर मांग की गई थी अतः 13 अक्टूबर से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय को पूर्ण रूप से चालू करने का विभाग के द्वारा हरी झंडी दे दी गई है. लेकिन ग्रामीणों का कहना है की सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम हो एव आवासीय विद्यालय को भय मुक्त करके ही चालू किया जाए. मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, उप प्रमुख परवेज़ राजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, मुखिया रीता देवी, राजकुमार महतो, सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे

## कांग्रेस पार्टी ने बूथ अध्यक्षों के साथ किया बैठक

**ओरमांझी :** बुधवार को प्रखंड के चकला मोड स्थित तुलसी खरवार के आवास में प्रखंड कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि अपने पंचायत में कमेटी गठन करे। इसके बाद तीन-तीन पंचायत करके जोन बनाया गया है। एक दिन में तीन पंचायत के पदाधिकारी की बैठक होगी। उस बैठक में बुथ स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने का काम करेंगे। बैठक में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक के सलाहकार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं नेता को एकजुट होकर गांव-गांव में जाकर नरेंद्र मोदी सरकार के भ्रष्ट नीतियों को एवं महंगाई, बेरोजगारी, तानाशाही जात-पात की लड़ाई दंगा फसाद कर रहे हैं। उनको उजागर करने की आवश्यकता है। और एक-एक व्यक्ति को बताने की जरूरत है। और कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को बताना है।राहुल गांधी हम सबों के नेता ने आम देश में आम जनों के लिए काम कर रहे हैं। नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोले हुए हैं। उनको बताना है और हर हाल में 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाने की दिशा में काम करना है। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक के सलाहकार रमेश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के महासचिव शिवप्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा, परमेश्वर भोक्ता, हरिमोहन महतो, सफीउल्लाह अंसारी, रशीद अंसारी, गफ्फार अंसारी, शोभा देवी, मीना कुमारी, जेठू मुंडा, सुखराम पहान, सुरेंद्र उरांव, राजीव रंजन मुंडा, आसाराम मुंडा, काशीनाथ पहान, शमीम अंसारी, तस्लीम अंसारी, आदि उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार के विकास कार्यों से भाजपा की बढ़ रही है बेचैनी : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार के बचरा पहुंचने पर झारखण्ड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व मे कार्याकर्ताओ ने बचरा पेट्रोल पम्प के पास मंत्री का स्वागत किया।जिसके बाद मंत्री बन्ना गुप्ता महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के बचरा स्थित आवास पर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की।इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया,साथ ही मंत्री ने कार्यकर्ताओं की समस्या को।पत्रकारो से बात करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा पर तीखा हमला बोला।उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार केन्द्रीय जांच एजेंसियो का दुरुपयोग कर रहा है।ईडी,सीबीआई,इनकम टेक्स विभाग का गलत तरीके से उपयोग कर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को परेशान कर रही है।झारखंड सरकार को परेशान और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। राज्य मे महागठबंधन सरकार के द्वारा किये जा रहे विकाश एंव जन कल्याणकारी कार्यो से भाजपा के पेट मे दर्द है।राज्य सरकार के विकाश कार्यो मे भाजपा बाधा पैदा कर रहा है।जनता राज्य सरकार के साथ है और 2024 के चुनाव मे जनता भाजपा को जवाब देगी।कोयलांचल के लचर चिकित्सा सुविधा पर उन्होंने रांची और चतरा उपायुक्त से बात कर बेहतर चिकित्सा सुविधा बहाल करने और डीएमएफटी फंड से कोयलांचल मे विकाश कार्य बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में कई घोटाले हुए हैं, लेकिन उस पर किसी तरह की जांच नहीं हुई।भूमि अधिग्रहण से लेकर कोयला उत्खनन मे भाजपा के भ्रष्टाचार की बू आती है, लेकिन इस पर किसी जांच एजेंसी की नजर नहीं है। भाजपा के इशारे पर कुछ जांच एजेंसी सरकार को परेशान करने का काम कर रही है।राज्य में महागठबंधन सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल से भाजपा की बैचेनी बड़ गई है।उन्होंने साफ तौर पर कहा कि झारखंड सरकार किसी भी जांच से डरने वाली नहीं है। राज्य की जनता का अपार समर्थन महागठबंधन सरकार के साथ है और आने वाले 2024 के चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देने का काम करेगा। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव पिंकी सिंह,अभय कुमार सिंह,रवि भारद्वाज, धीरेन्द्र शर्मा,अमोलकांत मिश्रा, नन्ददेव राम,संतोष दास, नुरुल अंसारी, सचिन पासवान, जाहिद अली सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



# अल्पसंख्यक आयोग सुरक्षा कवच है, अल्पसंख्यकों को शिक्षा दिलाना व सुरक्षा मुहैया कराना पहली प्राथमिकता : शमशेर आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** प्रखण्ड स्थित मदरसा महमूदिया सुरसा मुड़मा मेशाल मैदान में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और सदस्य वारिश कुरैशी के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में बुके देकर माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जनाब शमशेर आलम ने कहा कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग अल्पसंख्यकों का सुरक्षा कवच है और राज्य सरकार अल्पसंख्यक हितों के लिए संवेदनशील है। आगे उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप योजना के तहत सभी मदरसा के छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाना चाहूंगा। उर्दू भाषी छात्रों के लिए पुस्तक मुहैया कराना प्राथमिकता होगी। मदरसा भवन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। बच्चों को दीनी मालूमात के साथ-साथ दुनियावी तालीम मुहैया हो इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। इस पर भी काम करना है। आयोग की सदस्य वारिस कुरैसी ने आयोजकों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि के अल्पसंख्यकों से जुड़ी हर समस्याओं की निगरानी और उसका हल निकालने पर भी नज़र रख रहा हुं। आज आपने कहीं न कहीं इसी उम्मीद और उद्देश्य के साथ इस प्रोग्राम का आयोजन किया है। मैं इस मंच से आपको यह उम्मीद दिलाना चाहता हूं कि आपकी कोई भी समस्या जो मुझसे जुड़ी हो उसका हल निकालने की पूरी कोशिश करूंगा। कोई अपना रोजगार करना चाहता है उसके लिए भी सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना चला रखी है। उसके तहत भी पूरी मदद करने को तैयार हूं। केंद्र सरकार की एमएसडीपी योजना जो अल्पसंख्यक संस्थान की बुनियादी संरचना के लिए बनाई गई है उसके अध्ययन के बाद कोशिश करूंगा कि स्कूल या मदरसा का भी निर्माण कर सकूं। अभी मेरे पास आलिम और फाजिल से जुड़े मामले आए हैं इस कार्रवाई के लिए भेजा गया है। कल्याणकारी योजनाओं में इटकी मेऔर कांटाटोली में हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है कराया जा रहा है। एम एस डी पी के तहत मिलनेवाली योजना की पूरी राशि अल्पसंख्यक हितों पर खर्च हो ऐसा प्रयास करूंगा। मॉबलिंचिंग पर भी कानून लाया जाएगा।



# अनगड़ा मे सवारी गाड़ी और स्कूटी के बीच टक्कर, दो की मौत 20 घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** थाना क्षेत्र के हाहे में सवारी गाड़ी और स्कूटी के बीच हुई टक्कर में दो की मौत हो गयी । जबकि 20 लोग घायल हो गयें । यह घटना बुधवार की सुबह रांची मुरी मार्ग पर हाहे की पास हुई है । घटना के सूचना मिलने के बाद अनगड़ा थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार अपने जवान बल के साथ पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रिम्स भेजा । मेरा तक की पहचान चिलदाग़ निवासी रमेश करमाली टाटी पंचायत निवासी राजेश बेदिया के रूप में की गयी है । बताया गया कि रमेश करमाली अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर सवार होकर अनगड़ा की और जा रहा था । इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही सवारी गाड़ी ने सामने से धक्का मार दिया । धक्का मारने के बाद सवारी गाडी भी पलट गई । इस घटना में इसमें सवाल 20 मजदूर घायल हो गयें । घायलों को इलाज के लिए रिम्स लाया गया है ।घायलों को हाथ पैर और सर में चोट लगी है । सभी घायलों का इलाज रिम्स के डट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी में किया जा रहा है । जीतवाहन मुंडा रोरो मुंडा नेपाल महतो इंदु मुंडा कार्तिक मुंडा राम मोहन मुंडा प्यारी टोप्पो महेश मुंडा जगदीश मुंडा लखमणि देवी जयराम बेदिया शीला कुमारी खेतु बेदिया शिलावती देवी सुमी देवी संदीप कुमार शर्मा दामिनी देवी फूलमनी देवी अजय गोप और सोमवारी देवी को इलाज के लिए रिम्स लाया गया है । मौके पर हाल चाल लेने और बेहतर इलाज करने पहुचे सिल्ली विधायक सुदेश महतो आजसू केंद्रीय सदस्य मोहसिन खान सलू खान उपस्थित थे ।



## उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य केंद्र कर्रा का किया गया औचक निरीक्षण

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर वहां चिकित्सीय सुविधाओं को सुदृढ़ एवं बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि मरीजों को चिकित्सीय उपचार हेतु उचित सुविधा मुहैया कराया जाय। इसी के निमित्त आज उपायुक्त ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। औचक निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, दवाइयों की उपलब्धता व अन्य जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) का निरीक्षण किया। साथ ही वहां कुपोषित बच्चों की उचित देख - भाल को लेकर संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए।

## कल्याणपूर मे तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया जतरा मेला का हुआ समापन

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर मे चल रहे तीन दिवसीय एतिहासिक जितिया जतरा मेला का समापन किया गया।मेला के अंतिम दिन 20 हजार से अधिक लोग शामिल हुए और जमकर खरीदारी की।पुरा मेला परिसर लोगो से खचाखच भरा हुआ था।मेला मे लगाये गये टावर झुला,नाव झुला,ड्रेगन झुला,ब्रेक डांस, जम्पीगं झुला,मौत का कुंआ, बुगी-वुगी मे लोगो की भारी भीड़ देखी गई।मेला परिसर मे लगाये गये आईस्क्रीम,चाट चाउमिंग,फुचका के अलावे खाने पीने के सभी दुकानों मे भीड़ लगी रही।वही आयोजन समिति दूारा रंगारंग नागपूरी आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया,जिसमे बाहर से आये हुए कलाकारो के गीत, संगीत और नृत्य पर रात भर लोग झुमते रहे।वही मेला मे सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।पुरे मेला परिसर की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा से की गई,जबकि पिपरवार पुलिस के जवानो को सुरक्षा मे तैनात किया गया था।

# स्वस्थ शरीर के लिए खेल हमारे जीवन के लिए जरूरी : हर्षनाथ मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया की मेजबानी में बचरा चार नंबर खेल मैदान में चल रहे दो दिवसीय सीसीएल स्तरीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का बुधवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा और विशिष्ट अतिथि मे सीसीएल के कल्याण पदाधिकारी रेखा पांडेय, सीसीएल के खेल अधिकारी आदिल हुसैन एवं निदेशक कार्मिक के तकनीकी सहायक नवनीत कुमार मौजुद थे।समारोह मे पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया, जबकि श्रीफल,अंगवस्त्र और मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सीसीएल के कुजू बनाम ढोरी एरिया के बीच खेला गया।जिसमे कुजू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ढोरी एरिया को 28-13 अंकों से पराजित कर लगातार दुसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। अतिथियों के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।वही मैन आफ द मैच एवं बेस्ट रेडर कुजू टीम के बसंत लाल,बेस्ट डिफेंडर ढोरी के सोनक राम और मैन आफ सीरीज मुख्यालय रांची के मोहित राज मिंज को दिया गया।समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ विकास कार्य और खेल को बढ़ावा देने का भी काम कर रही है।खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को कम्पनी हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।उन्होंने खेल के सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर खिलाड़ियों से अपने क्षेत्र और कंपनी का नाम रोशन करने की अपील की।पूरे प्रतियोगिता में उद्घोषक की भूमिका रविंद्र कुमार सिंह और पिंटू कुमार ने निभाया।

## अवैध बालू से लदा हाइवा को सिल्ली पुलिस ने पकड़ा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिल्ली पुलिस लगातार अवैध बालु खनन के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। लेकिन फिर भी किसी तरह से अवैध बालु का खेल नहीं थम रहा है। मंगलवार की रात को भी सिल्ली पुलिस ने सिल्ली टाटा मुख्य मार्ग के टुटकी के समीप अवैध बालु लदा हाइवा को पकड़ कर सिल्ली थाना लाया गया। सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप ने बताया की आगे की कार्यवाही के लिए जिला खनन विभाग पदाधिकारी को सुचना दे दी गई है। सिल्ली पुलिस लगातार दो तीन दिनों से अवैध बालु परिवहन के खिलाफ रात को छापेमारी कर रही है।



## 13 दिवसीय बंबू एंड केन क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय बंबू एंड केन क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। राज्य के विभिन्न जिले एवं प्रखंड से आए 18 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को खुद का स्वरोजगार कर आत्म निर्भर बनने का संदेश दिया। क्योंकी बांस से बना वस्तु की बाजार में ज्यादा मांग है। इस वस्तु से घर की सजावट कर सुंदरता बढ़ा सकते है।मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो ,मुकेश कुमार, महेश रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।



## मेरा देश मेरा माटी कार्यक्रम के तहत किया गया मिट्टी एकत्रित

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत् ओरमांझी मण्डल द्वारा विभिन्न गांवों से पवित्र मिट्टी एकत्रित किया गया। साथ ही राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के आवास में एकत्रित किया गया। ज्ञात हो कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। गांव से एकत्रित मिट्टी प्रदेश कर्यालय में जमा करने के पश्चात् झारखंड प्रदेश से केंद्र दिल्ली में जमा होगी। जहां पूरे देश कि एकत्रित मिट्टी अमृत वाटिका में अमर शहीदों के नाम स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, महामंत्री अलखनाथ महतो, शशिभूषण कुमार,उपाध्यक्ष राजधाम साहू, राजकिशोर साहू, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, अरुण मण्डल,अमित राज, बालक महतो,शंकर महतो, शिवचरण महतो, धनजय महतो आदि अनेक लोग उपस्थित थे।




## पूर्वजों से चल रहे जितिया जतरा को युवा पीढ़ी बढ़ा रहा आगे : सुदेश महतो

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय स्थित झारखंडी शिव मन्दिर के पास चल रहे दो दिवसीय जितिया जतरा मेला का मंगलवार की रात समापन किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसु पार्टी सुप्रिमो सुदेश कुमार महतो और विशिष्ट अतिथि मे केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी,कांके विधानसभा प्रभारी रामजीत गंझु सहित कई लोग शामिल हुए।समारोह मे शामिल सभी अतिथियो का मेला समिति के द्वारा बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।जिसके बाद अतिथियो ने सामुहिक रूप से फीता काटकर नागपुरी आरकेस्ट्रा का उदघाटन किया।समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने जितिया जतरा मेला पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के झारखण्डी शिव मन्दिर पुरानीराय मे 70 वर्ष से जितिया जतरा मेला का आयोजन हो रहा है।पुरानीराय जितिया जतरा मेला का गौरवशाली इतिहास रहा है।अपने पुत्र की लंबी आयु के लिए माताओ द्वारा जितिया पूजा की जाती है, जबकि आपसी भाईचारगी के लिए जतरा मेला का आयोजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि पूर्वजो के समय से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन को आज भी हमारे युवा पीढ़ि आगे बढ़ा रहा है।इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य पार्वती देवी,मेला समिति के संरक्षक नागेश्वर महतो,अध्यक्ष अर्जुन महतो, खलारी उप प्रमुख सुमन देवी, राय मुखिया शीला देवी,पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो, संजय महतो,भीम सिंह यादव,बिनोद सिंह,गणेश महतो,धर्मनाथ महतो,राजेश महतो,दीपक महतो,नरेश महतो,अशोक रवि,मोहन महतो,प्रमोद प्रजापति,उगन महतो,इमतियाज अंसारी, उमेश मेहता,अवधेश महतो, प्रभाकर वर्मा,रविशंकर जायसवाल,सदन महतो सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।मंच संचालन तारकेश्वर महतो और इमतियाज अंसारी ने किया।



## एक्युप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा दीक्षा समारोह मनाया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा दीक्षा समारोह मनाया गया। जिसमे 6 महिला - पुरुष को डिग्री और डिप्लोमा एक्यूप्रेशर परिषद द्वारा प्रथम बार दिनांक 11 - 10- 2023 को मां एक्यूप्रेशर सेंटर टाटासिलवे रांची में दीक्षा समारोह संपन्न हुआ । जिसमें एक्यूप्रेशर डिप्लोमा एवं डिग्री काउंसिल द्वारा डॉक्टर मधुसूदन पांडे के नेतृत्व में राष्टीय अध्यक्ष डॉक्टर प्रकाश वर्णवाल के कर कमल द्वारा डॉक्टर बलराम महतो , रुकमणी कुमारी ,डॉक्टर महेश प्रजापति, डॉक्टर बलराम महतो डॉक्टर सरस्वती कुमारी, डॉक्टर कुंती कुमारी एवं डॉक्टर लखन कुमारी को दिया गया । इस अवसर पर वर्णवाल ने बताया कि रांची को 5 जोन प्रशिक्षण एवं रोग निदान हेतु बनाया गया है । जिसमें टाटासिलवे ,ध्रुवा ,कांके ओरमांझी एवं फिरायालाल । रेगुलर कोर्स टाटासिलवे सेंटर में ही होगा । डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने बताया कि उपरोक्त 5 ज़ोन सेंट्रो पर 23 अक्टूबर से पांच दिवसीय शिविर लगाए जायेंगे तथा एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचाएं में का कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा ।यह जानकारी प्रेस को एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा प्रदेश सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने दी।



## एक्सएलआरआइ के प्लैटिनम जुबली समारोह में शामिल हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

# समाज के हित में कार्य करने का किया आह्वान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** किसी भी संस्थान की पहचान कभी भी इससे नहीं हो सकती कि उसने कितना प्रॉफ़िट कमाया है. बल्कि इससे होती है कि उसने समाज के लिए क्या दिया और समाज के विकास में उसका क्या योगदान है. उक्त बातें बुधवार को एक्सएलआरआइ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की स्थापना के 75 साल के अवसर पर प्लैटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभा को संबोधित करते करते हुए कही। उन्होंने सामाजिक कार्यों के लिए टाटा ग्रुप द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की, साथ ही सभी संस्थाओं को इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि एक्सएलआरआई की जो यात्रा है वह प्रेरणादायक है. एक छोटे स्तर से शुरू होकर आज देश की बड़ी बिज़नेस स्कूल में शामिल होना बड़ी उपलब्धि है. साथ ही एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों व उनकी क्षमता की भी सराहना करते हुए कहा कि एक्सएलआरआई न सिर्फ जमशेदपुर बल्की पूरे झारखंड का गौरव है. राज्यपाल ने कहा कि झारखंड एक संसाधन संपन्न राज्य है, लेकिन इसकी गिनती पिछड़े राज्यों में होती है, जो कि सही नहीं है. उन्होंने इस सोच को साझा व सकारात्मक प्रयास से सभी को बदलने का आह्वान किया. इस अवसर पर टाटा स्टील के सीईओ व एमडी टीवी नरेंद्रन भी उपस्थित थे. उन्होंने अपने संबोधन में एथिक्स से कभी समझौता नहीं करने व सोसाइटी को वापस करने की प्रवृति को विकसित करने की बात कही. इससे पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने टाटा स्टील के सीईओ व एमडी सह एक्सएलआरआइ के चेयरमैन टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एडमिन प्रोफेसर संजय पात्रो समेत अन्य लोगों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने अपने संबोधन में बताया कि एक्सएलआरआइ ना सिर्फ अच्छे मैनेजर बल्कि सेंसेबल व एथिकल फ्यूचर लीडर तैयार करने पर विश्वास करता है। फादर एस जॉर्ज ने कहा कि एक्सएलआरआइ ने देश व दुनिया को कई अहम फ्यूचर लीडर दिये, जो आज समाज के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही एक्सएलआरआइ की ओर से आने वाले दिनों में समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों के लिए खास तौर पर निःशुल्क वोकेशनल कोर्स की सुविधा मुहैया कराने की भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने एक्सएलआरआइ के स्कॉलर्स रेसिडेंस की नींव रखी.

### एक्सएलआरआइ प्लैटिनम जुबली अवार्ड फॉर द ग्रेटर गुड से नवाजे गये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

एक्सएलआरआइ के प्लैटिनम जुबली समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एक्सएलआरआइ प्लैटिनम जुबली अवार्ड फॉर द ग्रेटर गुड का खिताब दिया गया. उन्हें एक्सएलआरआइ के चेयरमैन व डायरेक्टर ने उक्त खिताब से नवाजा. राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को समाज में उत्कृष्ट योगदान और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण व उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए उक्त सम्मान से नवाजा गया.

# बाबूलाल मरांडी ने पटमदा में गिनाई भाजपा की उपलब्धियां, हेमंत सरकार की नाकामियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** देश में कांग्रेस ने 55 साल शासन किया लेकिन कभी भी गांव, गरीब, किसान व मजदूरों के लिए काम नहीं किया। कांग्रेस की गोद में खेलने वाले झामुमो अलग झारखंड राज्य मांगते रहे, कांग्रेस ने नहीं दिया। अब भी कांग्रेस के साथ ही है झामुमो। लेकिन भाजपा ने 14 साल के कार्यकाल के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य दिया, गांव की सड़कें बनवायी और भी कई उल्लेखनीय काम हुए। नरेंद्र मोदी ने गांव के गरीबों के लिए सबसे पहले इज्जत घर बनवाया। फिर पीएम आवास, मुफ्त में गैस कनेक्शन, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, विद्युतीकरण एवं अनाज की व्यवस्था की, अंत्योदय के लिए काम किया। वहीं राज्य की हेमंत सोरेन सरकार गरीबों की अनाज को बाजारों में बेच देते हैं। यह बातें बुधवार को पटमदा ब्लॉक मैदान में आयोजित भाजपा की संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर है। ब्लॉक, अंचल व थाना में बिना चढ़ावा दिये कोई काम नहीं होता। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड में अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने के लिए आपलोग आज ही संकल्प लें कि 2024 के लोकसभा व विधानसभा में भाजपा की सरकार बनानी है। सरकार बनने के 6 माह के अंदर फिर से नियुक्तियां होनी शुरू जाएंगी। वहीं बाबूलाल ने भाजपा के सभी मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को बेहतर बताया। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि सालभर होने जा रहा है किसानों से खरीदी गई धान का पैसा अभी तक नहीं दे पायी है राज्य सरकार। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है और चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सभा को जिलाध्यक्ष गुंजन यादव व मुचीराम बाउरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो व धन्यवाद ज्ञापन पटमदा मंडल अध्यक्ष मन्टू चरण दत्त ने किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता प्रदीप वर्मा, राजकुमार सिंह, नीलू मछुआ, विमल बैठा, विनोद सिंह, सुबोध सिंह गिड्डू, पंकज सिन्हा, प्रदीप बेसरा, कुसुम पुरती, परेश मुखी, अजीत कालिंदी, बलदेव भुइयां, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, वीरेन महतो, मन्टू चरण दत्त, प्रधान चंद्र महतो, शांतनु मुखर्जी, त्रिदिव चट्टराज, हेमेंद्र जैन, प्रदीप पाल, सुनील सिंह मुंडा, पवन सिंह समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान नीलू मछुआ की पहल पर 70 महिलाओं ने भाजपा में योगदान किया।

### भीड़ जुटाने के लिए कड़ी मेहनत के बावजूद सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : विमल बैठा



वहीं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में अपने लिए मुकाम तलाश रहे भाजपा नेता विमल बैठा को अपने ही नेताओं के हाथों अपमानित होना पड़ा। दरअसल बुधवार को पटमदा में आयोजित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की जनसभा में मंच पर बैठने की बारी जब आई तो विमल बैठा अगली पंक्ति में बैठ गए। परंतु जब दूसरे और नेता आये तो उन्होंने पीछे बैठने के लिए कहा और पीछे कोई भी कुर्सी खाली नहीं होने के कारण कुछ देर तक खड़ा रहने के बाद हजारों की भीड़ के साथ नीचे की कुर्सी पर बैठना पड़ा। इससे वह काफी नाराज व दुखी नजर आए। हालांकि जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने उन्हें मंच से उतरने से मना भी किया था। इस संबंध में बैठा ने कहा कि उन्होंने कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए कड़ी मेहनत की इसके बावजूद उन्हें सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## इंटर कालेज जगन्नाथपुर में मनाया गया बालिका दिवस



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य शिक्षा और पोषण से जुड़े विभिन्न समाजिक संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बुधवार को इंटर कालेज जगन्नाथपुर में सैकड़ो छात्र छात्राओं की उपस्थिति में एस्पायर एनजीओ के तत्वधान में अंतराष्टीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शासी निकाय अध्यक्ष सोमा कोड़ा, विशिष्ट अतिथि प्रमिला पात्रो व अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जलित कर किया गया। अंतराष्टीय बालिका दिवस के अवसर पर कालेज की छात्राओं के द्वारा, बाल मजदूरी, बाल विवाह, अंधविश्वास से समाज में होने वाले कुप्रभाव और इसके रोकथाम के प्रति लघु नाटक प्रस्तुत कर जागरुकता लाया गया। साथ ही छात्राओं के द्वारा कुपोषण, एनिमिया, महावारी, नारी शक्ति, अंतराष्टीय बालिका दिवस आदि पर हिंदी और हो भाषा में भाषण व कविता प्रस्तुत किया गया। इसके आलावे छात्राओं द्वारा उड़िया, हो, हिन्दी भाषा प समाजिक लोक गीत पर ग्रुप डांस भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल राजीव कुमार, कस्तुरबा वार्डेन लक्ष्मी पाड़ेया, मानस रंजन चक्र, कमलकिशोर केसरी, मंजित कोड़ा, गणेशचंद्र गोप, अमृत दास, प्रो. गणेश चंद्र पान, अनिल कुमार प्रधान, लक्ष्मी देवी, रुबीना परवीन, प्रभाषनी प्रधान, प्रतिमा गिरी, नेलेन बुड़िउली, निलाम्बर गोप, उपमुखिया सवित्रि जेराई, लक्ष्मी सिंकू, सबिता बारीक, निकहत परवीन सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिले में शिक्षकों व चिकित्सकों की कमी को ले भाजपा ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम सिंहभूम जिले में प्लस टू विद्यालय में शिक्षक एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक कमी को देखते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शंकर पांडे ने उपयुक्त को लिखा पत्र लिखा। पत्र में कहा गया कि जिले में जितने भी विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड किया गया है वहां शिक्षको की कमी है। वहीं कराईकेला उच्च विद्यालय में मात्र एक अध्यापक है जो पठन-पाठन का कार्य प्लस टू विद्यार्थियों का सही से नहीं कर पा रहे हैं। इस पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। वही हाल स्वास्थ्य विभाग का भी है कराईकेला उप स्वास्थ्य केंद्र में एक भी चिकित्सक नहीं है जिससे आम जनमानस को काफी दिक्कतें होती है। उन्होंने मांग की है कि कराईकेला प्लस टू विद्यालय में अध्यापक की व्यवस्था की जाए साथ ही कराईकेला उप स्वास्थ्य केंद्र में कम से कम एक चिकित्सक की व्यवस्था हो जो प्रतिदिन उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के इलाज हेतु बैठे।

## सुरभि शाखा का रामगढ़िया सभा में डांडिया धमाल नाइट 13 को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा डांडिया (गरबा) धमाल नाइट का आयोजन आगामी 13 अक्टूबर शुक्रवार को साकची स्थित रामगढ़िया सभा में होने जा रहा हैं, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस एवं बच्चों का बेस्ट ड्रेस अप सहित कई प्रकार के सरप्राइज गिफ्ट भी हैं, जो मुख्य आकर्षण का क्रेन्द्र होंगें। यह जानकारी शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की संयोजिका पिंकी रिंगसिया व अंजू चेतानी हैं। विजेताओं को पुरूस्कृत भी किया जायेगा।

## क्रोमा का फेस्टिवल ऑफ़ ड्रीम्स ऑफर्स 25 अक्टूबर तक

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा ग्रुप का एक उद्यम, क्रोमा ने दुर्गा पूजो के पवित्र अवसर पर अपने फेस्टिवल ऑफ़ ड्रीम्स कैम्पेन के साथ प्रस्तुत की हैं आकर्षक डील्स और ऑफर्स। साल के इस बहुप्रतीक्षित त्यौहार की खुशियों को दुगुना करने के लिए क्रोमा के स्टोर्स और क्रोमा डांट कांम पर बहुत ही बेहतरीन ऑफर्स दिए जा रहे हैं। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के उपभोक्ता 25 अक्टूबर 2023 तक इन आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। चुनिंदा बैंक कार्डो पर पाइए 10: तुरंत डिस्काउंट, 20,000 रुपयों तक एक्सचेंज लाभ और 24 महीनों तक ब्याज-मुक्त ईएमआई। आप ऑनलाइन पर भी ऑफर्स पा सकते हैं।

## दुर्गा पूजा को लेकर बाबूडीह में हुआ बैठक



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को कुकडु प्रखंड के बाबुडीह में श्री श्री सिंह राज बाबू सार्वजानिक दुर्गापूजा कमिटी ईचाडिह टौला बाबूडिह की ओर से एक बैठक दुर्गापूजा मन्दिर प्रांगन मे कल्याण सिंह बाबू (राज परिवार) के अध्यक्षता सम्पन्न हुआ । जिसमे दुर्गा पूजा को लेकर पूजा के कार्यक्रम शान्ति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर चर्चा हुआ। मौके पर कृष्णा चंद्र तांती, सदानंद कुमार, दिलिप कुमार, बिल्ल्यमंगल आदृत्यदेव, संजीत मांझी, रबी सिंह मुंडा, सुमन चंद्र हालदार, रघु गोप, पिन्टू गोप, व्हैरव महँती, देवन गोप, रोहिण महतो, बिष्णु गोप, बबलू गोप, गुरुपद गोप आदि उपस्थित थे।

# यूनिफाइड कमांड समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यूनिफाइड कमांड की बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त नें जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में प्रगति लाने तथा जिन चयनित योजनाओं में कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करने को कहा। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को नक्सल प्रभावित क्षेत्रो में लोगो की सुविधा हेतू बैंक कॉरस्पॉडेंट सेवा प्रारम्भ करने एवं छूटे हुए स्कूली बच्चों के बैंक खाता खुलवाने के निर्देश दिए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित योजनाओं मे गति लाने एवं प्रखंड स्तर पर कैंप आयोजित कर शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को सरकार के जल कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक मे उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, परियोजना निदेशक आई.टी.डी.ए संदीप कुमार दुराईबुरु, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सिविल सर्जन डॉ अजय सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा, आदि थे।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने पूजा पंडालों का किया मुआयना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी पूजा पंडालों का भ्रमण पुलिस एवं प्रशासन के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। क्षेत्रवार पूजा कमेटी वालों से मिल कर अधिकारियों ने पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप पंडाल का निर्माण एवं पूजा समिति के माध्यम से अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश भी सभी को दिया गया।

# डायरिया प्रभावित गांव में पहुंचे विधायक, चिकित्सा सुविधा का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव के हरिजन बस्ती में बुधवार को डायरिया पीड़ितों का हालचाल लेने विधायक सविता महतो पहुंचे व हेल्थ कैम्प का जायजा लिया। उन्होंने डायरिया पीड़ितों के बीच ओआरएस पाउडर, ड्राय फूड आदि का भी वितरण किया। वहीं 6 महीने से खराब पड़े सोलर चालित जल मिनार को भी मरम्मती कराकर चालू कराया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लगातार गांव में कैम्प कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक सविता महतो ने कहा कि डायरिया का सूचना मिलते ही तत्काल सिविल सर्जन से बात कर मंगलवार रात से ही चिकित्सा शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि खराब पड़े जल मिनार को चालु कराया गया। उन्होंने कहा कि दो चार दिनों के अंदर हरिजन बस्ती में नया चापाकल लगाया जाएगा। मालूम हो कि डायरिया का चपेट में आने से मंगलवार को दो वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई । हरिजन बस्ती में करीब एक दर्जन ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हैं। डायरिया से अधिकांश बच्चे पीड़ित हैं। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर दीपक कुमार मांझी , चिकित्सा पदाधिकारी अनुपम घोषाल के उपस्थिति में डायरिया कैम्प लगाकर चिकित्सा किया जा रहा है। बीडीओ किकु महतो ने भी बस्ती पहुंचकर चिकित्सा कैम्प का जायजा लिया व कई दिशा निर्देश भी दिए। कैम्प लगने के बावजूद भी बेहतर चिकित्सा के लिए ग्रामीण स्थानीय नर्सिंग होम व निजी चिकित्सालयों में भी इलाज करवा रहे हैं। डायरिया फैलने का कारण कुंआ का गंदा पानी पीने से फैलने का बात बताई जा रही है। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, पूर्व मुखिया पंचानन पातर, अमित सिन्हा,दीपक लायेक, हरेन्द्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# नौ सूत्री मांग को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका रांची रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बुधवार को झारखंड समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले चक्रधरपुर से आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं रांची के लिए रवाना हुई। चक्रधरपुर के विभिन्न गांवों के अलावे मनोहरपुर, सोनुवा, गोईलकेरा समेत अन्य क्षेत्र से आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय के समीप इकट्ठा हुई। इसके बाद यहां से बस से सभी आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका रांची के लिए रवाना हुई। इस मौके पर मौजूद आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष झुमा मिश्रा ने कहा कि नौ सूत्री मांगों को लेकर रांची में आयोजित धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मुख्यमंत्री को मांग पत्र भी सौंपा जाएगा। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू, सोनिया रजक, सुषमा बिरुवा, बिजय राजलक्ष्मी, बेला चक्रवर्ती, मुन्नी देवी, प्रिया सोय, प्रियंका देवी समेत अन्य विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविका-साहियकाएं मौजूद थीं।

# प्रशांत पोद्दार के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता संकल्प यात्रा जनसभा में हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मंगलवार को ये सरकार निक्कमी है ये सरकार बदलनी है ,भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारो के साथ सोनारी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के नेतृत्व मे सोनारी मंडल के चार सौ कार्यकर्ता बाबुलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के दौरान साकची बोधी मंदिर में आयोजित जनसभा मे शामिल हुए। इससे पूर्व सोनारी मंडल के समस्त कार्यकर्ता राममंदिर अटल चौक से एरोड्राम चौक तक पैदल मार्च करते हुए एवं फटाका फोड़ते हुए बस, कार, बाइक,एवं ऑटो से रैली के रुप मे सभा स्थल पहुंचकर कर जनसभा मे सम्मलित हुई । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल भाजपा प्रदेश मंत्री एवं मंडल के प्रभारी रीता मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह,सोनू ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा,पश्चिम विधान सभा के सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, निपेन्दर सिन्हा, नारायण प्रसाद, किशोर साहू, संजय आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। वहीं प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने वर्तमान की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

# ओयूपी ने सीबीएसई शिक्षकों के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम किया तैयार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया (ओयूपी) ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से अनुसंधान आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) तैयार किया है जिसका शीर्षक 'थिंक-शेयर-लर्न-प्रैक्टिस' (टीएसएलपी) है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है बुनियादी अवस्था पर राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा के अमल को सुगम करने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित करना। इस गठबंधन का करार (एमओयू) जुलाई में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी सालगिरह कर लिया गया था। सीबीएसई मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सितंबर-अक्टूबर 2023 के दौरान चेन्नई, गुवाहाटी और दिल्ली में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य था 25,000 स्कूलों के फाउंडेशनल टीचरों को सशक्त बनाना ताकि गतिविधि आधारित शिक्षण परिवेश निर्मित किया जाए और बाल वाटिका 1, 2, 3 तथा ग्रेड एक और दो (3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए) में अध्यापन-शिक्षा पद्धतियों के बीच के अंतर को दूर किया जा सके। सीबीएसई की चेयरपर्सन डॉ निधि छिब्बर ने अपने संदेश में कहा, 'अपने नेटवर्क में 25,000 से भी अधिक स्कूलों के साथ सीबीएसई हमेशा इस हेतु समर्पित रही है कि स्कूलों की अध्यापन-शिक्षा प्रणाली को उन्नत बनाने के तरीके तलाशे जाएं। शिक्षकों की क्षमता का निर्माण इसमें अग्रिम मोर्चे पर रहा है क्योंकि अपने बुनियादी भाग में हम जो बदलाव देखना चाहते हैं शिक्षक उसके अगुवा हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के साथ भारत में यह इस किस्म का पहला प्रोजेक्ट है, यह बहुत दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ शुरु हुआ है। शिक्षकों के पेशेवर विकास की हिमायत करते हुए ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया के प्रबंध निदेशक सुमंता दत्ता ने कहा, 'ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के पास डायरेक्ट व ऑनलाइन उच्च गुणवत्ता शिक्षक प्रशिक्षण देने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। इसलिए हम एक विशिष्ट स्थिति में हैं जहां से हम सीबीएसई जैसे प्रतिष्ठित संगठनों को अपनी सेवाएं प्रस्तुत कर सकते हैं।

## दूर्गा पूजा को लेकर ईचागढ़ थाना में शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के ईचागढ़ थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी किकु महतो ने किया। दूर्गा पूजा को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न विषयों पर सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा किया गया। बीडीओ श्री महतो ने पूजा पंडालों में पर्याप्त रोशनी का व्यवस्था करने, भड़काऊ गाना व तेज आवाज में बाजा नहीं बजाने व विसर्जन नियत समय व रास्ते का प्रयोग करने का निर्देश दिया। वहीं थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने बताया कि शांति समिति की बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति सदस्यों को सहयोग करने का अपील किया गया। उन्होंने कहा कि वाट्स एप पर गलत मैसेज देने वालों, किसी समुदाय को आहत करने वाले गाने बजाने, हुड़दंगियों व नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी, मुखिया रागिनी उरांव, आदि थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# नए पर्यटन की पैदावार

**पर्यटन** से मुलाकात करतीं योजनाएं अब एडीबी फंडिंग के तहत मुस्करा रही हैं और इस दृष्टि से कुल 2300 करोड़ के प्रस्तावों में से 1313 करोड़ की मंजूरी, बरसाती आपदा के बाद अपनी क्षमता को फिर से उगाने का सबब बनेगी। वर्तमान सुक्खू सरकार के इरादों के फलक पर पर्यटन का मकसद जिस आर्थिकी को पुकार रहा है, उसे कुछ हद तक एशियन डिवेलपमेंट बैंक ने सुना और प्रोजेक्ट के पहले चरण के बिड डाक्यूमेंट को मंजूर कर दिया। जाहिर है इससे धर्मशाला कान्वेंशन सेंटर, दियोटसिद्ध मंदिर परिसर और पालमपुर शहर के परिदृश्य में सौंदर्यीकरण से पर्यटन सुदृढ़ होगा। एडीबी की मदद से पर्यटन की अन्य अनेक मीनारें भी खड़ी होनी हैं और अगर यह प्रक्रिया मुकम्मल होती है, तो गुणात्मक दृष्टि से यह क्षेत्र कुछ नए मील पत्थर रख पाएगा। ऐसा नहीं है कि पर्यटन के हिस्से पहले कम फंड आया, लेकिन कुछ परियोजनाएं केवल सियासी मंसूबों के खातिर दफन हो गईं। कई ऐसी संपत्तियां या चौबारे खड़े हो गए, जो पर्यटन के नाम पर अपनी प्रासंगिकता दर्ज नहीं कर पाए। सार्वजनिक उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम को घाटा उठाना पड़ रहा है, तो इसके परिसरों के बेहतर इस्तेमाल की एक नई कड़ी बनानी होगी। मसलन हर शहर के किसी न किसी बाजार को पर्यटन बाजार की अहमियत में विकसित करें, तो हिमाचल का खान पान और उपहार सारे देश में पहुंच जाएंगे। इसके लिए शहरी व ग्रामीण निकायों को बाध्य किया जाए कि ये अपने संसाधनों से प्रदेश के पर्यटन नक्शे में इजाफा करें। बहुत पहले मंडी शहर में पंडित सुखराम ने इंदिरा मार्केट की परिकल्पना में एक ऐसा अद्भुत संसार रचा कि यह स्थान रौनक, रोमांच और व्यापार की अनिवार्यता में मनोरंजन सरीखा हो गया। विडंबना यह है कि हमने शिमला के मॉल और गेयटी थियेटर के पर्यटन महत्त्व का प्रदेश में प्रसार नहीं किया। कमोबेश हर शहर, पर्यटन डेस्टिनेशन और धार्मिक स्थल को सुकून की राहें-चरागाहें चुननी चाहिएं और इसके लिए वाहन वर्जित मार्केट, बड़े मैदान और ईको टूरिज्म के निशान बढ़ाने होंगे। पिछले दशक में हमीरपुर शहर के मुख्य बाजार को वाहन वर्जित माल रोड बनाने की मांग उठी, लेकिन जिन्हें अफरातफरी में व्यापारिक हित नजर आता है, वे इसके सियासी विरोध पर उतर आए। धर्मशाला का कोतवाली बाजार यह नहीं चाहता कि वाहन बाइपास से गुजर जाएं और कुछ इसी तरह के असमंजस में शाहपुर बाजार प्रस्तावित फोरलेन से उलझ रहा है। प्रमुख बाजारों को मालरोड बनाने के लिए एडीबी फंडिंग के बजाय इच्छाशक्ति चाहिए। अगर एक प्वाइंट से इलेक्ट्रिक कार्ट प्रमुख बाजारों को चलें और बाजार से पहले महापार्किंग में वाहन आगमन थमे, तो हिमाचल के कई शहर पर्यटकों के लिए भी कनाट प्लेस या चंडीगढ़ के सत्रह सेक्टर जैसा माहौल पैदा कर सकते हैं। इसी तरह एडीबी की मदद के बिना सार्वजनिक परिवहन के साथ पर्यटन परिवहन के विकल्प जोड़े जाएं, तो हर शहर का मंजर कुछ और होगा। प्रदेश को छोटे-बड़े बस अड्डों के प्रारूप में सुधार करते हुए, इन्हें निजी पार्टनरशिप में निखारना चाहिए, ताकि ये स्थल भविष्य की महापार्किंग, मनोरंजन व व्यापारिक केंद्र के रूप में सिटी सेंटर भी बनें। ऐसे में एचआरटीसी के साथ-साथ, मिल्क फेडरेशन, एचपीएमसी व कुछ अन्य सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के सहयोग से बस स्टैंड के पते पर पर्यटक को हिमाचल से रू-ब-रू कराने का मंतव्य पूरा कर सकते हैं। हमारा मानना है कि अगर धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम के साथ एक खेल, सांस्कृतिक व व्यापारिक परिसर खड़ा किया जाए, तो हर दिन वहां सारे हिमाचली उत्पादों के उपहार, कलाओं के प्रदर्शन, पर्यटन केंद्रों के दर्शन तथा यात्रा के नए डेस्टिनेशन का प्रचार किया जा सकता है। इस दिशा में मंडी व शिमला के प्रस्तावित खादी प्लाजा निश्चित रूप से एक आशातीत संकल्प हैं। बेशक 'नई मंजिलें, नई राहों' की तलाश जारी रहनी चाहिए और यह भी कि पिछली रुकी हुई तमाम पर्यटक परियोजनाओं के अवरोध भी हटा कर, इन्हें पूरा करना होगा। हिमाचल के एक दर्जन मंदिरों की आय से हम हिमाचल के कला जगत का प्रोत्साहन कर सकते हैं, इसलिए प्रमुख धार्मिक स्थलों पर कला केंद्र या कला परिसर विकसित करके हर तरह के कलाकार को अपनी कला के प्रदर्शन व संरक्षण का अवसर मिलना चाहिए।

सार्वजनिक उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम को घाटा उठाना पड़ रहा है, तो इसके परिसरों के बेहतर इस्तेमाल की एक नई कड़ी बनानी होगी। मसलन हर शहर के किसी न किसी बाजार को पर्यटन बाजार की अहमियत में विकसित करें, तो हिमाचल का खान पान और उपहार सारे देश में पहुंच जाएंगे। इसके लिए शहरी व ग्रामीण निकायों को बाध्य किया जाए कि ये अपने संसाधनों से प्रदेश के पर्यटन नक्शे में इजाफा करें। बहुत पहले मंडी शहर में पंडित सुखराम ने इंदिरा मार्केट की परिकल्पना में एक ऐसा अद्भुत संसार रचा कि यह स्थान रौनक, रोमांच और व्यापार की अनिवार्यता में मनोरंजन सरीखा हो गया। विडंबना यह है कि हमने शिमला के मॉल और गेयटी थियेटर के पर्यटन महत्त्व का प्रदेश में प्रसार नहीं किया। कमोबेश हर शहर, पर्यटन डेस्टिनेशन और धार्मिक स्थल को सुकून की राहें-चरागाहें चुननी चाहिएं और इसके लिए वाहन वर्जित मार्केट, बड़े मैदान और ईको टूरिज्म के निशान बढ़ाने होंगे। पिछले दशक में हमीरपुर शहर के मुख्य बाजार को वाहन वर्जित माल रोड बनाने की मांग उठी, लेकिन जिन्हें अफरातफरी में व्यापारिक हित नजर आता है।

## कुछ अलग

# एक शाश्वत युद्ध

**यह** एक देश ने दूसरे देश के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ा है। फिलस्तीन की गाजा पट्टी के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन 'हमास' ने संप्रभु, स्वायत्त देश इजरायल पर अचानक आतंकी हमला किया है। हमास इजरायल के प्रति नफरत और दुश्मनी की हद तक सोचता है, लिहाजा उसके अस्तित्व को ही मान्यता नहीं देता। यह युद्ध कहां तक खिंचेगा, अभी आकलन करना मुश्किल है, लेकिन इजरायल ने इस हमले को 'युद्ध' करार देते हुए पलटवार किया है। नतीजतन गाजा पट्टी में विध्वंस जारी है। हमास इजरायल पर हमला कर बहुत कुछ तबाह कर चुका है। हैवानियत की हद तक उसके लड़ाके चले गए हैं। हमास ने जिन्हें बंधक बना कर गाजा की सुरंगों में रखा है, वह उन्हें मानव-ढाल के तौर पर इस्तेमाल करेगा। दोनों पक्षों के 1000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। घायलों की संख्या 4000 से ज्यादा बताई जा रही है। इजरायल ने हवाई हमले कर गाजा पट्टी में हमास के 426 ठिकानों को 'मलबा' बना दिया है। इजरायल के कुछ सैन्य अधिकारी 800 से ज्यादा ठिकानों पर हमले का दावा कर रहे हैं। उनमें रिहायशी इलाके, अस्पताल, स्कूल, बाजार भी शामिल हैं। गाजा करीब 23 लाख की आबादी वाला सबसे घना इलाका है, लिहाजा नुकसान और मौतें भी उसी अनुपात में होंगी। आखिर इजरायल वहां कितने हमले करेगा, क्योंकि गाजा के बाद अन्य देशों की सीमाएं शुरू होती हैं। बहरहाल इस अचानक, अप्रत्याशित युद्ध ने दुनिया के प्रमुख देशों को दो हिस्से में विभाजित कर दिया है। हालांकि हमास एक आतंकी संगठन है, जिसकी ताकत 50,000 से अधिक लड़ाके हैं, लेकिन ईरान, लेबनॉन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, ओमान, बांग्लादेश, पाकिस्तान आदि इस्लामी देश हमास का समर्थन कर रहे हैं। वे उसकी फंडिंग भी करते हैं। दूसरी तरफ भारत समेत अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, यूरोपीय देशों ने हमास के इजरायल पर हमले को '9/11 जैसा आतंकी हमला' करार दिया है और उसकी निंदा भी की है। भारत इजरायल के साथ खड़ा है, लेकिन उसने फिलिस्तीन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला है। भारत के 18,000 से अधिक छात्र और कामगार, पर्यटक आदि इजरायल में हैं। फिलहाल सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उनकी सकुशल वापसी के प्रयास शुरू हो चुके हैं। खुद प्रधानमंत्री दफ्तर इस अभियान की निगरानी कर रहा है। दरअसल अमरीका ईरान, सऊदी अरब और इजरायल की 'दोस्ती' कराने की मध्यस्थता कर मध्य-पूर्व की परिभाषा ही बदल देना चाहता था। उसका हमास, हिजबुल्लाह सरीखे आतंकी संगठन और कुछ अन्य देशों ने जमकर विरोध किया। अरब की दुनिया और यहूदियों के देश इजरायल के बीच एक शाश्वत वैमनस्य रहा है। विरोध और जंगों का लंबा अतीत है। दरअसल इजरायल में शनिवार को छुट्टी थी और अधिकतर लोग 'यहूदी उत्सव' के मूड में थे। सैनिक भी छुट्टी लेकर गए थे। ऐसे में हमास के लड़ाकों ने घुसपैठ की और इजरायल पर 5000 रॉकेट भी दागे गए। हवा, जमीन, समंदर से एक साथ अचानक हमले ने इजरायल को स्तब्ध कर दिया और दुनिया चौंक उठी।

### युवाओं के पासपोर्ट तक एजेंटों के द्वारा कब्जा लिए जाते थे और उनका तरह-तरह से शोषण भी किया जाता था

# घातक हो रहा है विदेशों में पढ़ाई का क्रेज

**अश्विनी महाजन**

केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26 .44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4 .5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13 .5 अरब डालर का खर्च किया।



**पिछले** कुछ वर्षों से भारत से विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने की आकांक्षा का क्रेज बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26.44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4.5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13.5 अरब डालर का खर्च किया। वर्ष 2022 में यह खर्च 24 अरब डालर यानी लगभग 2 लाख करोड़ रुपए रहा और रेडसियर स्टार्टेजी कन्स्लटेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 तक यह खर्च 80 अरब डालर यानी 7 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है, जब अनुमानित 20 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढने के लिए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री बी. मुरलीधरन ने 25 मार्च 2022 को लोकसभा को सूचित किया किया कि वर्तमान में 13 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ रहे हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार के इस वक्तव्य के अनुसार वर्ष 2021 में 4.44 लाख विद्यार्थी विदेशों में पढने गए। एक अन्य सरकारी वक्तव्य के अनुसार नवंबर 30, 2022 तक विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6.46 लाख थी, यानी 45 प्रतिशत की वृद्धि। यदि राज्यवार ब्यौरा देखें तो वर्ष 2021 तक विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों में 12 प्रतिशत पंजाब से, 12 प्रतिशत ही आंध्र प्रदेश से और 8 प्रतिशत गुजरात से थे। अगर युवाओं की कुल संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रत्येक हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश में प्रति हजार में 4 युवा और गुजरात से प्रति हजार में से कम से कम 2 युवा विदेशों में हर साल पढने जा रहे हैं। यदि वर्ष 2016 से 2022 की संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी भयावह दिखाई देती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 14 प्रति हजार है। विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि कई कारणों से चिंता का विषय है। सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि ये युवा पढ़ाई और रोजगार की तलाश में विदेशों को पलायन कर रहे हैं और इस कारण देश के समक्ष युवा शक्ति के पलायन की समस्या बढ़ रही है, इससे देश के उद्योग-धंधों के लिए श्रम शक्ति की कमी की समस्या भी आ सकती है। इसके अलावा देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। ऐसा देखने में आ रहा है कि उनके माता-पिता अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर इन युवाओं को विदेशों में पढने के लिए भेज रहे हैं। एक समय था कि विदेशों में रह रहे भारतीयों के माध्यम से पंजाब के गांवों में बड़ी मात्रा में विदेशों से धन आता था। विदेशों में पढ़ाई के इस क्रेज के चलते यह प्रक्रिया उलट हो गई है, यानी अब विदेशों से धन आने के बजाय विदेशों को धन भेजा जा रहा है। ऐसे में जब वर्ष 2024 तक विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 20 लाख और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि 80 अरब डालर पहुंच जाएगी, तो यह देश के लिए अत्यंत संकटकारी स्थिति का कारण बनेगा। नहीं है देश में शिक्षा सुविधाओं की कमी : गौरतलब है कि युवाओं का शिक्षा के लिए विदेशों में पलायन, देश में शिक्षा सुविधाओं की कमी की वजह से नहीं है। वास्तव में देश में पिछले दो-तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में भारी प्रगति हुई है। यदि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का प्रवेश देखें तो 1990-91 में जहां मात्र 49.2 लाख विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया, यह संख्या वर्ष 2020-21 में 414 लाख तक पहुंच गई। मोटे तौर पर उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले 30 वर्षों में 10 गुणा से भी ज्यादा हो चुकी है। यदि उच्च शिक्षा संस्थानों की बात की जाए तो देखते हैं कि वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43796 महाविद्यालय और अन्य स्वतंत्र संस्थान 11296 थे। इसी वर्ष देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में 15.51 लाख शिक्षक कार्यरत थे। देश में कई विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं और कई अन्य राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में निजी विश्वविद्यालय हैं और कई 'विश्वविद्यालय सम' यानी 'डीम्ड विश्वविद्यालय' हैं। देश में कई विश्वस्तरीय प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थान हैं, जिनसे शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी वैश्विक कंपनियों में उच्च पदों पर आसीन हैं। जहां तक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए फीस का सवाल है, अधिकांश भारतीय शिक्षा संस्थानों में फीस विदेशी संस्थानों में फीस से कहीं कम है और जिन विदेशी संस्थानों में भारतीय युवा प्रवेश ले रहे हैं, उनमें से अधिकांश का स्तर अत्यंत नीचा है। तो सवाल उठता है कि भारी भरकम राशि खर्च कर भारत के युवा विदेशी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश क्यों लेते हैं? इसका सीधा उत्तर यह है कि विदेशों में जाने वाले अधिकांश विद्यार्थी उच्च स्तरीय शिक्षा में प्रवेश लेकर वास्तव में कोई उच्च स्तरीय डिग्री प्राप्त करने के लिए जाते हैं, ऐसा नहीं है। आस्ट्रेलिया, कनाडा, और यहां तक कि इंग्लैंड समेत अन्य यूरोपीय देशों में जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों का वास्तविक लक्ष्य शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि वहां रोजगार प्राप्त करना है। लेकिन भारतीय युवा यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि इन देशों में भी रोजगार की भारी कमी है। कई देशों में वहां के स्थानीय लोग भारतीय एवं अन्य देशों से आने वाले युवाओं के खिलाफ हिंसा की वारदातें भी देखने को मिल रही हैं। देश से जाने वाले अधिकांश युवा विद्यार्थी वहां रोजगार प्राप्त करने में असफल हो रहे हैं और उन्हें स्वदेश वापस लौटना पड़ता है, जिसके कारण वे भारी कुंठा का भी शिकार हो रहे हैं। विदेश जाने के क्रेज को थामने की जरूरत : चूंकि व्यक्तिगत तौर पर विदेशों में जाने वाले युवा विद्यार्थी पूर्व में विदेशों में जाने वाले भारतीयों की सफलता की गाथाओं से प्रभावित होकर विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं। लेकिन वे यह समझ नहीं पा रहे कि आज कनाडा, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों में, जहां वे शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले रहे हैं, वे शिक्षा संस्थान स्वयं के अस्तित्व को बचाने हेतु भारतीय विद्यार्थियों को आसानी से अपने शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दे रहे हैं। यही नहीं, भारतीय और अन्य देशों के अति इच्छुक विद्यार्थियों से भारी फीस ऐंठने हेतु शिक्षा की कई दुकानें भी खुल रही हैं, जिनका वास्तविक शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकारों को विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को इस हेतु वास्तविकता से अवगत कराने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है, ताकि वे विदेशों में जाकर अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई को यूं ही न गंवा दें। गौरतलब है कि पिछले लगभग दो दशकों से भारत के कई नागरिक एजेंटों के माध्यम से विदेशों में, खास तौर पर खाड़ी के देशों में रोजगार की तलाश में गए और वहां उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन युवाओं के पासपोर्ट तक एजेंटों के द्वारा कब्जा लिए जाते थे और उनका तरह-तरह से शोषण भी किया जाता था।

# श्राद्ध कर्म की उपयोगिता एवं व्यावहारिकता

सनातन धर्मावलंबियों द्वारा पितरों की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए तर्पण, श्राद्ध कर्म आदि करना आवश्यक समझा जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्राद्ध करने से कुल में वीर, निरोगी, शतायु एवं श्रेय प्राप्त करने वाली संततियां उत्पन्न होती हैं। श्राद्ध करने से वृद्धि, पुष्टि, स्मरण शक्ति, धरणा शक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। भारतीय संस्कृति में पुत्रों या पौत्रों द्वारा पितरों के प्रति श्रद्धा तथा आस्था रखते हुए उनकी मुक्ति, सद्गति तथा शांति के लिए श्राद्ध कर्म करने का उत्तरदायित्व निभाना एक सभ्य, संस्कारी तथा जिम्मेदार मनुष्य की निशानी समझा जाता है। श्राद्ध का अर्थ श्रद्धापूर्वक किया हुआ वह संस्कार जिससे पितर संतुष्टि प्राप्त करते हैं। पितृपक्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है जो अमावस्या तक रहता है। मान्यता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और परिजनों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

**भारतीय** हिन्दू संस्कृति एवं परम्परा के अनुसार श्राद्ध का अभिप्राय श्रद्धा से है, इसलिए हर वर्ष पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों को याद करते श्राद्ध कर्म किया जाता है। प्रत्येक वर्ष पितरों की प्रसन्नता, दुःखों से मुक्त होने का पर्व श्राद्ध 16 दिनों तक मनाया जाता है। प्रत्येक परिवारजन मृत्युतिथि पर श्राद्ध, पिंडदान, जलदान आदि करके पितरों को तृप्त करते हैं। सनातन धर्मावलंबियों द्वारा पितरों की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए तर्पण, श्राद्ध कर्म आदि करना आवश्यक समझा जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्राद्ध करने से कुल में वीर, निरोगी, शतायु एवं श्रेय प्राप्त करने वाली संततियां उत्पन्न होती हैं। श्राद्ध करने से वृद्धि, पुष्टि, स्मरण शक्ति, धरणा शक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। भारतीय संस्कृति में पुत्रों या पौत्रों द्वारा पितरों के प्रति श्रद्धा तथा आस्था रखते हुए उनकी मुक्ति, सद्गति तथा शांति के लिए श्राद्ध कर्म करने का उत्तरदायित्व निभाना एक सभ्य, संस्कारी तथा जिम्मेदार मनुष्य की निशानी समझा जाता है। श्राद्ध का अर्थ श्रद्धापूर्वक किया हुआ वह संस्कार जिससे पितर संतुष्टि प्राप्त करते हैं। पितृपक्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है जो अमावस्या तक रहता है। मान्यता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और परिजनों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। मानवीय मूल्यों पर विचार करते हुए यह ठीक भी है कि हमें पारिवारिक जड़ों को याद रखते हुए अपने पूर्वजों के लिए आदर एवं सम्मान व्यक्त करना चाहिए। धार्मिक संस्कारों तथा सामाजिक परम्पराओं को जीवित रखते हुए यह आवश्यक भी है। संस्कृति तथा परम्पराओं का सम्मान करते हुए व्यक्ति को कुछ आवश्यक बातों पर गम्भीरतापूर्वक भी विचार करना चाहिए। वर्ष में एक बार पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म के समय अपने पूर्वजों तथा माता-पिता का कुत्ते, कौवे, गाय तथा भिखारी में अपने प्रियजनों का अक्स देखने वालों को यह याद रखना चाहिए कि हमने अमुक व्यक्ति के साथ उसकी मजबूरी, बीमारी तथा उसके जीते जी कैसा व्यवहार किया है? रूढ़िवादी परम्पराओं में लिप्त तथा आडम्बर करते हुए अपने भावों की अभिव्यक्ति का कोई लाभ नहीं होता। यदि हमने किसी व्यक्ति के साथ समय रहते अच्छा व्यवहार नहीं किया हो, उसका दुःख-दर्द महसूस न किया हो, मृत्युपरांत मात्र लोक लाज के लिए दिखावा एवं ढकोसलेबाजी करना कहां तक सही है? वर्तमान समाज में अपने माता-पिता तथा बुजुर्गों के साथ अपमान, अत्याचार, बदतमीजी तथा मारपीट करने की बहुत सी घटनाएं सामने आ रही हैं। घर के पालतु कुत्ते बुजुर्गों से अधिक प्रिय एवं सम्मानीय हो चुके हैं। घर में तकलीफ, लाचारी, बीमारी से ग्रसित वृद्ध रात भर कराहता रहता है। भोजन, पानी तथा दवाई के लिए तरसता रहता है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं होती। संस्कार रहित युवा तथा घर के बच्चे भी उसकी उपेक्षा करते हुए बदतमीजी करते हैं। समाज में असहाय वृद्धों को घरों के भीतर मारपीट तथा प्रताड़ित किया जाता है। फिर मरने के बाद पितृ कर्म से पुण्य प्राप्त करने का आडम्बर करते हैं। ऐसे निष्ठुर तथा क्रूर लोगों को तो जन्मजन्मांतर तक भी सुख-शांति तथा चैन नहीं मिलना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों को तो सामाजिक तथा कानूनी दृष्टि से अपराधी घोषित किया जाना चाहिए। वर्तमान समाज में वृद्ध आश्रम का खुलना विकास की निशानी समझा जा रहा है, लेकिन यह हमारी बुद्धि एवं सोच का दिवालियापन है। हालांकि किसी मजबूर एवं लाचार व्यक्ति के लिए ये वृद्धाश्रम वरदान भी साबित हुए हैं। कड़वा सच यह है कि समाज में अधिकतर वृद्ध अपनी ही औलादों के निकृष्ट एवं असंवेदनशील व्यवहार से कुंठित एवं ग्रसित हैं। घरों में वृद्धों को रखने तथा उनकी रोजाना भोजन व्यवस्था पर बेटों और बहुओं को आमतौर पर लड़ते-झगड़ते तथा हिसाब-किताब करते देखा गया है। अनेकों बड़े सम्भ्रांत परिवारों, पढ़े-लिखे, राजनेताओं, व्यापारियों तथा आला अधिकारियों के घरों में यह जगजाहिर तथा खुला सत्य है। यह बहुत ही गंभीर एवं विचित्र स्थिति है। ऐसे में विचार करने योग्य है कि मरने के चार वर्षों के उपरांत यदि किसी मृत आत्मा को श्राद्ध तिथि के अवसर पर पूड़ी, खीर, पकवान, फल, मेवे तथा वस्त्र मिल भी जाएं तो किस काम के? वृद्धाश्रम में रहने वाले उपेक्षित वृद्धों का मानना है कि जीते जी उनकी संतानें कपड़े, दवाई तथा खाने को भोजन नहीं देती तथा मरने के बाद लोकलाज के लिए श्राद्ध, पिंडदान तथा तर्पण का दिखावा करते हैं। अभी हाल ही में कानपुर के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रेम साहनी का बेटा उनकी मृत्यु पर कनाडा से घर नहीं पहुंच पाया। उल्लेखनीय है कि डॉ. साहनी अपने आवासीय परिसर में हृदयघात या फिर कोई जहरीला पदार्थ निगलने से मृत पाए गए थे। चण्डीगढ़ निवासी उनकी बहन डॉ. डेजी तथा डॉ. संजीव ने उन्हें मुखाग्नि दी तथा उनके बेटे को वीडियो कॉल से अन्तिम दर्शन करवाए गए। समाज को आधुनिक, व्यावसायिक तथा भौतिकवादी इन विचित्र स्थितियों पर गम्भीरता से विचार करना होगा। अपने पूर्वजों के सम्मान तथा उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धा का प्रतीक श्राद्ध अवश्य करें, परन्तु जीते जी उनसे प्रेम करें, उनका सम्मान करें, उन्हें सुख-शान्ति प्रदान करें। श्राद्ध कर्म का फर्ज निभाते हुए वृद्धों का दर्द भी महसूस करने का प्रयास करें। यह श्राद्ध कर्म सामाजिक रूप से पीढियों की सुख-शांति के लिए आवश्यक है, वहीं पर सही अर्थों में इसकी व्यावहारिकता को समझने की आवश्यकता है। मानवीय, सामाजिक, नैतिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करते हुए मृत प्रियजनों का श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करते हुए जीवित प्रियजनों के लिए सेवा, आदर एवं श्रद्धा का भाव रखें।

## देश दुनीया से

# पक्षियों का वास, बचाने की आस

उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक। भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बड्र्स (एसओआईबी) 2023 की रिपोर्ट से पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12 .40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है, क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं।

**भारत** पक्षियों के लिहाज से एक अनूठी विविधता वाला का देश है। यहां के विविध भौगोलिक इलाकों में पक्षियों की बहुरंगी प्रजातियां निवास करती हैं। उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक। भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बड्र्स (एसओआईबी) 2023 की रिपोर्ट से पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है, क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं। इस क्षेत्र में पक्षियों को वर्तमान में कई प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण खतरा निवास स्थान की हानि और ह्रास है। इसके बाद मानव और वन्य जीवों के बीच का संघर्ष है। आवासों की क्षति एवं हानि के मूल कारण जटिल व आपस में जुड़े हुए हैं। इन कारणों में शहरीकरण, ढांचागत विकास, वर्तमान कृषि पद्धतियां, अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक वन आच्छादन को खतरा, संसाधनों की उच्च विदेशी मांग और संरक्षण समर्थक नीतियों का अपर्याप्त कानूनी प्रवर्तन शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन एक और मंडराता हुआ खतरा है। मौसम के बदलते ढर्रे (पैटर्न), प्रवासन के बदले हुए मार्ग और भोजन की उपलब्धता में व्यवधान पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता तापमान पक्षियों के प्रजनन और घोंसला बनाने के पैटर्न को प्रभावित कर रहा है। परिणामस्वरूप कई पक्षियों के लिए अनुकूलन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों का समावेश एवं प्रसार भी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर और इको सिस्टम में परिवर्तन करके देशज पक्षियों की आबादी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इन खतरों से निपटने के लिए भारत ने पक्षियों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 10 वर्षीय योजना 'देश में पक्षियों की विविधता, उनके इको सिस्टम, आवास और भौगोलिक परिदृश्य के संरक्षण के लिए दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य योजना (2020-2030)' –का उद्देश्य भारत में पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण से संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाना है। यह कदम भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्ययोजना (2017 से 2031 तक) के अतिरिक्त है। इस कार्ययोजना में भी पक्षियों एवं उनके आवासों की सुरक्षा से जुड़े कई संरक्षण कार्य शामिल हैं। यह योजना पक्षियों की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए छोटी, मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं की एक श्रृंखला का प्रस्ताव करती है। गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति के लिए कार्यक्रम शुरू करती है। उनकी घटती हुई आबादी को थामने के लिए भौगोलिक परिवेश से संबंधित दृष्टिकोण पेश करती है। यह योजना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन के स्तर में बढ़ोतरी करने वाली मानवजनित गतिविधियां वैश्विक स्तर पर पर्यावरण पर भी प्रभाव डाल रही हैं। और इसीलिए, वह पक्षीजात (एविफॉन) पर ऐसे प्रभावों को कम व नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों का आह्वान करती है। भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है।

## दृष्टिकोण

# झूला झूलें पिंग लाल

**देश** में आजकल बारहमासी सावन के जिन झूलों का रिवाज है, उनमें रस्सी भी चीन की है और पटरा भी। लेकिन मुझे इस बात की पूरी तसल्ली है कि कम से कम पेड़ मेड इन इण्डिया हैं। जब तक देश में दरख्त हैं, तब तक हम इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि हम न सिर्फ मेक इन इण्डिया का आवाह्न करते हैं बल्कि अपने देश में पेड़ भी बनाते हैं और उन पर झूले भी डालते हैं। पर दुःख है तो केवल इस बात का कि इन झूलों पर चीन झूल रहा है और हमें कहना पड़ रहा है कि 'झूला झूलें पिंग लाल (शी जिनपिंग)'। जिनके हाथ में झूलों की रस्सियाँ हैं, वे शी जिनपिंग को गलबहियाँ डालने के बाद उसके साथ झूला झूलते हैं और बेचारा विकास ज़मीन पर पड़ा दर्द से बिलबिलाता रहता है। झूले की रस्सी थामने वाले ने साबरमती में जिनपिंग को चीन में बने स्टेंड, रस्सी और पटरे पर झूला झुलवाया था। जिनपिंग मेड इन इण्डिया पेड़ देखकर नाराज़ न हो जाएं, इसलिए झूले को पेड़ पर भी नहीं डलवाया गया। सच्ची दोस्ती की यही निशानी है कि जिसके साथ की जाए, उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए। देश का क्या, वह तो चीन में बनी रस्सी, पटरे और स्टेंड की तरह कहीं भी बनाया जा सकता है। वैसे भी जब चीन ने लद्दाख और अरुणाचल में अपने तम्बू तानने के बाद गाँव बसा ही लिए हैं तो उसे देश के बाक़ी हिस्सों में पहुँचने से भला कौन रोक सकता है। हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर अकाट्य तर्क पेश करते हैं कि सवाल कॉमन सेंस का है। चीन बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम छोटी। क्या किसी छोटी अर्थव्यवस्था को बड़ी अर्थव्यवस्था से पंगा लेना चाहिए। क्यूबा और फिदेल कास्त्रो की बात और है कि उसने आकार और अर्थव्यवस्था में संयुक्त राज्य अमेरिका के सामने चिंदी होने के बावजूद उससे हार नहीं मानी। अमेरिका झल्लाता रहा, पर कुछ नहीं कर पाया। लेकिन फिदेल कास्त्रो की तरह दाढ़ी रखने का मतलब यह तो नहीं कि हमारे परिधान मंत्री शी जिनपिंग से भिड़ जाएं। फिदेल कास्त्रो ने कभी अपनी छाती का नाप नहीं बताया। कम से कम हमारे परिधान मंत्री अपने सीने का नाप तो बताते हैं। भले उनके कपड़े का नाप लेने वाला दरजी कहता रहे कि उनकी छाती का नाप तैंतालीस इंच है। पर दावा तो दावा है। वादे और दावे में केवल अक्षर ही आगे-पीछे हैं। लेकिन दोनों की ज़ात तो एक है। पर ऐसा भी नहीं कि चीन का झूला डाल पर ही पड़ा दीखे या किसी चीनी स्टेंड पर। उन पत्रकारों और न्यूज़ हाऊस से पूछ कर देखिए, जिनके गले में आजकल ईडी के झूले पड़े हैं। राष्ट्रपिता की जंयती के अगले दिन सुबह-सवेरे जब चार दरजन से अधिक ये हजरात अभी अपनी हाजत भी नहीं उतार पाए होंगे कि ईडी ने उनके गले में झूले डाल दिए। चीन से जिन भारतीयों के सीधे व्यापारिक सम्बन्ध हैं, जो चीनी कम्पनियाँ सीधे भारत में निवेश कर रही हैं या जिन चीनी कम्पनियों ने पीएम केयर फंड में भारत में अपने व्यापारिक हितों की पैरवी के लिए खरबों का निवेश किया था, उन्हें छोड़ कर ईडी ने ऐसे न्यूज़ हाऊस पर छापा डाला, जिसे अमेरिका निवासी किसी साम्यवादी विचारधारा के समर्थक रिटायर उद्योगपति ने करीब दस करोड़ का चंदा दिया था। आजकल भारत में बीजे पार्टी की सरकार जिस तरह ईडी का उपयोग कर रही है, उससे मुझे युँगाडा के तानाशाह ईदी अमीन की बड़ी याद आ रही है। ईडी और ईदी में केवल ड और द का फर्क है। लेकिन अपने विरोधियों को गले लगाने का दोनों का तरीका एक सा है। ईदी का हश्र तो पूरी दुनिया जानती है। पर ईडी पर कोई फर्क नहीं पडने वाला। अगली सरकार जिसकी होगी, वह भी अपने विरोधियों के गले में इसी तरह से ईडी की गलबहियाँ डलवाएगी।

# जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न, विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, रूबर्न मिशन योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबा साहब भीम राव आंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजना, विद्युत प्रमण्डल, अमृत सरोवर, लेबर भुगतान, नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम, मानव दिवस सृजन, 15वें वित्त आयोग द्वारा संचालित योजना, विशेष केन्द्रीय सहायता मद से संचालित योजना, सामाजिक सुरक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजना समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निदेश दिए।नेशनल मोबाइल मोनेट्रिंग सिस्टम के समीक्षा के क्रम में परियोजना पदाधिकारी द्वारा पावर ऑफ प्रेजेंटेशन प्वाइंट के माध्यम से बताया गया कि नेशनल मोबाइल मोनेट्रिंग सिस्टम में सामुदायिक योजना में कार्य करने वाले मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जाती है। सिमरिया प्रखंड की प्रगति इस क्षेत्र में शून्य है। इस पर अपर समाहर्ता ने गहरी नाराजगी जताते हुए सिमरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी को फटकार लगाया और कहा इससे यह प्रतीत होता है की बीपीओ कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। बीपीओ से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए नियम संगत कार्रवाई करें और आज शाम तक पोर्टल पर अपडेशन के कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। आगे मनरेगा मजदूर के आधार बेस पेमेंट सिस्टम के समीक्षा के क्रम में प्रतापपुर प्रखंड, चतरा प्रखंड समेत कई अन्य प्रखंड की प्रगति ९८त्र से कम देखी गई। इसपर उन्होंने सख्त शब्द में कहा इसमें जल्द से जल्द सुधार करें। यह सुनिश्चित करें की अगली समन्वय समिति के बैठक से पूर्ण प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार हो अन्यथा संबंधित लापरवाह अधिकारी व कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी बीपीओ द्वारा किए जा रहे कार्य का मोनेट्रिंग करें एवं सप्ताह में एक दिन प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं का बिंदुवार समीक्षा करें और उसका प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराएं।कूप निर्माण के समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी कूप निर्माण की योजनाएं जो तय समय सीमा के पश्चात भी पूर्ण नहीं हुआ है और लाभुक द्वारा सरकारी योजना में लापरवाही बरती जा रही है।

# टीबी उन्मूलन को लेकर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के उच्च विद्यालय सी एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में पीरामल फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य टी बी उन्मूलन के लिये जन भागीदारी अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। 150 बच्चों और स्कूल की प्रिंसिपल तृप्ति भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रोग्राम में बच्चों को क्षय रोग के बारे में जागरूक किया गया। और उन्हें सरकार से मिलने वाले अनुदान के बारे में भी बताया गया। पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा उन्हें प्रोत्साहित किया गया साथ ही कहा गया कि अपने आसपास टी बी के लक्षण वाले कोई भी व्यक्ति दिखाई पड़े वैसे लोगों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में हर संभव मदद करें। सरकार के संचालित योजना 2025 तक टी बी मुक्त भारत अभियान में अपना जनसहयोग अवश्य दें आयोजित क्रार्यक्रम में बच्चों को टी बी बीमारी से संबंधित हर तरह की जानकारियां दी गई है। आयोजित कार्यक्रम में पीरामल स्वास्थ्य के सौमेन साव, योगेंद्र मोहन, पवन मिश्रा, साबिर अंसारी और गांधी फेलो सुष्मिता साहू, आकांक्षा जयसवाल, स्नेहा सोनकर, परशुराम, अभिषेक यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को दी गई श्रद्धांजलि

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड़ में बुधवार को दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के सम्मान में प्रार्थना सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शांत वातावरण में दो मिनट मौन प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के प्राचार्य फादर एम के जोस की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कार्डिनल एक भला चरवाहा व महान व्यक्ति थे। उन्होंने छोटानागपुर की कलीसिया, आदिवासी समाज, झारखंड व देश के अमन चैन और तरक्की के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये। वे छोटे बड़े एवं सभी मजहब के प्यारे थे। शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति भी उसका एक विशेष लगाव था । इस दौरान अंजना एक्का ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो की जीवनी व उनके साथ के अपने अनुभव को उपस्थित लोगों के साथ साझा की। सहायक प्राध्यापक मैक्सेनसियुस कुजूर कार्डिनल के साथ अपने अनुभव साझा किये एवं श्रद्धांजलि अर्पित किये । सभी शिक्षक एवं छात्र प्रतिनिधियों ने भी कार्डिनल के अच्छे व प्रेरणादायक गुणों को अपनाने की बात कहते हुए श्रद्धांजलि दी। कॉलेज के सभी प्रधयापक व छात्र-छात्राओं ने भी कार्डिनल के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक अभय सुकुट डुंगडुंग ने किया। कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो की आत्मा को ईश्वर अनंत शांति प्रदान करे।

# निजी स्कूलों में बढ़ी हुई फ़ीस कम करने का दिया गया निर्देश

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर के द्वारा निजी स्कूलों के द्वारा सरकार के नियम के विपरीत मनमाने फ़ीस बढ़ोतरी किये जाने के ख़िलाफ़ शिकायत किये जाने और धरना करने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने मामले को सज्ञान लेते हुए बुधवार को प्रखंड कार्यालय में जिप सदस्य और बीडीओ के साथ मिलकर सभी निजी विद्यालय के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में फ़ीस का लेखा-जोखा की जांच करते हुए कई विद्यालयों के द्वारा मनमानी फीस वसूली की जाने की पुष्टि हुई जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संचालकों को फटकार लगाई गई और एक माह के अंदर बढ़ी हुई फीस को कम करने का निर्देश दिया साथ ही मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25 त्र गरीब परिवार के बच्चो को दी जाने वाली निःशुल्क शिक्षा की रिपोर्ट माँगी गई । जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पूरे मामले की निगरानी करने का निर्देश दिया साथ ही निर्देश का पालन नही करने वाले विद्यालय की मान्यता रद्द करने की भी चेतावनी दी गई।

# स्व. गौरी प्रसाद साहू के पुण्यतिथि पर हुआ फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** प्रखंड क्षेत्र स्थित जगपति भवन में स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू को 16वें पुण्यतिथि के अवसर पर लोगों ने याद किया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उनके विचारों के बारे में उल्लेख किया।आपको बताते चलें कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू एक समाजसेवी और संघर्षशील कांग्रेसी नेता थे उनकी हत्या 10 अक्टूबर 2007 को उग्रवादी के द्वारा उनके पैतृक आवास बंदुआ में गोली मारकर कर दी गई थी। उन्होंने जीवन काल में कई गरीबों को निःस्वार्थ भाव से सेवा किया। स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू कांग्रेस पार्टी के मनिका प्रखंड अध्यक्ष पद पर भी कई वर्षों तक रहे उनके याद में स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के तीनों पुत्र राजीव रंजन कुमार साहू रंजीत कुमार साहू सुजीत कुमार साहू प्रत्येक वर्ष अपने पिताजी के याद में 10 अक्टूबर से यशकायी गौरी प्रसाद साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करते हैं, जिसमें पूरे जिले के फुटबॉल टीम की खिलाड़ी भाग लेते हैं पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान बलवंत सिंह विश्वनाथ पासवान पप्पू पासवान लालू प्रसाद महावीर प्रसाद विजय प्रसाद बैजनाथ प्रसाद बच्चन यादव मुकेश कुमार उमाशंकर गुप्ता लल्लू राम वीरेंद्र कुमार यादव विकेश ठाकुर समेत सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित किए वहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा की स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू हमारे मित्र और भाई दोनों थे उनकी याद आज भी हमें आती है उन्होंने काहा की कांग्रेस पार्टी के लिए यह अपूरणीय छती है जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती है।

# राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध चुन्द्रु धाम परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता सामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम के शुरुवात में टंडवा के टाउन हॉल में कांग्रेस पार्टी के द्वारा लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पर पूरे प्रखंड एवं जिले की समस्याओं को लेकर लोगो ने सूबे के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता के समक्ष अपनी अपनी मांगों को लेकर पत्र सोपा। इसी सिलसिले में झारखंड पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के चतरा जिला के सभी प्रखंडों के स्वयंसेवकों ने अपनी मांगों को रखा। वही प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त स्वास्थ, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी जैसे कई मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर लोगों ने मंत्री श्री गुप्ता को ज्ञापन सोपा। इसके उपरांत चुन्द्रु धाम परिसर में आयोजित कांग्रेस पार्टी मिलन समारोह कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद धीरज साहू, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू ,बड़का गांव विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह समेत कई कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवम् कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड के समाजसेवी पूर्व आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला सचिव सह सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी प्रेम रंजन पासवान ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

# हरा राशन कार्डधारियों का राशन वितरण शुरू

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के हरा राशन कार्डधारियों को राहत मिली है। जहां खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राज्य सरकार ने वंचित कार्डधारियों को हरा राशन कार्ड जारी कर प्रति यूनिट पांच किलोग्राम चावल उपलब्ध कराने की योजना बनाई थी। वहीं प्रखंड में लगभग 2500 से भी ज्यादा कार्डधारी थे, जिसमें लगभग 1000 कार्ड लाल कार्ड में परिवर्तित हो गया है। फिलहाल 1567 हरा कार्डधारी हैं जिन्हें फरवरी और मार्च माह का राशन वितरण शुरू किया जा चुका है । बताते चलें कि पिछले कई महीनों से हरा कार्डधारियों के अनाज का आवंटन नहीं किया जा रहा है। जहां वित्तीय वर्ष 2022 नवंबर से अप्रैल 2023 तक का खाद्यान्न का आवंटन हो चुका है जिसमें अबतक संबंधित डीलरों के द्वारा लगभग चार माह का खाद्यान्न उठाव कर वितरण किया गया साथ ही मार्च माह का खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। सुत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि हरा राशन कार्डधारियों के उनके खाद्यान्न वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जहां जिन कार्डधारियों का कार्ड परिवर्तित हो जाता है उन्हें डीलर के द्वारा राशन वितरण में दिग्भ्रमित किया जाता है।

# वन विभाग ने कोयला लदे चार ट्रक को पकड़ा

**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित चेक पोस्ट के पास मंगलवार की रात्रि वन विभाग कर्मियों के द्वारा कोयला लदे चार ट्रक पकड़ा गया। सभी ट्रकों को रोककर कागजात की मांग की गई तो उक्त चारों ट्रक के चालक ने समय फेल चालान दिखाया। पकड़े गए वाहनों में जे एच 02 ए डब्लू 3990, जे एच 02 ए डब्लू 6892, जेएच 02 ए एन 7603, जे एच 02 ए एल 0459 शामिल है। मनिका वन विभाग के रेंजर ठाकुर पासवान ने बताया कि पकड़े गए सभी वाहनों का चलान फेल पाया गया। चारों ट्रक दिनांक 9 10 2023 को अमरपाली से बनारस के लिए कोयला लोडिंग किए थे। 10 तारीख को बनारस पहुंचना था लेकिन 10 तारीख को रात्रि में मनिका चेक पोस्ट पर सभी वाहन को पकड़ा गया। श्री पासवान ने कहा कि सभी वाहनों की कागजात की जांच की जा रही है जांच के बाद विधि संवत कार्रवाई की जाएगी।

# एकल विद्यालय के तहत दो दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित कालेश्वरी मंदिर के प्रांगण में एकल विद्यालय के तहत दो दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण समापन मंगलवार को किया गया। यह कार्यक्रम जिला अंचल अध्यक्ष महेंद्र राम के अध्यक्षता में की गई। संचालन प्रशिक्षण दे रहे प्रमुख सुरेश रविदास ने किया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में 6 प्रखंड के लोग शामिल हैं जिसमें लगभग 40 की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।जिसमें गिद्धौर मयूरहंड चतरा कान्हाचट्टी परतापुर और इटखोरी प्रखंड के लोग सम्मिलित हैं। इस प्रशिक्षण में उपस्थित लोगों को कई अहम जानकारियां बताई गई। जैसे अपने आस्था से जुड़े रहना किसी भी प्रकार का धर्म परिवर्तन नहीं करना किसी के बहकावे में न आना अपने अभिभावकों का आज्ञा का पालन करना संस्कृत से जुड़े जानकारियां बताई गई।मौके पर उपस्थित भाग आरोग्य प्रमुख रामनिवास पांडेय उपाध्यक्ष निरंजन प्रजापति अभियान प्रमुख प्रमोद यादव कार्यालय प्रमुख अमन पांडेय के साथ प्रशिक्षण ले रहे संम्भु शरण यादव सुचित कुमार मनोरमा कुमारी किरण देवी सुनीता कुमारी गुड़िया कुमारी ज्योति कुमारी रुबी कुमारी रिंकू कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# नगर परिषद प्रशासक की अगुवाई में चलाया गया नो पार्किंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** नगर परिषद के प्रशासक विनीता कुमारी के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में नो पार्किंग खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। चार और दो पहिये वाहनों को जप्त करते हुए सदर थाना को सौंपा गया। नगर परिषद प्रशासक विनीता कुमारी द्वारा बताया गया की सभी वाहन मालिक अपने वाहन को सड़क के येलो लाइन के अंदर गाड़ी खड़ा करे और साथ में वाहन मालिकों को पार्किंग में वाहन खड़ा करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। शहर वासियों तथा राहगीरों को चतरा शहर में जाम से निजात मिलेगा। गौरतलब है की शहर के मेन रोड में यातायात व्यवस्था सुगम करने में सबसे ज्यादा बाधक सबसे ज्यादा सड़क के किनारे खड़े वाहनों से होते है ।चालक अपने वाहन पार्किंग में खड़ी न करते हुए सड़क के दोनो ओर खड़ी कर देते हैं जिससे यातायात बाधित हो जाता है। इससे आम जनता को परेशानी होती है। इस अभियान में नगर प्रबंधक सह नोडल रोहित डेविड, गुड़िया,कनीय अभियंता रमेश कुमार,गोपाल मंडल, आनंद कुमार, राजू ओरॉव, अभय राजहंस सभी टैक्स कलेक्टर और थाना से पुलिस बल अन्य नगर परिषद् कर्मचारी मौजूद थे।

# अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर टीटीआइपीएल कंपनी में की गयी छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को रेलवे थर्ड लाइन निर्माण कार्य में लगे टीटीआइपीएल कंपनी का स्थलीय निरीक्षण खान निरीक्षक राजेश हांसदा के द्वारा किया गया। निरीक्षण कि क्रम में स्थल पर बालू का भंडारण 25 सौ सीएफटी एवं 3 हजार सीएफटी पत्थर चिप्स पाया गया, जिसके बाद कंपनी से स्पष्टीकरण किया गया एवं अविलंब स्पष्टीकरण का जबाव मांगा। गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी उपायुक्त हिमांशु मोहन को गुप्त सूचना मिल रही थी कि टीटीआइपीएल कंपनी के द्वारा बालू का भंडारण किया जा रहा है। जिसके बाद उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को जांच को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी ने खान निरीक्षक को अविलंब छापेमारी को लेकर निर्देश दिए जिसके आलोक में खान निरीक्षक के द्वारा चंदवा में टीटीआइपीएल कंपनी स्थल की जांच की गयी जहां बालू का भंडारण कुल 2500 सीएफटी एवं 3000 सीएफटी पत्थर चिप्स पाया गया जिसमें 10 एमएम का 15 सौ जबकि 20 एम 1500 सीएफटी पाया गया। जिसके बाद डीएमओ के द्वारा कंपनी से स्पष्टीकरण पुछा गया एवं स्पष्टीकरण का जबाव देने को लेकर निर्देशित किया गया।

# छिपादोहर पुलिस ने नदी के तेज धार मे बहे व्यक्ति का शव किया बरामद

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर पुलिस ने गणेशपुर गांव निवासी सुरेंद्र कोरवा का नवरनागु स्थित ढोलपथना जंगल के समीप कोयल नदी से शव किया बरामद। इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर को मजदूरी करके वापस घर जाने के दौरान कोयल नदी के तेज धार में छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव निवासी सुरेंद्र कोरवा बह गया था। इसके बाद परिजनो के द्वारा काफी खोजबीन की गई परंतु इसका पता नहीं चल पाया। जिसके बाद परिजनों के द्वारा 8 अक्टूबर को छिपादोहर थाना में मामला दर्ज कराया। मामले की सूचना मिलते ही छिपादोहर पुलिस टीम एक्शन मोड में आई और शव की खोजबीन के लिए जुट गए। काफी प्रयास करने के बाद महज 24 घण्टे मे शव को बरामद किया गया। वही शव को बरामद किए जाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया।पोस्टमार्टम किए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। उधर परिवार वालो के द्वारा अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज के तहत किया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार समेत छिपादोहर पुलिस टीम ने शव बरामदगी में अहम भूमिका निभाई। परिजनों ने पुलिस टीम को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के डिग्री कॉलेज इकाई की घोषणा

## नीलम बनी कॉलेज अध्यक्ष व विशाल बने कॉलेज मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के मनिका डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023–2024 के लिए प्रथम इकाई की घोषणा की गई,सर्वसमिति से नीलम कुमारी को कॉलेज अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया, चंदन कुमार, सावित्री कुमारी, उज्ज्वल कुमार, एवं रुचि प्रिया को कॉलेज उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया ,वहीं विशाल कुजूर को कॉलेज मंत्री बनाया गया। जानवी सोनी, पूजा कुमारी, सुनीता कुमारी एवं रीना कुमारी को कॉलेज सह मंत्री, उज्ज्वल कुमार(मोहित) को कॉलेज सोशल मीडिया प्रभारी, अभिषेक कुमार को कॉलेज एसएफएस प्रमुख, सोनी कुमारी को कॉलेज सह एसएफएस प्रमुख, राकेश कुमार को कॉलेज एसएफडी प्रमुख, रिचा कुमारी को कॉलेज सह एसएफडी प्रमुख का दयित्व सौंपा गया।वहीं आशीष कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, रेशमी कुमारी, राजू कुमार यादव, रामसेवक यादव, सुजंती कुमारी, सीमा कुमारी, सरस्वती कुमारी, लीलावती कुमारी, विक्की यादव,एवं रेशमी कुमारी को कॉलेज कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। इसकी घोषणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने किया।मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने कहा कि अभाविप लातेहार जिला एवम मनिका नगर निरंतर छात्र हित में काम कर रही है और हमेशा करते रहेगी, और अब कॉलेज इकाई बनने के साथ ही हम और दृढ़ निश्चय और मजबूती के साथ छात्र हित में कार्य करेंगे ,सभी नए दयित्ववान कार्यकर्ता छात्र हित, समाज हित व राष्ट्रहित में काम करने को अग्रसर रहेंगे।नवनियुक्त कॉलेज अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता चुनौतीपूर्ण है, कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता होगी की जल्द से जल्द डिग्री कॉलेज मनिका में सभी विषयों के शिक्षकों की बहाली करवाई जा सके। नवनियुक्त कॉलेज मंत्री विशाल कुजूर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मनिका में अभाविप जोर शोर से छात्र हित के कार्य में लगी हुई है और हर मुश्किल घड़ी में हम छात्रों के साथ खड़े हैं, छात्रों के हित के लिए हम कुछ भी कर गुजरने को तत्पर हैं।

# हंटरगंज में टुनटुन मार्केट के ऊपर तल्ला में काम करने वाली 15 वर्षीय मुस्कान की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** मुख्यालय बाजार के प्रसिद्ध व्यवसाय टुनटुन मार्केट के आवासीय फ्लोर से एक घर में काम करने वाली 15 वर्षीय युवती का सन्देहस्पद स्थिति में मौत हो गई और उसका शव बरामद किया गया। बच्ची दंतार गांव के प्रमोद भारती की 15 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी बताई जा रही है। मुस्कान टुनटुन गुप्ता के घर में रह कर घर का काम करती थी। पिछले दो वर्षों से यहां काम कर रही थी।प्रातः लगभग 11 बजे मृतक के परिजनो को खबर दी गई की मुस्कान की तबीयत खराब हो गई है। जब उसके माता-पिता टुनटुन गुप्ता के घर पहुंचे तो देखा कि मुस्कान मृत अवस्था में पड़ी हुई है। टुनटुन गुप्ता और उनके घर वालों ने बताया कि मुस्कान फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद परिजन शव को लेकर खूंटीकेवाल स्थित अपने घर पर आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस खुटिकेवाल गांव पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस प्रथम दृष्टिया शव के जांच पड़ताल के दौरान पाया की मृतक के शरीर के कई जगहों पर जला हुआ निशान पाया गया है।मृतक के माता-पिता और परिजन आरोप लगा रहे हैं की मुस्कान की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। मुस्कान के पिता ने आरोप लगाया है कि मामला को रफा दफा करने के लिए उसके पिता को एक लाख का लालच भी दिया गया। लेकिन मुस्कान के माता-पिता और उसके समुदाय के लोग इसका पुर जोर विरोध किया और शव को अपने घर ले आए। टुनटुन गुप्ता का कहना है कि मुस्कान घर के सबसे ऊपरी तल्ला पर स्नान करने के लिए गई थी। काफी देर बाद जब घर की महिलाएं वहां गई तो उसे फंदे से लटकता हुआ मिली। इसके बाद उसे नीचे उतारा गया। लेकिन उससे पहले मुस्कान दम तोड़ चुकी थी।थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का जांच किए हैं। पुलिस मामले की गहन छानबीन में जूट गई है। एक ओर मृतक के माता-पिता मुस्कान की हत्या बता रहे हैं।वहीं व्यवसाय टुनटुन गुप्ता ने मुस्कान के द्वारा आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया है।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची, गुरूवार, 12 अक्टूबर 2023 | पेज 8

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रसेन भवन में हुई प्रतियोगिताएं

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को प्रॉप गेम, कौन है इंटेलिजेंट और डांडियां प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रॉप गेम के संयोजिका शशि मुनका और साक्षी अग्रवाल थी । कौन है इंटेलिजेंट के संयोजक ऋषभ अग्रवाल और अश्विनी अग्रवाल थे द्य वहीं डांडिया प्रतियोगिता के संयोजिका शोभा मूनका एवं कविता गोकुलका थी । मंगलवार को हुई क्राफ्ट बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर केशव अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर अंशिका अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर चिन्मय अग्रवाल रहे । मेहंदी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रुचि अग्रवाल, सोनाली बंसल, द्वितीय स्थान पर नमृता अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर अमिता अग्रवाल रही । नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सांची अग्रवाल, ईसी अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर अनन्या खेमका, अद्विक सिंघानिया, आध्या अग्रवाल, भावया अग्रवाल, और तृतीय स्थान पर अक्षत अग्रवाल, अविष्का बंसल रहे, आरना अग्रवाल,कार्तिक गर्ग रहे । जयंती संयोजक नीरज अग्रवाल एवं सुमन रामराइका ने बताया की गुरुवार को 1 मिनट ,एक नजर,एक झलक,कौन है इंटेलिजेंट पार्ट 2 और फोक डांस आयोजित की जाएगी । मौके पर अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल उर्फ चीकू, सचिव अमन चौधरी, और कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल , मनोज अग्रवाल, विनीत मुनका आदित्य नर्नोली, सावन अग्रवाल, विवेक मुनका, नितिन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल ,सौरव गोयल,कुशल मूनका,सौरव राम राइका, हर्ष गोयल, सूरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, ऋषब अग्रवाल, अमित खेतान, पंकज मुनका,अभिनव चौधरी, अश्विनी अग्रवाल, नामित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, सचिन अग्रवाल,राहुल सिंघानिया, मौजूद थे ।

### जयंत सिन्हा ने टीम का गठन किया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा ने हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के निरीक्षण हेतु एक टीम का गठन किया है। निरीक्षण टीम के द्वारा अस्पताल के जांच के क्रम में अनेकों खामियां सामने नजर आई जिसका निराकरण जनहित में अति आवश्यक है। जांच के क्रम में जिन-जिन बिंदुओं में सुधार करने की आवश्यकता है इसका प्रतिवेदन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अधीक्षक को प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से दिया गया।प्रतिवेदन में सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, प्रमुख बिंदुओं पर सांसद प्रतिनिधि प्रफुल कुमार ने अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सर्वप्रथम दुर्घटना में घायलों को सिर्फ प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया जाता है। यह काफी गंभीर और चिंता का विषय है।

### कोई भी जनहित समस्या हो तुरंत संपर्क करें : जिप सदस्य

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड के शिलाडीह पंचायत के बनवारी में जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, समाजसेवी सी के पाण्डेय, सुरेश कुमार पाण्डेय कारू पंडित ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किये 63 केवीए ट्रंसफॉर्मर का उद्घाटन। बनवारी में एक माह से ट्रंसफॉर्मर जला पड़ा था। इस शुक्रवार को समाजसेवी युगल पंडित उर्फ कारू पंडित, राजकुमार पंडित, मुमताज अंसारी एवं अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा इसकी सूचना बरकट्ठा जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय को मिली। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों जेई, एसडीओ, एक्सक्यूटिव एवं जीएम से बात करके सिर्फ 3 दिनों के अंदर बनवारी को 63ज्यङ्क का नया ट्रंसफॉर्मर उपलब्ध करवाया था। इस कार्य हेतु जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय ने बिजली विभाग के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। ट्रंसफॉर्मर मिलने की खुशी में बनवारी के ग्रामीणों ने जिप सदस्य एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय को दिल से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर युगल पंडित उर्फ कारू पंडित, शूली पंडित, शाहबाज अंसारी, सरवर अंसारी, राजकुमार पंडित, विनोद पंडित, बबलू पंडित, सुबोध पंडित,फ़िरोज़ अंसारी, रफीक अंसारी, सकुर मियाँ, तस्लीम अंसारी, सहजाद अंसारी, सुनीता देवी, शांति देवी, चंपा देवी, राबिया खातून, सुनील शर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रमुआ वनसुरक्षा समिति के अध्यक्ष बने दीपक कुमार रजक, सचिव दीपाली देवी

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वनविभाग द्वारा जंगल सुरक्षा हेतु समिति गठन के लिए बेड़ाहरियारा मुखिया रामचन्द्र यादव की अध्यक्षता में राममंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया ,बैठक का संचालन अंचल कर्मचारी राजेश कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से रमुआ अंतर्गत वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष का चयन दीपक कुमार रजक तथा सचिव दीपाली देवी के रूप में किया गया। बैठक में सदस्यो के रूप में ममता देवी,तारा देवी,रीता देवी,सविता देवी,सुमन देवी,कौशल्या देवी,माणिक यादव,कारू प्रजापति,ओम प्रजापति,चिंतामन प्रजापति,राहुल गुप्ता,महेंद्र प्रजापति,धर्मवीर यादव का चयन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### माण्डू विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत में बैंक ऑफ इंडिया के समीप मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन किया। ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिलने पर मांडू विद्यायक ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से बात कर तत्काल ग्रामीणो की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया।ग्रामीणों के अनुरोध पर मांडू विधायक ने 10 अक्टूबर 23 को व्यस्तम कार्यक्रम के बावजूद शाम करीब 07ः00 ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन किया।इस मौके पर कार्यकताओ संग चर्चा के दौरान के चेडरा पंचायत बके घटवार टोला में व्यपक रूप से फैले डायरिया के बारे में सूचना दी गई,जिसपर संज्ञान लेते हुए विष्णुगढ़, सीएचसी प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिंह से मारिजों की स्थिति की जानकारी लेते हुए डॉ. अरुण कुमार को चलंगा,घटवार टोला जाकर जायजा लेने कहा। आगे सिविल सर्जन से भी बात करते हुए उन्हें भी डायरिया पीड़ित मरीजों से मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का आदेश मांडू विद्यायक ने दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव, मंत्री निर्मल कुमार,राजेश सोनी,पंसस मुन्नी देवी,टेकोचन्द महतो,दीपक कुमार रजक,सुखदेव मंडल,गणेश कुमार महतो,कन्हाई यादव,रामप्रसाद ठाकुर,मनोज सोनी,राहुल कुमार कसेरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह को अपेक्स इंडिया सेफ्टी अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना पिछले कई वर्षों से सामुदायिक विकास कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। सामुदायिक विकास कार्यों के तहत परियोजना के आसपास तमाम आधारभूत संरचनाएं जैसे सड़कों का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, पर्व-त्योहार में ग्रामीणों की मांग के अनुसार मदद के साथ-साथ सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाली कौशल विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी का परिणाम है कि ढेंगा स्थित खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में पिछले कई सालों से सैकड़ो बच्चे प्रशिक्षण लेकर देश की कई बड़ी कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। अब इन्हीं योगदानों को देखते हुए अपेक्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित आठवीं अपेक्स इंडिया सेफ्टी अवार्ड 2023 में पकरी बरवाडीह को सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पकरी बरवाडीह द्वारा मैती प्रशिक्षण केंद्र से कौशल विकास के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए नवाजा गया है।




## हिंदी पढ़ाने वाले 36 शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को बीआरसी कार्यालय बरही में शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंडस्तरीय बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का 3 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के तृतीय बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के कक्षा एक एवं दो में हिंदी पढ़ाने वाले 36 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। बुनियादी साक्षरता के आठ घटकों मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्णज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन के साथ-साथ पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई। निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बीईओ रामसेवक प्रसाद दांगी द्वारा शिक्षकों को कक्षा में एफएलएन किट को उपयोग करने और शिक्षक संदर्शिका के अनुसार नियमित रूप से बच्चों के साथ पठन कार्य करने के लिए कहा गया।



## खेल प्रतियोगिता -2023 में भाग लेने के लिए खिलाड़ी रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रमण्डल स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता -2023 का आयोजन दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को हजारीबाग में आयोजित होगा। इसी क्रम में बुधवार को जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेमरोम ने जिला स्तरीय (बालक / बालिका ) प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं टीम को प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों के साथ झमन करमाली, चांदनी कुजूर, सोनी कुमारी कोच/मैनेजर को अनुमंडल कार्यालय से रवाना किया। इस दौरान प्रकाश महतो, भोला नाथ महली, सूरज मुंडा एवं अन्य उपस्थित हुए।



## बरही की जन समस्याओं को लेकर बरही चौक पर एक दिवसीय धरना संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही चौक पर बुधवार को बरही की जन समस्याओं को लेकर राजद के प्रदेश सचिव समाजसेवी युवा नेत्री पूनम यादव ने एक दिवसीय धरना दी। धरना में करीब दर्जन भर से अधिक महिलाएं और पुरुष शामिल थे। धरना के माध्यम से पूनम यादव ने कहा कि मैं कोई राजनीतिक के लिए धरना पर नहीं बैठी हूं। यह धरना बरही की जनता की उपेक्षित मांगों के लिए है। यह कार्य तभी सार्थक और सफल होगा जब आप हमें सहयोग करेंगे। वहीं उन्होंने प्रस्तावित मुख्य चार बिंदुओं के बारे में जनता के बीच संबोधित करते हुए कहा कि बरही के पीएचईडी कार्यालय में गंदगी का अंबार है। जिससे आसपास के लोग डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी से ग्रसित होने की संभावना है। दशकों से पीएचईडी के जल मीनार से पानी की बूंद बूंद के लिए उपेक्षित जनता त्राहिमाम रही है। बस स्टैंड है, लेकिन अब तक उसका उद्घाटन नहीं हो सका।

जिसके कारण बेतरकीब ढंग से वाहनों का ठहराव से बरही चौक पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। एशिया का दूसरा चौक कहे जाने वाले बरही चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से नग्न है। जिसके कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती है। बरही चौक चौराहे पर ठेला खुमचे से सड़क पर अतिक्रमण है, धनबाद रोड में डेली लगने वाली बाजार से अतिक्रमण, मैं किसी का रोजगार नहीं मारना चाहती। पर ऐसा क्यों हो रहा है। जिसे हम सभी बरही विधान सभा का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव में जिताते हैं, वह हमारी व्यवस्था नहीं कर पाते। बरही में नगरपालिका नहीं है, कारण गंदगी का अंबार है। लेकिन सफाई के लिए प्रशानिक रूप से व्यवस्था होनी चाहिए। करोड़ो का खर्च से बना बरही बड़ा सा गोलंबर झाड़ियों के गिरफ्त में है।



## कृषक सलाहकार समिति प्रखंड बरकट्ठा का किया गया पूनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** आज कृषक सलाहकार समिति प्रखंड बरकट्ठा का पूनर्गठन करने को लेकर कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र बरकट्ठा मे प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद के अध्यक्षता मे चुनाव संपन्न कराया गया.

चुनावी कार्य के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कृति बाला लकडा,उपप्रमुख सुरजी देवी,बीससूत्री उपाध्यक्ष कूदूस अंसारी,प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिन्ता हरण पाठक,स्नक्क निदेशक हिरालाल एवं सभी पंचयात से आये किसान कृषक मित्र कि उपस्थिति में चुनाव किया किया गया जिसमें कुल 26 किसान सदस्य का चुनाव किया गया.अध्यक्ष पद के लिये तीन (3)नाम का प्रस्ताव आया 1. उत्तीम महतो 2.महेश मांझी (3) दुलार चन्द यादव,सभी सदस्यों द्वारा वोटिंग कर सबसे उत्तीम महतो 12 वोट 2ठ्ठस्र महेश मांझी को 08 वोट किया गया 3ह्म्स्र दुलार चन्द यादव 05 वोट और 01 वोट रद्द हुआ उत्तीम महतो को अध्यक्ष एवं महेश मांझी को उपाध्यक्ष चुना गया।



## विश्व बालिका दिवस पर पीरामल फाउंडेशन के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विश्व बालिका दिवस के अवसर पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड कुमार ताराचंद्र और सुभम कुमार के मार्ग दर्शन में करुणा फेलो के द्वारा चार प्रखंडों के स्कूल , पंचायत , समुदाय तथा ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कटकमदाग प्रखंड के सुल्ताना पंचायत सचिवालय पर साहीन ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन करवाया । इस अवसर पर टॉक शो का आयोजन किया गया जिसमे सुल्ताना पंचायत की मुखिया नूरजहां खातून ने होस्ट किया । इस टॉक शो में बताया गया की इस खास दिवस को मानने का उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना , बालिकाओं के जीवन को विकसित करना ,और लोगों को महिलाओं के चुनौतियों के प्रति जागरूक करना है।

इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें।



## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जैसे ही हर बेटा को अपने बाप का आज्ञाकारी होना चाहिए : ममता

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला प्रखंड के महादेव मंडा प्रांगण में कई दिनों से चल रहे रामलीला (नाटकिय कथा एवं झांकी ) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक ममता देवी। कार्यक्रम में सबसे पहले ममता देवी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी को माला पहनकर एवं आरती कर आशीर्वाद प्राप्त की साथ ही क्षेत्र के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। रामलीला कार्यक्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम माता सीता सीता और लक्ष्मण के बारे में नाटकिय कथा एवं झांकी के माध्यम से बताया गया । जिसमें पूर्व विधायक ने उपस्थित भक्त जनों को संबोधित करते हुए कही की आप सभी लोग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जैसे अपने पिता के प्रति आज्ञाकारी पुत्र माता सीता जैसी अपने पति भगवान श्री राम के प्रति प्रेम लक्ष्मण जैसे अपने भाई और माता समान भाभी के प्रति प्रेम और आज्ञाकारी बनने की बात कही। साथ ही पूर्व विधायक ममता देवी ने कहां की इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम होने से क्षेत्र में सुख शांति एवं भक्ति का माहौल होता है साथ ही एक दूसरे को आपस में मिलने जुलने का भी अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम में आए आचार्य एवं नाटक की कार्यक्रम कर रहे कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त की। मौके पर समाजसेवी सुनील कुशवाहा पंचायत समिति सदस्य विकास कुशवाहा मुकेश कुशवाहा सूरज प्रसाद विस सुत्री सदस्य गौरीशंकर महतो महेंद्र रंजन बिनोद प्रसाद जगत कुशवाहा सन्नी दांगी चितरंजन महतो प्रकाश गोस्वामी यशोदा देवी गंगोत्री देवी सहित कई गणमान्य एवं सैकड़ो भक्त जन उपस्थित थे।

## ढुलमी प्रखंड सभागार में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड बीडीओ रविंद्र कुमार का तबादला रांची हो गया उनके स्थानांतरण पर प्रखंड सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पुराने बीडिओ को शाल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया एवं नए बीडीओ सुनिल प्रजापति व नये सीओ मदन मोहन को बुके देकर स्वागत किया गया?। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि प्रखंड के विकास कार्यों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिका ने जो काम किया हुआ सराहनीय है आने वाले नए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी आशा करते हैं कि जनता के साथ भाईचारगी निभाते हुए प्रखंड के विकास कार्यों में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। व पुराने प्रखंड विकास पदाधिकारी हम सबको याद आएंगे। पुराने बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि मैं जितने दिन तक यहां पर विकास कार्य किया जनप्रतिनिधि एवं जनता के बीच एक सेतु बनकर काम किया। नए बीडीओ सुनिल प्रजापति ने कहा कि जनता के कार्यों में सकारात्मक भूमिका निभाई व सक्रियता के साथ कार्य करेंगे।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणु देवी सांसद प्रतिनिधि इन्देव साव सभी बीस सूत्री के सदस्य गण विधायक प्रतिनिधि सभी मुखिया सभी पंचायत समिति सभी पंचायत सेवक व रोजगार सेवक व प्रखंड के कर्मि गण मौजूद थे।

## मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में प्रखण्ड के चौबीसों पंचायत से लाई गई मिट्टी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रमानुसार मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में विष्णुगढ़ +2 हाई स्कूल मैदान में आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने किया।मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम में भाजपा बूथ अध्यक्षो द्वारा प्रखंड के चौबीसो पंचायत से मिट्टी भरे कलश को मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को सौपा गया।मांडू विधायक ने मातृभूमि की मिट्टी को सिर से लगाकर नमन करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ कि पवित्र मिट्टी मेरे द्वारा हजारीबाग भाजपा कार्यालय से झारखंड प्रदेश कार्यालय होते हुए, दिल्ली कार्यालय ले के जाया जायेगा,और नवनिर्मित संसद भवन की बागवानी,शहीद स्मारक में लगाया जायेगा।इस मौके पर मुख्य रूप से गुरु प्रसाद सव,हिरामन महतो,सोमर महतो,बच्चन राम मेहता,तापेश्वर रजक,राजू कुमार महतो,हरि यादव,किशोर कुमार यादव,अंजू देवी,गायत्री देवी,मोहन रजक,बिनोद गुप्ता,दिनेश कुमार मंडल,सुरेश राम,महेंद्र महतो,राजेश कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## किसान के बेटे सोनू ने लहराया सफलता का परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही गुड़ियो गांव के किसान सहदेव राणा का 18 वर्षीय पुत्र सोनू ने सफलता का परचम लहराया है। सोनू कुमार का चयन नेवी एसएसआर में हुआ है। जो गुड़ियो बिजैया जैसे सुदरवर्ती इलाके में कई वर्षो से शिक्षा का अलख जगाता माउंट ओलिवेट स्कूल, गुड़ियो के सत्र 2017- 18 का छात्र है। छात्र सोनू कुमार राणा ने नेवी एसएसआर में सफल होकर माता पिता के साथ साथ अपने विद्यालय का भी नाम रोशन किया। इस उपलक्ष्य में माउंट ओलिवेट स्कूल, गुड़ियो परिवार द्वारा सम्मान समारोह किया। जहां सोनू कुमार राणा को मेडल, विद्यालय का प्रशंसा पत्र, मोमेंटो व बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित उनके पिता को भी सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बरही उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जिप प्रतिनिधि कयूम अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। इस मौके पर दिल्ली से आए इंचार्ज सुनील कुमार स्वर्णकार ने समारोह का संचालन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव ने सोनू को बधाई देते हुए अन्य सभी बच्चों को भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किए। कयूम अंसारी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा की लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। वहीं उन्होंने विद्यालय के संस्थापक एवं प्रधानाचार्य वीरेंद्र यादव का तहे दिल से साधुवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सुदूरवर्ती इलाके में शिक्षा को आगे बढ़ने के लिए माउंट ओलिवेट स्कूल खोलकर काफी सराहनीय कार्य किये हैं। मौके वे सोनू कुमार ने संबोधन में सभी बच्चों को आगे बढ़ने और मेहनत करने को प्रेरित किया। का वहीं सफलता का टिप्स दिया।



## डायरिया पीड़ित के घर जाकर मिले सीएचसी प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के चलंगा में डायरिया रोग से दस से बारह ग्रामीण प्रभावित है।जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। जिसमे रिज्जनी देवी 45 वर्ष, अरुण कुमार 25 वर्ष, मनीष कुमार 10 वर्ष, धनेश्वरी देवी 30 वर्ष, चंपा देवी 30 वर्ष, माघी घटवार 60 वर्ष, दीपक घटवार 12 वर्ष, गंगो घटवार 60 वर्ष, मंजू देवी 45 वर्ष, तुलसी घटवार 60 वर्ष, आदि शामिल हैं।जानकारी पाकर स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय चिकित्सकों एवं कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचकर डायरिया रोग से पीड़ित मरीजों को विष्णुगढ़ सीएचसी लाकर इलाज किया।कई ने निजी नर्सिंग होम में भी इलाज कराया।इसकी जानकारी मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को मिली, उन्होंने इसको संज्ञान में लेते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह को ग्राम चलंगा में डायरिया रोग से पीड़ितो के बीच जाकर जांच करने का निर्देश दिए। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह पूरी मेडिकल टीम के साथ ग्राम चलंगा पहुंचे।श्री सिंह ने सभी पीड़ित मरीजों की जांच किए, इस संबंध में पूछे जाने पर श्री सिंह ने बताया कि सभी की स्थिति नियंत्रण में है। स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने जंगल से खुखड़ी लाकर खाया था।जिससे वे डायरिया रोग से पीड़ित हुए।गांव के कुओ में ब्लींचिंग पाउडर डाल दिया गया है।संक्रमण से बचने के लिए ग्रामीणों को स्वच्छता पर जोर दिया गया है।इसके अलावे हमारी मेडिकल टीम की नजर गांव पर बनी हुई है।वही मौके पर पहुंचे भाजपा अनुसूचित जाति के महामंत्री दीपक रजक ने ग्रामीणों को चापाकल का पानी पीने की सलाह देते हुए कहा कि गरम खाना खाने को खाए,पानी को उबाल कर सेवन करें,साथ ही मच्छरदानी का उपयोग करें।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग प्रतिनिधि डोमन गुप्ता, भाजपा अनुसूचित जाति के महामंत्री दीपक रजक,मुखिया निर्मल कुमार,सहिया रेणु सिंह, आदि मौजूद थे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बाल विवाह से मुक्त करने वाली पुस्तक का विमोचन



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सहयोगिनी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सहयोग से न्याय सदन सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जिले के अधिकारियों ने व्हेन चिल्ड्रन हैव चिल्ड्रन: टिपिंग प्वाइंट टू एंड चाइल्ड नामक पुस्तक का विमोचन किया। लेखक, भुवन रिभु, एक प्रसिद्ध बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए काम करने वाले भारत के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों में से एक हैं। भुवन रिभु सहयोगिनी के सलाहकार हैं, जो झारखंड के बोकारो में बाल अधिकारों की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए काम करते है। यह पुस्तक भारत से बाल विवाह को खत्म करने के लिए विचार, एक रूपरेखा और एक कार्य योजना प्रस्तुत करती है, और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत विधालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा प्रमुख कमलेंदु नारायण चंद्र ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को प्रगति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य ? सुनील कुमार सिंह ने कहा कि परिश्रम करने वाले कभी असफल नहीं होते। ऐसे भैया- बहन जो हर कार्य को चुनौती मानते हुए परिश्रम करते हैं, वे शत- प्रतिशत सफलता के हकदार होते हैं। इस परीक्षा परिणाम में कक्षा दशम÷ब÷के छात्र ऐशिक चंद्रा ने सर्वाधिक 99.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

## गिरिजा देवी की ओल्ड एज होम में मनाई गई 13वीं पुण्यतिथि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सबलपुर सहयोगी नगर स्थित बुजुर्गों का आश्रय स्थल ओल्ड एज होम में एडीजे 3 रजनीकांत पाठक की स्व. माता गिरिजा देवी की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आश्रम में आश्रय ले रहे बुजुर्गों के लिए स्वादिष्ट खाना का प्रबंध किया गया था। जिसे एडीजे 3 रजनीकांत पाठक की पत्नी वीणा वादिनि, उनकी पुत्री तेजस्विनी पाठक ने अपने हाथों से परोस कर भोजन कराया। तथा स्व गिरिजा देवी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पुण्यतिथि पर आश्रम में आश्रय ले रही वृद्धा विमला देवी ने भक्ति गीत गाकर पुण्यतिथि को भक्तिमय किया। सभी ने बुजुर्गों को आदर सम्मान के साथ प्रणाम किया और आश्रम के बुजुर्गों ने सभी को अपना हार्दिक आशीर्वाद दिया। ओल्ड एज होम में आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, अनवर इस्माइल खान, डीएवी कुसुंडा के पूर्व प्रिंसिपल एस. एस. हाजरा, सदस्य ओमकार मिश्रा, सीताराम चौधरी, नूरजहां बेगम, लक्ष्मण सिंह, कोना बनर्जी समेत अन्य सेवाकर्ता उपस्थित थे।

## स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने की लालमणि वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों की सेवा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को लोहार बरवा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम अपना घर में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल के पदाधिकारी पहुंचे और वहां रह रहे बुजुर्गों का हाल चाल जाना और उनकी सेवा की।

## दरभंगा-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते अनारक्षित छठ स्पेषल ट्रेन का किया जायेगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** छठ पूजा के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा दरभंगा-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर जयनगर एवं आनंद विहार के मध्य एक अनारक्षित छठ स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है।

1.गाड़ी सं. 05557 जयनगर-आनंद विहार छठ स्पेशल: गाड़ी संख्या 05557 जयनगर-आनंद विहार स्पेशल दिनांक 21.11.2023 से 05.12.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को जयनगर से 06.00 बजे खुलकर 06.28 बजे मधुबनी, 07.20 बजे दरभंगा, 08.25 बजे समस्तीपुर, 09.45 बजे मुजफ्फरपुर, 10.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए अगले दिन 05.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

2. गाड़ी सं. 05558 आनंद विहार-जयनगर छठ स्पेशल: गाड़ी संख्या 05558 आनंद विहार-जयनगर स्पेशल दिनांक 22.11.2023 से 06.12.2023 तक प्रत्येक बुधवार को आनंद विहार से 07.30 बजे खुलकर अगले दिन 01.10 बजे हाजीपुर, 02.10 बजे मुफ्फरपुर, 03.20 बजे समस्तीपुर, 04.40 बजे दरभंगा, 05.30 बजे मधुबनी रूकते हुए 06.30 बजे जयनगर पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिषा में यह पूजा स्पेशल ट्रेन उपरोक्त स्टेशनों के साथ ही छपरा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेषनों पर भी रूकेगी। इस ट्रेन में साधारण श्रेणी के 20 कोच तथा एसएलआर के 02 कोच होंगे।

# विशेष अभियान में 21 भारी वाहनों से वसूली गई 8 लाख रुपए से अधिक की फाइन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने तोपचांची, बलियापुर, महुदा सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 21 भारी वाहनों से आठ लाख रुपए से अधिक की फाइन वसूली। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर विशेष जांच अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, बिहार, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों के लगभग 100 से अधिक वाहनों की टैक्स फेल, ओवरलोड, फिटनेस, ओवर साइज इत्यादि की जांच की गई। जांच के क्रम में 14 ट्रक, 6 हाईवा तथा 1 ट्रेलर सहित 21 वाहनों से मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लगभग आठ लाख रुपए से अधिक की फाइन वसूली गई। अधिकतर वाहनों ने ऑनलाइन फाइन जमा कर दी है। वहीं ओवरलोड गाड़ियों को जब्त कर संबंधित थाना में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आगे भी इस प्रकार का अभियान निरंतर जारी रहेगा। विशेष अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित परिवहन कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा में सुरक्षा रहेगी सख्त एसपी ने दिए कई दिशा निर्देश



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में दुर्गापूजा शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस तैयारी कर रही है। मां दुर्गा के आराधना का पर्व दुर्गा पूजा को लेकर गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारीयों एवं थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। बैठक में दुर्जा पूजा के शुरुआत से विसर्जन तक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो इसके लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारीयो को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सभी पंडालो में सीसीटीवी कैमरा लगवाए, महिला एवं पुरुषों के आवागमन के लिए अलग-अलग इंतजाम करे। साथ ही बिजली समेत कई अन्य चीजों को पूजा समिति से पालन करवाना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे इसके लिए भी एसपी के द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने कहा कि जिले में अवैध तस्करी और अवैध कामो को रोकने को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिए गए है। जल्द ही जिले में सभी अवैध व्यापार का पूर्ण रूप से गिरिडीह पुलिस बंद कराने का काम करेगी।

## दुर्गा पूजा : 12 अक्टूबर को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण व अन्य बिंदुओं को लेकर बृहस्पतिवार, 12 अक्टूबर 2023, को न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन दोपहर 3ः00 बजे से निर्धारित है। इसमें जिला प्रशासन के पदाधिकारियों सहित सभी थाना एवं ओपी प्रभारी, अंचल अधिकारी, जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे।

## धनबाद जिला शिक्षा अधिकारी से मिले कांग्रेसजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम, धनबाद जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष जहीर अंसारी एवं उपाध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में रहबर एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष हलचल रजा और सचिव वसीम रजा ने एक लाइब्रेरी के लिए धनबाद जिला शिक्षा अधिकारी बीएन रजवार से मिल कर बात की। साथ ही बीपीएल परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा हेतु निजी स्कूल में नामांकन के लिए विशेष वार्ता की तथा मांग पत्र भी सौंपा। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने आश्वासन दिया है की सभी मांगो का निराकरण किया जाएगा। वार्ता मे असलम, दारा अंसारी, यदुल्लाह, मोबारक, शराफत, अहसानुल, कामरान, जिला कांग्रेस नेता बृजमोहन, सुरेंद्र, एकराम कोरैसी, इसराफिल, अफजल सहित सैकड़ो बीपीएल बच्चो के अभिभावक शामिल थे।

# पूरा अनाज मांगने पर राशन कार्ड से नाम काटने का देता है धमकी, लाभुकों ने एसडीओ को दिया आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरिया :** बिरनी प्रखंड के केशोडिह पंचायत अंतर्गत वैष्णव देवी स्वयं सहायता समूह के डीलर देवंती देवी द्वारा राशन वितरण के दौरान मनमानी के विरोध में राशन कार्डधारकों में गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने प्रत्येक यूनिट पर चार किलो चावल कटौती करने और मात्र एक किलो प्रति यूनिट मिलने का आरोप लगाकर सरिया बगोदर अनुमंडल अधिकारी के कार्यलय मे आवेदन दे कर जाँच की मांग की है, लाभुकों ने आरोप लगाते हुवे कहा है की डीलर के पति इतवारी वर्मा बिरनी के 20सुत्री अध्यक्ष है। जिसका फायदा उठाया जाता है और आज तक इस पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। केशोडीह पंचायत के मधवाडीह गांव में वैष्णव देवी स्वयं सहायता समूह के नाम पर डीलर की दुकान है। यहां करीब 980 से 1000 कार्ड धारकों को प्रतिमाह राशन वितरण किया जाता है। एक यूनिट पर पांच किलो चावल वितरण करने का प्रावधान है। प्रत्येक माह की 5 और 10 तारीख को राशन वितरित करना होता है। इस पर अभी अक्टूबर महीना चल रहा है और ग्रामीणों को अगस्त का चावल दिया गया उसमें भी चार किलो तक की कटौती कर ली जा रही है। वहीं कार्डधारी गीता देवी का आरोप है कि डीलर के पुत्र पुरुषोत्तम कुमार द्वारा राशनकार्ड में 2500 सदस्य जोड़ने के नाम से लिया गया है। जो अभी तक मेरा राशन में नाम भी नही जुड़वा दिया है। जब मामला बढ़ गया तब आज डीलर पुत्र के द्वारा जबरदस्ती पैसा वापस कर दिया, वहीं उर्मिला देवी का आरोप है कि मेरा राशन कार्ड में पांच यूनिट है जिसमें मुझे दो महीना में मात्र 5 किलो चावल ही दिया गया है। डीलर के पुत्र पुरुषोत्तम कुमार द्वारा कहा जाता है कि जो आया है। हम दे रहे हैं नहीं लीजिएगा तो राशन कार्ड ऊपर से कट जाएगा। इसके साथ-साथ चमेली देवी और यशोदा देवी के बेटा पंचानन का कहना हैं कि पुरषोत्तम कुमार द्वारा न्यू राशन कार्ड बनाने के लिए हम लोगों द्वारा 2000 से 2500 लिया है। इसके बावजूद भी अभी तक राशन कार्ड बनाकर नहीं दिया है।

# मधुबन थाना में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मधुबन थाना परिसर में दुर्गा पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता महुदा सर्किल इंस्पेक्टर अलविंश इंदवार ने किया इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी एवं पुजा समिति के सदस्यों को शांतिपूर्वक हषोल्लास के साथ दशहरा दुर्गा पूजा मानने को अपील किए थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने कहा कि त्यौहार में किसी भी तरह कि गलत अफवाहों पर लोगों को सचेत रहने कि अपील की साथ ही कहा कि त्यौहार को लेकर गश्ती बढ़ा दी जाएगी शांति भंग करने वाले एवं मनचलों से पुलिस सख्ती से निपटेगी मौके पर गौर चन्द बाउरी धिरेन कुमार लाला दिनेश महतो बासकी नाथ लाल दिलीप मिश्रा सुजीत गायली विनोद सिंह संजय सिंह गोपाल बाउरी टुन्नू बर्नवाल शुक्ला गोप राज जी चौहान श्याम महेंद्र दीपक कुमार सुभाष बाउरी साव शितू रवानी शेख अब्दुल आनंद बाउरी शिवब्रत कुमार दुर्गा भुईयां आदि मौजूद थे।

### बैंक मैनेजर ने किया जूट बैग निर्माण केन्द्र का निरीक्षण, कहा...

## महिलाओं के विकास के लिए बैंक तैयार : श्रुति

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** झारखंड ग्रामीण बैंक चुंगलो के शाखा प्रबंधक श्रुति सिन्हा ने जमुआ प्रखंड अंतर्गत केन्दुआ पंचायत के ग्राम पलरा में मंगलवार को जूट बैग निर्माण केन्द्र का निरीक्षण किया। नाबार्ड और आइडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में केन्दुआ एफपीओ द्वारा संचालित महिलाओं द्वारा हस्त शिल्प कला का काम देखकर शाखा प्रबंधक बहुत खुश हुई और इस कार्य की सराहना की। जूट बैग का निर्माण कर रही समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बैंक महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिला में हस्तशिल्प कला के क्षेत्र में जूट बैग निर्माण का काम बिल्कुल सराहनीय है। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं इन योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना मात्र पाँच प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिल जाएगा। वहीं पीएमईजीपी में महिलाओं को 35त्न सब्सिडी मिलेगा। स्थानीय मुखिया आशा देवी ने कहा कि जूट बैग निर्माण कार्य महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### असर्फी कैंसर संस्थान मे प्रेस वार्ता का आयोजन, कहा.....

# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक सरकार ने पुरे 85 एकड़ जमीन पर दावा ठोका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी अस्पताल प्रबंधन ने रँगूनी स्थित असर्फी कैंसर संस्थान मे प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया की रँगूनी मौजा में विवादित 85 एकड़ ज़मीन जिसमें से 11.92 एकड़ पर असर्फी कैंसर संस्थान संचालित है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति अभय एस ओका एवं पंकज मिथल की खंडपीठ ने दिनांक 09.10.2023 को सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुनाते हुए सभी पक्षकारो को नोटिस भेजते हुए एक्सेक्यूशन सहित इस मामले में हाई कोर्ट, रांची सहित अभी तक पारित सभी अदालतों के निर्णयों पर रोक लगा दिया है। बताया की झारखण्ड सरकार के अधिवक्ता राजीव द्विवेदी ने बहस किया तथा झारखण्ड सरकार ने अपना दावा पुरे 85 एकड़ ज़मीन पर ठोक दिया है। अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया की सरकारी ज़मीन के विवाद में निचली अदालत में सुनवाई के दौरान झारखण्ड सरकार को पक्षकार नहीं बनाया गया था। सरकार द्वारा 11.92 एकड़ आवंटन मिलने के बाद असर्फी हॉस्पिटल ने कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कर दिया है। विदित हो की असर्फी कैंसर संसथान में कैंसर के मरीजों का समुचित ईलाज अप्रैल माह से ही शुरू हो चुका है। डॉ विप्लव मिश्रा, डॉ रमेश कुमार एवं डॉ शिवजी बासु अपनी पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं। इनके अलावा रेडिएशन सेफ्टी अफसर एवं अन्य विशेषज्ञ भी उपलब्ध हैं। इस हॉस्पिटल के होने से धनबाद एवं आसपास के लगभग 2 करोड़ लोगों के लाभान्वित होने की संभावना है। प्रेस वार्ता मे असर्फी हॉस्पीटल के सीईओ हरेन्द्र सिंह, वाइस प्रेसीडेंट सुभांशु रॉय, डॉ बिप्लव मिश्रा, डॉ रमेश कुमार, यूनिट हेड उपयुक्तता कुमारी आदि मौजुद थे।

## लुबी सर्कुलर रोड की गुणवत्ता की जांच कराई जाए : ब्रजेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि पिछले दिनों लुबी सर्कुलर रोड की मरम्मत हुई है जो किसी भी हाल में ठीक नहीं है। ना तो गुणवत्ता के अनुसार बनाई गई है, ना ही पिच और गिट्टी पूरी मात्रा में दी गई है। यहां तक की ठीक से बराबर भी नहीं किया है। आज भी गाड़ियां हीचकोला मारती है। लगता है धनबाद जिला में ना तो इंजीनियर है ना ही कोई देखने वाला पदाधिकारी है। सरकार का पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। धनबाद तो ऐसे ही बदनाम है लेकिन धरातल पर आकर जो देखेगा उसे पता चल जाएगा कि सचमुच में किस तरह से यहां लूट का कारोबार चलता है। आश्चर्य है कि इस सड़क पर उपायुक्त, जिला जज, एसपी, फॉरेस्ट ऑफीसर आदि रहते हैं लेकिन किसी के द्वारा उंगली नहीं उठाई जाती है। मैं उपायुक्त महोदय से मांग करता हूं की संबंधित इंजीनियर को पूछा जाए कि आखिर किस परिस्थिति में ऐसी सड़क बन रही है और संबंधित ठेकेदार को अविलंब ब्लैक लिस्टेड किया जाए।

# अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर किशोरी सम्मेलन का हुआ आयोजन

*सैंकड़ों बच्चियों ने लिया भाग*

*बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का लिया संकल्प*

*बाल विवाह के मुद्दे पर आधारित पुस्तक का हुआ लोकार्पण*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गांवा/गिरिडीह :** आज अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के द्वारा +2 उच्च विद्यालय गांवा , बालिका उच्च विद्यालय गांवा में किशोरी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गांवा थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के मुद्दे पर माननीय भुवन जी द्वारा लिखित पुस्तक ÷व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन÷ का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महोदय थाना प्रभारी सन्नी प्रभात ने सभी से अनुरोध किया कि बालिका दिवस के अवसर पर भुवन जी जो सुप्रीम कोर्ट के प्रतिष्ठित वकील हैं उनके द्वारा बाल विवाह की कठिन परिस्थितियों पर आधारित पुस्तक को हम सभी को पढ़ना चाहिए, जो बोझ बच्चों के रूप में बच्चियों की गोद में होते हैं उसे बदलाव के रूप में किताबों के बस्ते में बदलना है। कैलाश सत्यार्थी जी के इस महा अभियान जो बाल विवाह मुक्त भारत का है उसे कोई एक पूरा नहीं कर सकते, मिलकर साथ आना होगा। बाल विवाह के अभिशाप को मिटाने से ही विकसित भारत का रूप निखर कर आएगा, इसलिए सभी कोई मिलकर बाल विवाह का विरोध करें सहयोग के लिए हमारी पुलिस प्रशासन तत्परता से खड़ी है। विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा कि आने वाले समय में बच्चियां हर क्षेत्र में परचम लहराएगी।

# भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र सवांददाता



**धनबाद :** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला कार्यालय में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत धनबाद विधानसभा के सभी सातों मंडल में विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित हुए मिट्टी और चावल के अमृत कलश के संग्रह कार्यक्रम मे धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि जेपी अहिंसा और क्रांति के सच्चे पर्याय हैं। देश के महान लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्होंने संपूर्ण क्रांति की जो बिगुल बजाई, वह सदियों तक गुंजायमान रहेगी। वहीं धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने लोकनायक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आपातकाल और राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति के आह्वान से जो आदर्श लोकनायक जयप्रकाश जी ने स्थापित किया वह सदैव हम सबों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जिला महामंत्री नितिन भट्ट, श्रवण राय, संजय झा, मानस प्रसून, वीरेन्द्र हांसदा, कन्हैया पांडेय, मिल्टन पार्थ सारथी, रमेश सिंह, अमलेश सिंह, निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, राजकुमार मंडल, आनंद खंडेलवाल,विकास मिश्रा, अभिमन्यु कुमार, बबलू सिंह, नीरज सिन्हा, टुन्ना सिंह, रिंकू सिंहा, बृजनंदन शर्मा, राणा सिंह, प्रमोदअग्रवाल, शगुन वर्मा, संतोषी आनंद सहित अन्य उपस्थित थे।

# लगन और मेहनत से खेलने वालों खिलाड़ियों की कभी हार नहीं होती : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड के ग्राम हिसरी में नेहरू युवा क्लब के तत्वावधान तीन दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में कल्हेपाट एवं हिसरी की टीम के बीच खेला गया जिसमें कल्हेपाट की टीम 2-0 से इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि किस्को प्रखंड जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार नेहरू युवा क्लब के मुख्य संरक्षक नेसार अहमद विशिष्ट अतिथि किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी बड़े अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी एन एस यू आई जिला अध्यक्ष विनय उरांव अंसार अहमद रौनक इकबाल गुलाम जिलानी एवं हरि भगत का आयोजन समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रूप से जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा फाइनल में पहुंचे दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। विजेता एवं उपविजेता समेत कुल आठ टीमों को अतिथियों के द्वारा नगद राशि एवं खंसी देकर पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप कुमार ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल का खेल इस क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है जिसे ग्रामीण स्तर पर लोग उत्सव के रूप में मनाते हैं यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। नेहरू युवा क्लब के मुख्य संरक्षक नेसार अहमद ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द बढ़ता है इस क्षेत्र के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है और वर्तमान राज्य सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए कई नीति बनाई है जिसका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए ऐसे खिलाड़ियों को संरक्षण और प्रोत्साहन देना हम सब की जिम्मेदारी है। खिलाड़ी लगन और मेहनत से खेलेंगे तो कामयाबी जरूर हासिल होगी। मौके पर विशिष्ट अतिथि सुचित्रा भगत सलीम अंसारी बड़े मुजम्मिल अंसारी विनय उराव रौनक इकबाल अंसार अहमद हरि भगत गुलाम जिलानी नेहरू युवा क्लब के अध्यक्ष मीर यासीन सैफ अहमद राकेश महतो अरशद अयूब नौशाद अहमद मुस्ताक अहमद मीर रिजवान समेत समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण और दर्शक उपस्थित थे।

## दुर्गापुजा को लेकर कैरो थाना मे शांति समिति की हुई बैठक, त्योहार शांतिपूर्ण मानने को लेकर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो थाना परिसर में 11 अक्टूबर बुधवार को दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक का आयोजन बीडीओ पवन कुमार महतो, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव व सीओ कमलेश उरांव की संयुक्त अध्यक्षता में हुई संपन्न। बैठक में दुर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को ले चर्चा किया गया। दुर्गा पूजा का आयोजन प्रखंड मुख्यालय कैरो, चरिमा व हनहट में किया जाता है। बैठक मे विभिन्न पूजा पंडाल के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कैरो दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी द्वारा शारदीय नवरात्र से लेकर विसर्जन व रावण दहन के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि एक परिवार की तरह सभी समुदाय मिलजुल कर त्योहार को मनाएं। अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा कि त्योहार में अफवाह फैलाने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। थाना के एसआई संतोष कुमार, एएसआई संजय कुमार, प्रमुख श्रीराम उरांव,उप प्रमुख मधुलिका रानी, विवेक प्रजापति, प्रवीण साहू, जमील अख्तर, इम्तियाज अंसारी, मोहन साहू, रिंकू प्रसाद, बजरंग प्रसाद, राज साहू, विकास भगत इत्यादि शामिल थे।

## बेड़ो में मांडर विधानसभा स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी एवं इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के निमित्त बेड़ों प्रखंड में मांडर विधानसभा स्तरीय लोकसभा सामान्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत, संयोजक प्रदीप तुलस्यान, लोकसभा कोर्डिनेशन कमेटी के सदस्य एलडीएम आलोक साहू, जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत, रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, पीसीसी डेलीगेट मजकुर आलम सिद्दीकी सहित सभी पांच प्रखंडों के अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष शामिल थेबैठक में सुखदेव भगत पार्टी को सुदृढ़ करने एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को विस्तार से बताते हुए समयानुसार कार्यक्रमों को पूरा करने का दिशा निर्देश प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों को दिए।

## दिव्यांगजन अब स्वालंबी और आत्मनिर्भर बन सकेंगे : अरविंद कुमार लाल




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच के कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल उपस्थित हुए और विशिष्ट अतिथि के रूप में मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता का आगमन हुआ। साथ में प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा, प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा, शाखा अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया का सबसे पहले शाखा पदाधिकारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया गया। अनुमंड पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने शिविर में आए हुए सभी दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग प्रदान किया और कहा कि अब आपलोग भी आत्मनिर्भर बन गए हैं। आज से आपको किसी सहारे की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंच के कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाय वो कम है, मुझे याद है कि कोरोना काल में भी जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में मंच के युवाओं ने आम जनों की भरपूर सेवा की थी। हर सेवा क्षेत्र में मंच अग्रणी रहा है। मेरी शुभकामनाएं हमेशा इन युवाओं के साथ है। प्रांतीय अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेरा लोहरदगा पहली बार आना हुआ है,यहां का मौसम और प्रकृति सौंदर्य अतुलनीय है। उन्होंने झारखंड प्रांत में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी, झारखंड में मंच की 86 शाखाएं नित्य नए आयाम जोड़ रही है लेकिन लोहरदगा जैसे छोटे जिले में इतना कुछ करना बहुत बड़ी उपलब्धि है।उन्होंने मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया के प्रयासों की भी प्रशंसा की। महामंत्री सार्थक अग्रवाल और उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी कि दीपावली में पूरे झारखंड में गरीब परिवारों के बीच एक लाख से ज्यादा मिठाई के डब्बों के वितरण का लक्ष्य है। धन्यवाद ज्ञापन मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया ने किया।

**मेरी-माटी मेरा देश के तहत पवित्र मिट्टी का किया गया संग्रह**

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पूरे देश मे देशभक्ति की नई ज्वार पैदा की है : सुशील श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** भारतीय जनता पार्टी बोला मंडल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक की अध्यक्षता में बूथों में संग्रह की गई मिट्टी मुख्यालय में दिल्ली अमृत वाटिका ले जाने के लिए संग्रह की गई। मोके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पूरा देश में चल रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सैनिकों के सम्मान में ये कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम में जिला सांसद प्रतिनिधि सह बोलबा मंडल प्रवासी सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम उन वीर शहीदों को समर्पित है जिन्होंने अपनी प्राणों की आहुति देश के लिए दे दी वर्तमान सरकार से पहले सैनिकों के सम्मान में इस तरह कोई कार्यक्रम नहीं हुआ पर मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सैनिकों के सम्मान में दिल्ली के कर्तव्य पथ में एक अमृत वाटिका का निर्माण कर रही है जिसमें हर घर की मिट्टी समर्पित रहेगी लोगों का भावनात्मक जुड़ाव उसे अमृत वाटिका से रहेगा मेरी मांटी मेरा देश कार्यक्रम ने पूरे देश में एक देशभक्त की नई ज्वार पैदा की है, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी बधाई के पात्र हैं।पूरे झारखंड से एक साथ ट्रेन में ये अमृत कलश दिल्ली ले जाई जाएगी। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी समर्पित करने से पहले देशवासियों को संबोधित करेंगे मोके पर मंडल महामंत्री गौरी शंकर सिंह ठेठईटांगर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक शिवराज बड़ाईक सुरजन प्रधान विजय महतो शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 31 वां राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 31 वां राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु साइंस फॉर सोसाइटी लोहरदगा की बैठक एम एल ए इंटर महिला महाविद्यालय मे सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सचिव राहुल कुमार ने जानकारी दिया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा के ज्ञापांक 998 दिनांक 9-10 -23 के निदेशानुसार कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा के सभागार में दिनांक 14- 10 -23 दिन शनिवार को 10ः00 बजे से जिला स्तरीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी कोटि के सरकारी,गैर सरकारी मध्य,उच्च तथा प्लस टू स्तरीय विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक अथवा सामाजिक विज्ञान के शिक्षक भाग लेंगे जो प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने विद्यालयों के 10 से 17 आयु वर्ग के बाल वैज्ञानिकों को प्रोजेक्ट निर्माण में मार्गदर्शन करेंगे। डॉक्टर गणेश प्रसाद ने बतलाया कि साइंस फॉर सोसाइटी विगत 23 वर्षों से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का सफल आयोजन करता आया है। लोहरदगा जिला से बड़ी संख्या में बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करते आ रहे हैं। इस बार भी लोहरदगा इकाई इस आयोजन को सफल बनाने में कोई कोर कसर नहीं रखेगी। कार्यक्रम हेतु विभिन्न कमिटियां बनाकर सदस्यों को जिम्मेवारी दी गई। बैठक में डॉक्टर गणेश प्रसाद, बी के बालांजीनप्पा, राहुल कुमार, संजय बर्मन, अरुण राम, प्रवीण कुमार, नवनीत कुमार गौड़, जितेंद्र मित्तल, चोन्हस उरांव उपस्थित थे।

## आज केंद्रीय मंत्री सिमडेगा में, जिलेवासियों को देंगे करोड़ो की सौगात



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा जी जिले के दो दिवसीय दौरे में आज सिमडेगा पहुंचेंगे। केंद्रीय मंत्री के सिमडेगा जिला दौरे से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है कार्यक्रम की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बताया की केंद्रीय मंत्री सर्वप्रथम दिशा की बैठक में भाग लेंगें, उसके बाद जिले के विभिन्न योजनाओं के तहत करोड़ों की सौगात जिले वासियों को देंगे। कोलेबिरा ठेठईटांगर में जहां एकलब्य मॉडल स्कूल का शिलान्यास करेंगे वहीं प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत केरसई कुरडेग बोलबा ठेठईटांगर जलडेगा बांसजोर रेंगारिह मालसाड़ा बनदुर्गा लंगड़तोली प्रधानमंत्री सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे साथ ही सिमडेगा स्वामी विवेकानंद चौक में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा अटल पार्क में स्व अटल बिहारी वाजपेई एवं कुरडेग के लिए भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

## 35 वें नवयुवक संघ हॉकी चैंपियनशिप 2023 में दूसरे दिन खेले गए 02 मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** एशियन गेम्स चीन से लौटते ही हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी पहुंचे मैदान। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया दूसरे दिन के खेल की शुरुवात। एशिया महाद्वीप की एथलेटिक्स एंबेसेडर ओलंपियन सलीमा टेटे का प्रतिभा सर्वप्रथम इसी प्रतियोगिता में दिखी थी। सिमडेगा जिला अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड के जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित लठ्ठाखम्हन खेल मैदान में नवयुवक संघ हॉकी संघ लठ्ठाखम्हन द्वारा विगत 35 वर्षो से होता आ रहा है।इस वर्ष भी 10 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक आयोजित 35वे नवयुवक संघ हॉकी चैंपियनशिप लठ्ठाखम्हन 2023 में आज दूसरे दिन मैच खेले गए जिसमे बरकिछपर ने लठ्ठाखम्हन जूनियर को पेनाल्टी शूटआउट में 5=4 से पराजित किया, मैदानी खेल में दोनो टीम दो दो गोल किए थे। बन्ही आज के दूसरे मैच में फ्रेंड्स कल्ब केरसई ने कुदपानी क्रटीम को 2=0से पराजित किया,तीसरा मैच में कुडपानी, टीम ने मेरोमडेगा टांगर टोली को 3=1 गोल से पराजित किया,चौथा मैच में फरसापानी ने सिमडेगा कॉलेज क्रटीम को 1=0 से पराजित किया। 19th एशियन गेम्स होंगझोऊ,चीन से कल वापस होते ही हॉकी के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी आज मैदान पहुंचे ,खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया दूसरे दिन के खेल की शुरुवात।

# दशहरा पर्व शांति और सौहार्द से मनाने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आगामी दशहरा पर्व को लेकर सेन्हा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति का बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में हुआ सम्पन्न। प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शांति समिति के सभी गण्यमान सदस्यों के साथ बैठक आयोजित कर बैठक के दौरान थाना क्षेत्र में पंडाल निर्माण एवं कार्यक्रम का जायजा लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने रावण दहन का भी जानकारी लिया। साथ ही दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर सुझाव दिया गया। वही पूजा के दौरान भड़काऊ और अभद्र गाना बजाने तथा असमाजिक प्रवृति पर नजर बनाए रखने की बात कही गई। इसके अलावे ड्रोन कैमरा और सीसी टीबी कैमरा से भिड़ पर निगरानी रखने का पूजा कमिटी को निर्देश दिया गया। साथ ही प्रतिमा विसर्जन को लेकर चर्चा करते हुए ससमय विसर्जन करने की बात उपस्थित शांति समिति सदस्य एवं गणमान्य लोगों से करवाने का भी अपील किया गया। इसके अलावे दुर्गा पूजा से पूर्व चंदा को लेकर भी चर्चा करते कहा गया की किसी वाहन चालक से जोर जबर्दशती कर चंदा नही लेना है। स्वेच्छा अनुसार दान को स्वीकार करने की बात कही गई। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने सभी दुर्गा पूजा कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश देते हुए प्रशासन से सहयोग लेने की बात कहा गया।साथ ही अष्टमी एवं नवमी को पंडाल एवं प्रतिमा दर्शन में दर्शकों के बीच विघ्न उतपन्न न हो जिसे मद्देनजर रखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। तथा सभी पंडाल के आसपास बालू रखने की बात कही गई। और विजयादशमी के दिन भारी वाहन परिचालन पर रोक लगाने पर चर्चा किया गया। इसके अलावे पूजा के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर समिति को नजर बनाए रखने का अपील किया गया। मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की,बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एस आई गणेश कुमार यादव, पंचायत मुखिया धनवाज उराँव, प्रमोद महतो, विहिप जिलाध्यक्ष रामलखन प्रसाद, मुनेश्वर साहू, इम्तियाज अंसारी कसमुल अंसारी, मुख्तार अंसारी मिथलेश मिश्रा जयनाथ साहू सहित शांति समिति सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## इतिहास से प्रेरणा लेकर आप भी शिक्षा प्राप्त करें और आगे बढ़े और लोगों को जागरूक करें : उपायुक्त



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज कस्तूवरबा गांधी सी एम स्कूलऑफ़ एक्सिलेंस न्यू रोड लोहरदगा में समाज कल्याण विभाग लोहरदगा की ओर से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु बालिकाओं के द्वारा जागरूकता रैली आयोजन किया गया। रैली कस्तूरबा स्कूल से नगर पालिका कार्यालय,भारतीय स्टेट बैंक,सोमार बाजार, पावरगंज चौक से न्यू रोड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर सभा में परिणत हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण व अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आज स्कूली बालिकाओं के उमंग एवं उत्साह को देखकर बचपन के स्कूल दिनों की याद ताजा हो जाती है। आज खासकर इस विद्यालय को देखकर गर्व महसूस हो रहा है कि सरकारी विद्यालय भी सही दिशा एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की ओर ले जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि बालिकाओं के शिक्षा के लिए समर्पित योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें बालिकाओं को मिलने वाली राशि के साथ महत्वपूर्ण यह है कि आपका हौसले कितने मजबूत इस योजना ने किए। उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले के संबंध में कहा कि वह भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं जिन्होंने महिलाओं के शिक्षा के लिए प्रथम महिला विद्यालय महाराष्ट्र के पूणे जिले में भिड़ेवाडा नामक स्थान में खोली।उस वक्त सावित्री बाई फुले मात्र 17 वर्ष की थी और ज्योतिबा फुले की उम्र 22 वर्ष थी। उपायुक्त ने फूले दंपति के आदर्श थॉमस पैन द्वारा फ्रांस की क्रांति से संबंधित समानता,स्वतंत्रता और बंधुता जैसे उदृत आदर्श दुनिया को दिया। फूले ने भी माना की दुनिया में स्वतंत्रता,समानता और बंधुता आदर्श बनी रहेगी। सावित्रीबाई फुले,ज्योतिबा फुले के साथ महिला शिक्षा हेतु भिंडेवाड़ा पुणे में जब स्कूल खोली तो लोग महिला अकृत्य कार्य समझकर उनके ऊपर कीचड़ फेंकते थे वैसी स्थिति में साथ में अन्य साफ़ कपड़े साड़ी रखती थी जिसे बदलकर विद्यालय में पढाने का कार्य की। आज उनके कार्य के प्रति पूरा राष्ट्र नतमस्तक है।

## अंडर 11 एवं 13 बालक बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप चयन प्रतियोगिता को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में अंडर-11 बालक बालिका एवं अंडर-13 बालक बालिका बैडमिंटन चैम्पियनशिप-सह-चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन के निमित एम एल ए महिला कॉलेज में डॉ गणेश प्रसाद की अध्यक्षता में जिला बैडमिंटन एशोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने जानकारी देते हुए बतलाया कि प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर से लेकर 2 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक बार भव्यता के साथ आयोजन को सफल बनाने में संगठन के सभी सदस्य सहयोग करते हैं,इस बार यह आयोजन और भी भव्य होगा। इसके लिए सब की भागीदारी आवश्यक है। लोहरदगा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होने से स्थानीय खिलाड़ियों को अवसर मिलता है और उनमें उत्साह का संचार होता है, साथ ही सीखने का भी मौका मिलता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एशोसिएशन के सदस्यों के बीच कार्य दायित्व का बंटवारा किया गया। जिसमें खिलाड़ियों के अवासन की व्यवस्था मुरारी गोस्वामी एवं रंजीत साहू, बैनर निर्माण मलय दत्ता, शटल व्यवस्था डॉ गणेश प्रसाद, पुरस्कार व्यवस्था नसीम अख्तर,निबंधन कार्य नसीम अख्तर एवं उत्तम कुमार, कोर्ट व्यवस्था दुबराज यादव, नीरज खत्री, गणेश पांडेय, उद्घाटन व्यवस्था अरुण राम एवं नसीम अख्तर, टेंट व्यवस्था रंजीत साहू, शिवकुमार भगत एवं सतीश उरांव, स्वागत समिति अविनाश कुमार, डॉ सिद्धार्थ मिंज एवं दिनेश पांडेय तथा मिडिया प्रभारी अरुण राम एवं किशोर कुमार वर्मा को जिम्मेवारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने सहमति प्रदान किया। बैठक में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, प्रवीण कुमार सिंह,उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, सचिव मलय दत्ता, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, अविनाश कुमार, डॉ सिद्धार्थ मिंज, रंजीत साहू, प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, दुबराज यादव, राहुल कुमार, गणेश पांडेय, प्रवीण पटेल, नीरज खत्री, उत्तम कुमार, शिव कुमार भगत, सतीशचंद्र उरांव, दिनेश पांडेय, विनोद उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

**विद्यालय में अर्द्धवार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह हुआ आयोजित**

# प्रतिबद्ध हो कर पढ़ाई करने से मिलती है सफलता : बिमलेश कुमार तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सेन्हा में अर्द्धवार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के कोषाध्यक्ष केदारनाथ साहु, प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही प्रधानाचार्य ने छ्हटर छात्रओं से कहा कि समय सारणी के साथ प्रतिबद्ध हो कर निरंतर परिश्रम करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। विद्यालय के कोषाध्यक्ष केदार साहु ने कहा कि लगातार मेहनत करते रहने से सफलता निश्चित प्राप्त होगी। भैया बहन परिश्रम करे और जीवन मे सदैव आगे बढ़े परीक्षा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में होती है.व्यवहारिक जीवन मे हम कितने सफल हो पाते हैं परीक्षा से पता चलता है। वही परीक्षा प्रमुख डॉली कविता ने परीक्षाफल वितरण संबंधित विस्तार पूर्वक से बताते हुए कहा की विद्यलाय में परीक्षाफल वितरण कक्षा अरुण से दशम तक किया गया। जिसे प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सफल भैया बहन को प्रगति पत्र सह पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में सर्वश्रेष्ट उपस्थिति का पुरस्कार भैया अमन कुमार को और विद्यालय में सर्वश्रेष्ट अंक प्राप्त करनेवाले कक्षा प्रथम के भैया धर्मेश उराँव 88.28त्न अंक प्राप्त कर प्रथम रहे। तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षात्र-क्षात्रएं का नाम कक्षा अरुण प्रथम अरविंद उराँव द्वितीय,कृष कुमार तृतीय,कक्षा उदय से सुशांत उराँव प्रथम,अनिकेत कुमार द्वितीय,मनीषा कुमारी तृतीय,कक्षा प्रथम से त्रृषभ कुमार प्रथम, धर्मेश उराँव द्वितीय,कनक कुमारी तृतीय, कक्षा द्वितीय से नैंसी कुमारी प्रथम, तेजस्विनी कुमारी द्वितीय, अनिकेत कुमार तृतीय, कक्षा तृतीय से आरोही कुमारी प्रथम, नीतिल यादव द्वितीय, प्रिंस कुमार तृतीय, कक्षा चतुर्थ से आशीष कुमार प्रथम, दीपिका कुमारी द्वितीय, अमर कुमार तृतीय, पंचम कक्षा से प्रथम अमन कुमार प्रथम,आरती कुमारी द्वितीय, आकाश कुमार तृतीय, कक्षा षष्ट से अमन प्रथम, कक्षा नवम से अंशु कुमारी प्रथम,मानसी कुमारी द्वितीय,पूजा कुमारी तृतीय,और कक्षा दशम से संध्या कुमारी प्रथम,आदित्य कुमार द्वितीय,अर्चना कुमारी तृतीय स्थान पर रहे।

## चलते चलते एक नजर

### एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में संपन्न हुआ बीटेक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीटेक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज चियांकी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इससे पूर्व सेमेस्टर प्रथम वर्ष की परीक्षा भी इसी परीक्षा केंद्र पर आयोजित की गई थी। बीटेक परीक्षा 3 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 11 अक्टूबर को समाप्त हुई। केंद्राध्यक्ष डॉ. जगदंबा सिंह ने कहा कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज लेस्लीगंज पलामू के कुल 187 छात्रों का जिसमें सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिक, इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा को सुचिता एवं कदाचार मुक्त कराने में सभी वीक्षको एवं स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा है। परीक्षा केंद्र पर आब्जर्वर के रूप में डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के सहायक प्राध्यापक महेश ने कुशल सहयोग प्रदान किया।

### लोक नायक जय प्रकाश नारायण की जयंती पर की गई परिचर्चा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्थानीय ज्योति पब्लिक स्कूल में झारखंड छात्र परिषद के द्वारा लोकवी नायक जय प्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पे परिचर्चा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम से पूर्व लोक नायक जय प्रकाश नारायण के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया।परिचर्चा में मुख्य रूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक  राजीव रंजन मिश्रा,लंकेश सिंह, उपेंद्र रजक,मदन साहू उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की। परिचर्चा को संबोधित करते हुए राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि भारत के नव निर्माण के लिए छात्रों को पुनःजागृत कर जय प्रकाश नारायण के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन के आंदोलन को लड़ने का आवाहन किया। मिश्रा ने जय प्रकाश नारायण के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचारों को आम जनता तक पहुँचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में पीयूष आनंद, राकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी,नवनीत पांडेय,सोनू पटवासाहिल कुमार, सुमित साहू  ने अपने विचार व्यक्त किये।

### मुख्यमंत्री को पुरस्कार राशि वितरण समारोह के लिए किया आमंत्रित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के डायरेक्टर सुशांत गौरव ने मुलाकात की। उन्होंने 12 अक्टूबर को मेगा स्पोर्ट्स, कॉम्प्लेक्स, होटवार में आयोजित खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) वितरण समारोह-2023 में उन्हें बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

# हमास के 2200 से ज्यादा ठिकाने तबाह, हजारों की मौत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली:** इजरायल और आतंकी संगठन हमास के बीच भीषण युद्ध जारी है. इजरायल की ओर से गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर लगातार बमबारी जारी है. इजरायल ने अब तक हमास के 2200 से ज्यादा ठिकानों को टारगेट किया है. इसके अलावा इजरायली एयरफोर्स ने हमास मिलिट्री चीफ मोहम्मद डायफ के पिता के घर को भी तबाह कर दिया. डायफ को इजरायल पर हुए हमले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है. इन हमलों में अब तक 900 लोगों की मौत हो गई. इसके अलावा इजराइल की सेना ने अपने क्षेत्र में 1500 आतंकियों को मार गिराया है.इजरायल और हमास के बीच इस युद्ध की शुरुआत हमास के हमले से हुई. हमास ने इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे थे. इसके अलावा हमास के आतंकियों ने इजरायल में घुसकर निहत्थे इजरायलियों पर बर्बरता से हमला किया था. इन हमलों में अब तक 1200 लोगों की मौत हुई है. इसी हमले के जवाब में इजरायल लगातार हमास के ठिकानों पर बमबारी कर रहा है.इजरायल की ओर से लगातार हो रही बमबारी के चलते 20 लाख की आबादी वाला गाजा इमारतों के कब्रिस्तान में बदला हुआ नजर आने लगा है. हर तरफ सिर्फ मलबा और धुआं नजर आ रहा है. इजरायली हमले में 900 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है. इनमें से 260 बच्चे और 200 महिलाएं शामिल हैं. वहीं, 4,250 लोग जख्मी हुए हैं.



### बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक का झारखंड दौरा : वित्तीय समावेशन का हुआ प्रसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय समावेशन विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को राँची के नगड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में मेगा जन सुरक्षा वित्तीय समावेशन अभियान का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान कार्यालय, मुंबई से कार्यपालक निदेशक श्री एम कार्तिकेयन स्वयं उपस्थित थे।

कार्तिकेयन ने कहा कि हम सशक्त और सुरक्षित वित्तीय सेवाओं के माध्यम से इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित हैं। इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ इंडिया ने झारखंड राज्य की वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्य के सभी 24 जिलों में वित्तीय समावेशन कैंपों का आयोजन करवाया। इसके तहत पूरे राज्य में इस एक दिवसीय कैंप के जरिये 941 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना एवं 702 लोगों को जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया। लोगों की वृद्धावस्था को सुरक्षित करने के उद्देश्य से 854 लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया। एस.एल.बी.सी झारखंड के संयोजक के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए कार्तिकेयन ने राज्य के सभी अग्रणी जिला प्रबन्धकों के साथ वी.सी के माध्यम से वार्ता की। राज्य के आर्थिक विकास पर चर्चा करने के लिए स्थानीय अधिकारियों और वित्तीय सेवा प्रदाताओं के साथ भी चर्चा की गयी। बैंक ऑफ इंडिया झारखंड राज्य के प्रमुख  मनोज कुमार ने यह आश्वासन दिया कि बैंक आगे भी अपनी सेवाओं के जरिये झारखंड राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त एवं सुरक्षित बनाती रहेगी।

### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की रांची में लगे प्रतिमा : डॉ. प्रणव कुमार बब्बू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार, भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के शुभ अवसर पर राजधानी रांची के पिथोरिया स्थित सत्कनादू ग्राम के चित्रांश सिटी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई।इस अवसर पर सबसे पहले लोकनायक की राजधानी स्थित एकमात्र प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित समस्त नागरिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में समाजसेवी अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा की झारखंड की राजधानी रांची में एक सार्वजनिक चौराहे पर लोकनायक की प्रतिमा आवश्यक रूप से लगनी चाहिए, ताकि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जिन्होंने लोकतंत्र के मूल्य को पुनर्स्थापित किया। उनसे प्रेरणा ले लोकतंत्र एवं जनहित में काम करने की सभी युवा प्रेरणा ले।अभिषेक कुमार मिंकु ने लोकनायक से प्रेरणा ले पक्के इरादे से जनहित में काम करने की बात कही।आज इस अवसर पर डॉ.प्रणव कुमार बब्बू, अभिषेक प्रसाद मिंकु, संतोष दीपक,सूरज कुमार सिन्हा, तस्सवुअर अंसारी, मो. इम्तियाज, शाहरुख खान, मुन्ना यादव, सुनील टोप्पो, सूर्य विकास मिंज, राकेश रंजन बबलू, उपेंद्र कुमार बबलू, विजय दत्त पिंटू,मनीष सिंह, अभिषेक चौबे,दिलीप कुमार सिंह,वीरेंद्र सिंह,सुकांतो मुखर्जी, विजय शुक्ला, विनय शुक्ला, मुकेश कुमार सिन्हा, रिक्की राज समेत अन्य उपस्थित रहे।

## किशुनपुर की मुखिया सुमन गुप्ता के प्रयास से अलग हुआ किशुनपुर व रजहारा का फीडर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू) :** किशुनपुर व रजहारा का अलग फीडर करवाने हेतु विद्युत् विभाग से समन्वय स्थापित कर फीडर अलग करवाने मे आ रही कठिनाइयों को दूर कर दिया गया। यह संभव किशुनपुर पंचायत की मुखिया सुमन गुप्ता के प्रयास से संभव हुआ। विदित है कि उक्त कार्य हेतु मुखिया द्वारा पूर्व मे ही ग्राम पंचायत किशुनपुर के कार्यालय के पत्रांक संख्या -57/23-24, दिनांक -29/08/2023 के तहत क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम को एक पत्र लिखा गया था। जिसमे किशुनपुर क्षेत्र के बिजली मे हो रही कटौती एवं किशुनपुर के साथ हो रहे सौतेलेपन के व्यवहार से निजात दिलाने हेतु आग्रह किया गया था। जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सांसद श्री राम ने महाप्रबंधक विद्युत् विभाग को उक्त समस्या से क्षेत्र के लोगों को निजात दिलाने हेतु व निर्वाध विद्युत आपूर्ति बहाल कराने हेतु आदेशित किया. जिसके तहत मंगलवार को किशनपुर से राजहरा फीडर को अलग करवाने हेतु कार्य को अंतरिम रूप दिया गया. इसी क्रम मे यह उल्लेखित करना है कि किशनपुर एवं रजहारा फीडर के अलग हो जाने से दोनों फीडरों का लोड बहुत ही कम हो जायेगा। वहीं आदर्श ग्राम किशुनपुर के लोगों को भी निर्वाध विद्युत् आपूर्ति हो सकेगी.



**मुखिया सुमन गुप्ता ने कहा - फीडर अलग करवाने में सांसद वीडी राम का मिला भरपूर सहयोग**

क्योंकि राजहरा फीडर अलग होने से तकरीबन 30-32 ट्रांसफार्मर का लोड किशुनपुर फीडर पर से कम हो जायेगा जिस कारण उक्त क्षेत्र मे निर्वाध विद्युत् आपूर्ति बहाल हो सकेगी.इस पुनीत कार्य हेतु मुखिया सुमन गुप्ता ने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को क्षेत्र की जनता की ओर से हार्दिक बधाई व आभार व्यक्त किया है।